THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-28 अंक : 87 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **आषाढ कृ.12 2080 गुरुवार, 15 जून 2023**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

गुजरात तट से आज टकराएगा बिपरजॉय

गुजरात-मुंबई में भारी बारिश,अब तक 50 हजार से ज्यादा लोगों को हटाया गया

तूफान से पहले कच्छ में 3.5 भूकंप के झटके

गृह मंत्री अमित शाह का तेलंगाना दौरा रद्द

पोरबंदर/द्वारका/कच्छ, 14 जून (एजेंसियां)।अरब सागर में उठे तूफान बिपरजॉय के गुजरात से टकराने में सिर्फ कुछ घंटे बाकी है। 15 जून की शाम तक यह कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराएगा। इस दौरान 150 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। इसके चलते बुधवार को गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है।

तेज हवाओं और ऊंची लहरों के चलते अब तक 9 लोगों की मौत की खबर है। आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, गुजरात सरकार ने कच्छ-सौराष्ट्र में समुद्र तट से 10 किलोमीटर की सीमा में 7 जिलों से 50 हजार से ज्यादा लोगों को निकालकर शेल्टर होम में भेज दिया है। इलाके में एनडीआरएफ की 18 टीमें तैनात हैं।

इधर, गृह मंत्री अमित शाह ने अपना तेलंगाना दौरा रद्द कर दिया है। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय ने बताया कि महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में तूफान को देखते हुए 15 जून को खम्मम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्रस्तावित रैली स्थगित कर दी गई है। मुंबई के मरीन ड्राइव पर हाई टाइड की वजह से ऊंची लहरें उठ रही हैं।

मौसम विभाग के अपडेट के मुताबिक, तूफान 8 किमी/घंटे की रफ्तार से नॉर्थ-वेस्ट में आगे बढ़ रहा है। यह गुरुवार की शाम तक गुजरात के तट पर जखौ पोर्ट से टकराएगा।

परंपरा के अनुसार सोमनाथ के द्वारकाधीश मंदिर के मुख्य शिखर पर 5 बार ध्वज बदला जाता है, लेकिन मंगलवार से यहां ध्वज नहीं फहराया गया है। इसके नीचे दो ध्वज फहराए गए हैं। दरअसल, दो ध्वज एक साथ फहराने के पीछे एक मान्यता है। कहा जाता है कि इससे आपदा टल जाती है।

अब मंदिर प्रशासन ने तय किया है कि 17 जून तक मुख्य शिखर पर नया ध्वज नहीं लगाया जाएगा। मंदिर के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई 150 फीट है। तूफान को देखते हुए 15 जून को मंदिर बंद रहेगा। मांडवी के स्वामीनारायण मंदिर में 5000 फूड पैकेट्स तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें आसपास के तूफान प्रभावित इलाकों में बांटा जाएगा।

मणिपुर में फिर हिंसा, 9 की मौत, 10 घायल

हथियारबंद लोगों ने मैतेई बहुल कांगपोकी में हमला किया

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। मणिपुर के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई। 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया। हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। मारे गए सभी लोग खामेलोक गांव के हैं। बिष्णुपुर जिले में भी हिंसा हुई। यहां कुकी समुदाय के लोग मैतेई इलाकों में बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुकी लोगों और सुरक्षा बलों के बीच फायरिंग हुई। इधर, मणिपुर की महिला गन सर्वाइवर्स नेटवर्क की फाउंडर बिनालक्ष्मी नेपराम ने दावा किया कि कांगपोकी के खामेलोक में हुई गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। सोमवार रात भी खामेलोक इलाके में गोलीबारी हुई थी, जिसमें 9 लोग घायल हुए थे। हिंसा के चलते राज्य में इंटरनेट पर बैन 15 जून तक बढ़ा दिया गया। कुछ इलाकों में कर्फ्यू में ढील भी दी गई है।

राज ठाकरे ने औरंगजेब की तस्वीर वाला केक काटा

लाउडस्पीकर वाले फोटो पर चाकू से क्रॉस बनाया; बर्थडे पर समर्थक लाए थे केक

मुंबई, 14 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर मुगल शासक औरंगजेब और लाउडस्पीकर की तस्वीर वाला केक काटा। उन्होंने केक पर औरंगजेब की गर्दन वाली जगह पर चाकू चलाया और लाउडस्पीकर को क्रॉस कर दिया।

राज के 55वें जन्मदिन पर उनके समर्थक ये केक लेकर उनके घर पहुंचे थे। महाराष्ट्र में औरंगजेब की तस्वीर को लेकर कुछ दिन पहले हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं।

इसके बाद एमएनएस के समर्थकों ने भी मुंबई में औरंगजेब का पुतला फूंका था।

राज ठाकरे औरंगजेब के खिलाफ बोलते आए हैं। वे मस्जिद से लाउडस्पीकर में अजान के खिलाफ आंदोलन भी कर चुके हैं। बता दें कि 8 जून को कोल्हापुर और अहमदनगर में कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर औरंगजेब के समर्थन में पोस्ट किया था। >14

लंदन में हैदराबादी छात्रा की चाकू मारकर हत्या

ब्राजील का एक शख्स गिरफ्तार; 6 दिन पहले उनके फ्लैट में रहने आया था

हैदराबाद, 14 जून (एजेंसियां)। लंदन में हैदराबाद की एक छात्रा की उसके फ्लैटमेट ने चाकू मारकर हत्या कर दी। 27 साल की कोंथम तेजस्विनी रेड्डी लंदन के वेम्बली में अपने दोस्तों के साथ रहती थीं। 6 दिन पहले ब्राजील का एक शख्स उनके फ्लैट में रहने के लिए आया था।

आरोप है कि उसी शख्स ने मंगलवार सुबह तेजस्विनी का मर्डर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तेजस्विनी पिछले साल मार्च में मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए लंदन गई थीं।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि तेजस्विनी की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ने तेजस्विनी के अलावा अखिला नाम की लड़की पर भी हमला किया। अखिला का इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। दोनों पर हमला करने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

तेजस्विनी ब्रिटेन की नॉटिंघम यूनिवर्सिटी से मास्टर्स कर रही थीं। वह 6 महीने पहले अपने बीमार पिता से मिलने के लिए भारत आई थीं। पेरेंट्स उनके देश लौटने के बाद उनकी शादी की प्लानिंग कर रहे थे। >14

नोएडा की हाउसिंग सोसाइटी में लुंगी-नाइटी पहनना बैन

हिम सागर अपार्टमेंट में ड्रेस कोड लागू; महिलाएं बोलीं- पुरुषों को लुंगी में देख शर्मिंदगी होती है

नोएडा, 14 जून (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के हिम सागर अपार्टमेंट की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने ड्रेस कोड लागू किया है। इस नियम के मुताबिक, सोसाइटी में लुंगी और नाइटी पहनकर घूमना मना है। >14

स्वास्थ्य क्षेत्र में तेलंगाना की गतिविधियां अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय : केसीआर

मुख्यमंत्री ने निम्स के विस्तार कार्यों का शिलान्यास किया

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने स्पष्ट कर दिया कि देश के लिए मॉडल बन चुके तेलंगाना राज्य के चिकित्सा क्षेत्र में सुधार होने तक राज्य सरकार की लगातार बेहतर सुविधा की तलाश जारी रहेगी। सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई गतिविधियां बाकी राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं और कोरोना जैसे कठिन समय में राज्य के स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों, नर्सों और वरिष्ठ अधिकारियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। हालांकि, सीएम ने सुझाव दिया कि जनसंपर्क प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए और इस विभाग द्वारा जन औषधि की दिशा में किए गए प्रयासों को व्यापक रूप से लोगों तक पहुंचाने के लिए योजना बनाई जानी चाहिए। राज्य के जन्म दशक समारोह के तहत बुधवार को आयोजित चिकित्सा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सरकारी औषधालय निम्स के विस्तार कार्यों का शिलान्यास किया। इसके तहत 2000 नए ऑक्सीजन बेड 'दासब्धि वैद्य भवन' में उपलब्ध कराए जाएंगे। आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र, सबसे उन्नत ऑपरेशन थिएटर सहित, लोगों के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस मौके पर सीएम केसीआर ने कहा कि चुने हुए क्षेत्र में ऊंचे मुकाम तक पहुंचने की इंसान की तलाश कहीं नहीं रुकती और खत्म नहीं होती। सीएम ने साफ किया कि यह लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि असाधारण तरीके से बनने वाले निम्स अस्पताल के विस्तार कार्यों का शिलान्यास भारत के चिकित्सा क्षेत्र में कई क्षेत्रों में पहले से दर्ज उल्लेखनीय विकास के संदर्भ में एक ऐतिहासिक अवसर है। जैसा कि राज्य के चिकित्सा क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति का श्रेय देने वाला कोई होना चाहिए। चिकित्सा मानव जीवन से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। जब तक इस दुनिया में मानव जीवन है, तब तक दवा चलती रहेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने कहा कि वर्ष 2014 में, चिकित्सा क्षेत्र के लिए बजट आवंटन 2,100 करोड़ था और 2023-24 में आवंटन 12,367 करोड़ रुपए है। >14

सीएम केसीआर ने शुरू किया पोषण किट वितरण

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। केसीआर न्यूट्रिशन किट के लाभार्थी- उदयनगर कॉलोनी की पार्वती, भोलानगर की परवीनम्मा, एमबीटी नगर की शिरीषम्मा, प्रताप नगर की पंजागुट्टा तेजस्विनी, श्रीराम नगर की सुजाताम्मा और अंबेडकर नगर की रेणुकम्मा को सीएम केसीआर द्वारा लाभार्थियों को न्यूट्रिशन किट दिए गए हैं।

समय से पहले हो सकता है लोकसभा चुनाव

सीएम नीतीश अधिकारियों से बोले- जल्दी काम निपटाएं, इस साल भी हो सकता है इलेक्शन

पटना, 14 जून (एजेंसियां)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने आशंका जताई है कि 2024 लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकता है। नीतीश ने बुधवार को एक अणे मार्ग में अधिकारियों से कहा कि कोई जरूरी नहीं है कि लोकसभा चुनाव तय समय पर हो, यह इस साल भी हो सकता है।

उन्होंने कहा कि चुनाव कब हो जाएगा, इसे कोई नहीं कह सकता है। इसीलिए गरीब और दलित-महादलितों की योजनाओं को तेजी से जमीन पर उतारें। नीतीश ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी काम बचा है, उसे जल्द से जल्द पूरा करा दें। मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए यह निर्देश अधिकारियों को दिए।

5,061 योजनाओं का उद्घाटन किया

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 1 अणे मार्ग के संकल्प ऑडिटोरियम से 6680.67 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ग्रामीण कार्य विभाग की 5,061 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 6,680.67 करोड़ की लागत से 5,061 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इसके लिए ग्रामीण कार्य विभाग को धन्यवाद देता हूं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का खर्च अब 50-50

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। इसके तहत 100 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती थी। अभी जो लोग केंद्र सरकार में हैं, उन्होंने वर्ष 2015 में इसे 60:40 कर दिया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के खर्च को देखा जाए तो अब वह 50-50 हो गया है। पहले 1000 की आबादी वाले क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क निर्माण कराया जाता था। बाद में इसे 500 आबादी कर दिया गया।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने अपनी तरफ से 500 से लेकर 1000 तक की आबादी वाले गांवों को जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की। बाद में 250 से अधिक की आबादी वाले गांवों को जोड़ने की योजना बनाई गई। ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के तहत 100 से 250 तक की आबादी वाले ग्रामीण टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना बनाई गई।

इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अति पिछड़ा वर्ग के रहने वाले लोग होते हैं। पहले गरीब-गुरबा अनुसूचित जाति-जनजाति, अति पिछड़े वाले इलाके में सड़कें नहीं होती थी। 2016 में हम लोगों ने सात निश्चय योजना के तहत इसे करने का फैसला लिया।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दो गुटों में बमबाजी; बांकुड़ा में बम बरामद, 8 गिरफ्तार

कोलकाता, 14 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले लगातार हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुधवार को साउथ 24 परगना जिले के कैनिन में कैंडिडेट्स के नॉमिनेशन के दौरान सत्ताधारी टीएमसी के दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर बम से हमला किया।

ब्लॉक अध्यक्ष सैबल लाहिड़ी के नेतृत्व में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने कैनिंग बस स्टैंड के पास सड़क जाम कर दिया। उनका आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के दूसरे गुट ने उन्हें तब रोका जब वे कैनिंग में बीडीओ ऑफिस में नॉमिनेशन फाइल करने जा रहे थे। वहीं दूसरा गुट टीएमसी विधायक परेश राम का करीबी माना जाता है। इधर, बांकुड़ा जिले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से बैग बरामद किया, जिसमें एक दर्जन बम भरे हुए थे। पुलिस ने कार जब्त कर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में तमिलनाडु के बिजली मंत्री गिरफ्तार

ईडी ने पहले हिरासत में लिया तो फूट-फूटकर रो पड़े, सीने में दर्द की शिकायत की

चेन्नई, 14 जून (एजेंसियां)। मनी लॉन्ड्रिंग केस में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी को बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने अरेस्ट कर लिया। जांच एजेंसी मंगलवार सुबह सात बजे बालाजी के घर पहुंची थी। यहां उनसे 24 घंटे पूछताछ हुई।

ईडी की कार्रवाई और पूछताछ के दौरान सेंथिल ने सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए चेन्नई के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां वे दर्द से रोते हुए दिखे। अस्पताल की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में सेंथिल बालाजी को सीएबीजी-बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई है।

बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। उन्हें रेड की सूचना मिली। वो तुरंत टैक्सी लेकर वापस अपने घर आ गए।

चेन्नई स्थित उनके घर पर ईटी के अधिकारियों ने लगातार 24 घंटे पूछताछ की। तमिलनाडु के कानून मंत्री एस रघुपति ने मीडिया को इसकी जानकारी दी।

छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों के साथ सेंट्रल पैरा-मिलिट्री फोर्स के जवान भी वहां मौजूद थे। पूछताछ के बाद ईडी ने मंत्री सेंथिल को हिरासत में ले लिया।

इस दौरान बालाजी ने सीने में दर्द की शिकायत की और उन्हें चेन्नई के ओमांदुरार सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान आरएएफ भी हॉस्पिटल में तैनात रही। >14

उत्तरकाशी में महापंचायत पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज

जमीयत-उलेमा-ए-हिंद प्रमुख ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में पुरोला में प्रस्तावित महापंचायत पर रोक से इनकार किया है। महापंचायत के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट या फिर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी है।उधर, उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। हम राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। किसी को भी कानून तोड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जो लोग कानून तोड़ने की कोशिश करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन से अभी तक नहीं मिली है अनुमति

पुरोला में महापंचायत को लेकर प्रशासन ने किसी भी संगठन को अनुमति नहीं दी है। परंतु, महापंचायत करवाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद व हिंदू संगठन पूरी तरह से अड़े हुए हैं। महापंचायत की तैयारियों को लेकर उत्तरकाशी हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद व हिंदू संगठनों की बैठक हुई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष व बजरंग दल के प्रदेश संयोजक अनुज वालिया ने कहा कि लव जिहाद और लैंड जिहाद कैंसर की तरह है। इसका उपचार शुरुआत में ही संभव है। उन्होंने कहा कि जो गाय गंगा हमारी मिट्टी और हमारी बहू-बेटियां का अपमान करेगा उसको बजरंग दल माफ नहीं करेंगे। हम किसके दबाव में आने वाले नहीं हैं। जिहादियों उनकी भाषा में ही जवाब दिया जाएगा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जिहादियों को संरक्षण देने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन इस प्रयास को विफल करेंगे जो हमारा संकल्प है। वह पूरा होकर रहेगा उत्तराखंड की बेटी, यहां की मिट्टी और संस्कृति की रक्षा के लिए पुरोला में महापंचायत होगी।

प्रशासन से नहीं मिली महापंचायत की अनुमति

बता दें कि प्रशासन से भी 15 जून को होने वाली महापंचायत की अनुमति नहीं मिली है। विश्व हिंदू परिषद और प्रधान संगठन की ओर से इसकी अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पुरोला में धारा 144 लागू करने की तैयारी की जा रही है।

क्या बोले सीएम धामी?

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमने लोगों से कहा है कि आप शांति व्यवस्था बनाए रखें। कोई भी कानून को अपने हाथों में ना लें। अभी तक जितनी भी घटनाएं हुई हैं, प्रशासन ने उस पर सही तरह से काम किया है। अभी तक मारपीट या लूटपाट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। अगर कोई दोषी होगा तो उसके खिलाफ कानून काम करेगा।



महमूद मदनी की अमित शाह को चिट्ठी

उधर, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद असद मदनी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को इस मामले में चिट्ठी लिखी है। मदनी ने उत्तरकाशी की घटना पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में महापंचायत को रोकने के अनुरोध किया है। मदनी ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर उत्तराखंड में कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है।

क्या है मामला?

बीती 26 मई को बिजनौर निवासी जितेंद्र सैनी और उवेस खान ने पुरोला में एक नाबालिग लड़की को भगाने का कथित प्रयास किया था। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने युवकों को पकड़ लिया था। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। घटना के बाद से पुरोला में मुस्लिम व्यापारियों की एक भी दुकान नहीं खुल पाई है। पुरोला में 30 से अधिक दुकानें पिछले 18 दिनों से बंद हैं, जबकि 14 व्यापारियों ने दुकानें खाली कर दी हैं।

जम्मू में लगातार क्यों हिल रही है धरती

आज सुबह तक आए भूकंप के चार झटके, लोगों में दहशत

डोडा/जम्मू, 14 जून (एजेंसियां)। जम्मू में बुधवार सुबह भूकंप के कुल चार झटके महसूस किए गए। लगातार भूकंप आने से नगरिकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, श्तवाड़ में बुधवार सुबह आठ बजकर 29 मिनट पर 3.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र धरती से पांच किलोमीटर की गहराई में था। एनसीएस से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले डोडा में सुबह सात बजकर 56 मिनट पर 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर की गहराई में था। मंगलवार देर रात को भी क्षेत्र में दो भूकंप आए। आंकड़ों के अनुसार, डोडा जिले में मंगलवार देर रात दो बजकर 20 मिनट पर 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र धरती से दस किलोमीटर की गहराई में था। वहीं, एक अन्य भूकंप रियासी जिले के कटरा से 74 किलोमीटर पूर्व में देर रात दो बजकर 43 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 2.8 मापी गई है। गौरतलब है कि इन चार भूकंप से पहले मंगलवार दिन में डोडा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता 5.4 थी। मंगलवार को भूकंप से पर्वतीय जिलों डोडा और किश्तवाड़ में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा था। इसमें दो छात्रों सहित पांच लोग घायल हो गए थे। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्कूल बंद कर दिए थे।

राजनाथ सिंह ने प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में कुछ लोग 'मौसमी हिंदू' होते हैं

भोपाल, 14 जून (एजेंसियां)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस में कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए 'मौसमी हिंदू' बन गए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर मध्य प्रदेश में सत्ता में आने पर 'पांच गारंटी' के वादे को जनता को 'धोखा देने' वाला बताया। राजनाथ सिंह ने 'मौसमी हिंदू' वाली टिप्पणी राजगढ़ में एक 'किसान कल्याण महाकुंभ' में उस समय की, जब बीते सोमवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने नर्मदा नदी की पूजा की थी। भाजपा नेता

राजनाथ सिंह ने कहा, कांग्रेस में कुछ लोग हैं, जिन्हें मैं 'मौसमी हिंदू' कहता हूं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्हें पहले नर्मदा जी की याद क्यों नहीं आई। अब आप नर्मदा जी को क्यों याद कर रही हैं। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि यह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान थे, जिन्होंने नर्मदा नदी को एक जीवित नदी के तौर पर फिर से निर्मल धारा प्रवाहित करवाई। उन्होंने कांग्रेस नेता कमलनाथ पर तंज कसते हुए कहा, अब वे अपनी सभाओं और कार्यक्रमों में हनुमान जी की गदा लेकर चल रहे हैं। पहले वे राम और हनुमान का नाम लेने से कतराते थे। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की जेल, 10 हजार का जुर्माना भी देना होगा

सीहोर, 14 जून (एजेंसियां)। नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आष्टा कोर्ट ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे आष्टा ने अभियुक्त हेमंत सेन (22) निवासी डोडी थाना जावर जिला सीहोर) को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं सात हजार रुपये अर्थदंड एवं धारा 366 भादवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। फरियादी ने थाना में सूचना दी कि 24 जुलाई की रात करीब 11 बजे पीड़िता और उसकी मां कमरे में सो रही थीं। 25 जुलाई को सुबह 6 बजे पीड़िता की मां ने बताया कि बच्ची कहीं नहीं दिख रही थी।

तमिलनाडु के मंत्री की हिरासत पर कपिल सिब्बल बोले

जहां सरकार नहीं गिरती वहां करते हैं खरीद-फरोख्त

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। ईडी ने तमिलनाडु के मंत्री वी। सेंथिल बालाजी को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बुधवार को हिरासत कर लिया है। उनकी हिरासत के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इसपर उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल प्रतिक्रिया दी है। कपिल सिब्बल ने कहा, प्रधानमंत्री जी डबल इंजन सरकार कहते हैं।

जिन राज्यों में विपक्ष की सरकार है उधर उनकी डबल इंजन सरकार डबल बैरल सरकार बन जाती है, जिसमें इनके ईडी, सीबीआई डबल बैरल हैं। विपक्ष की सरकारों पर वे इस डबल बैरल को चलाते हैं। जहां ईडी, सीबीआई से सरकार नहीं गिरती वहां खरीद-फरोख्त करते हैं। बालाजी तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन नीत सरकार में केंद्रीय एजेंसी की इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले पहले मंत्री हैं। सूत्रों ने बताया कि काफी देर तक पूछताछ करने के बाद बालाजी को गिरफ्तार किया गया।



डराने-धमकाने की राजनीति

मुख्यमंत्री स्टालिन ने बुधवार को मंत्री की हिरासत के बाद अपने वरिष्ठ पार्टी सहयोगियों के साथ बातचीत की। उन्होंने मंगलवार को बालाजी के खिलाफ ईडी के छापे को ''डराने-धमकाने की राजनीति'' करार दिया था। ईडी ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में करूर जिले से ताल्लुक रखने वाले द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के कद्दावर नेता बालाजी से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की थी। उच्चतम न्यायालय ने कथित 'नौकरी के बदले नकदी' घोटाले में पुलिस और ईडी को बालाजी के खिलाफ जांच की अनुमति दी थी, जिसके कुछ महीने बाद यह कार्रवाई की गई। इससे पहले, बालाजी ने बेचैनी होने की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईडी ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को चेन्नई, करूर और इरोड में बालाजी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। बालाजी पहले अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से जुड़े हुए थे। वह तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की सरकार में परिवहन मंत्री थे।

आंध्रप्रदेश: कोयला ले जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी

6 ट्रेनें रद्द, बड़ा हादसा होने से बचा

अनकापल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। आंध्रप्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे रूट प्रभावित हो गया, जिस कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोयले से लदी मालगाड़ी आज तड़के करीब 3.35 बजे तड्डी और अनकापल्ली रेलवे स्टेशन के बीच बेपटरी से उतर गई। इस कारण विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा मुख्य मार्गों पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। दक्षिण मध्य रेलवे ने अब तक इस रूट पर 6 ट्रेनों को रद्द कर दिया है और एक ट्रेन का मार्ग बदल दिया है।

इन ट्रेनों को रद्द किया गया

ट्रेन संख्या 12805 विशाखापत्तनम-लिंगमपल्ली, 22701 विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा, 22702 विजयवाड़ा-विशाखापत्तनम और 17240 विशाखापत्तनम-गुंटूर को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा गुरुवार को चलने वाली दो ट्रेनों 12806 लिंगमपल्ली-विशाखापत्तनम और 17239 गुंटूर-विशाखापत्तनम को भी रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस (20833) तीन घंटे की देरी से चली। वह विशाखापत्तनम से बुधवार सुबह 5:45 बजे निकलती है।

बिलासपुर: एक ही ट्रैक पर आ गई थीं दो ट्रेन

मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आमने-सामने आने का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें दिखा कि एक लोकल ट्रेन जिस ट्रैक पर खड़ी है, उसी ट्रैक पर दूसरी ओर से भी एक ट्रेन आ गई। घटना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन की है। एक ही रेलवे ट्रैक पर यात्री गाड़ी और मालगाड़ी आ गई थीं लेकिन काफी दूरियों के बीच ही इसे रोक दिया गया।

बालासोर हादसे में 288 लोगों की मौत

ओडिशा के बालासोर में 2 जून को बड़ा रेल हादसा हो गया था, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गई। इनमें 81 शवों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। हादसे को लेकर रेलवे ने बताया था कि ट्रेन नंबर 12481 कोरोमंडल एक्सप्रेस बहानगा बाजार स्टेशन के (शालीमार-मद्रास) मेन लाइन से गुजर रही थी, उसी वक्त अप लूप लाइन पर वो मालगाड़ी से टकरा गई। ट्रेन पूरी रफ्तार (फुल स्पीड) में थी और उसे स्टेशन पर रोकना संभव नहीं था। इसका परिणाम ये हुआ कि 21 कोच डीरेल हो गए और 3 कोच डाउन लाइन पर चले गए। इसी समय डाउन लाइन की ट्रेन 12864 यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस बहानगा बाजार स्टेशन से गुजर रही थी, जिसकी कोरोमंडल से टक्कर हो गई। इसके बाद हावड़ा एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस टक्कर में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई।

बंगाल नौकरी भर्ती मामला

सीबीआई ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को किया तलब

कोलकाता, 14 जून (एजेंसियां)। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राज्य में सरकारी नौकरियों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के संबंध में पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष जैन को पेश होने के लिए तलब किया है। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैन को शहर में एजेंसी के कार्यालय में बृहस्पतिवार को सुबह उसके अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से पूछताछ के दौरान जैन का नाम सामने आया था। चटर्जी को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। जैन को दूसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया गया है। जैन पिछले साल इस मामले में सीबीआई के समक्ष पेश हुए थे, तब उनसे पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा, '' भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में जैन को कल पूछताछ के लिए हमारे कार्यालय आने को कहा गया है। हमारे अधिकारी कुछ सवालों के साथ तैयार हैं।' उन्होंने बताया कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि जैन को भर्ती प्रक्रिया में कुछ अनियमितताओं की जानकारी थी। अधिकारी ने कहा, '' जैन से उनकी संलिप्तता के बारे में पूछताछ की जाएगी। ऐसी कई फाइल हैं जिन पर उनके हस्ताक्षर हैं। इससे साबित होता है कि उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के बारे में जानकारी थी।''

ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में की गई थी छेड़छाड़ ओडिशा ट्रेन हादसे की जांच अब इस ओर मुड़ी

बालासोर, 14 जून (एजेंसियां)। ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए भीषण हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। अब जांच एजेंसी इस बात पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही हैं कि कहीं ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम से तो कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है, जो ट्रेन की आवाजाही के लिए जिम्मेदार होता है। इसके साथ ही जांचकर्ताओं को शक है कि कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन को लूप लाइन ट्रैक पर भेज दिया गया था, जिस पर लौह अयस्क लदी एक मालगाड़ी पहले से खड़ी थी। रॉयटर्स एजेंसी को सूत्रों के हवालों से ये जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, जांचकर्ताओं को शक है कि खराब बैरियर से उत्पन्न सिग्नलिंग बाधाओं से बचने के लिए रेलवे कर्मचारियों की ओर से ट्रेन को बाईपास किया गया था। हालांकि मीडिया ने पहले ही इस चीज को लेकर बताया था कि ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में संभावित खराबी के कारण यह दुर्घटना हो सकती है।

प्रोटोकॉल को मजबूत करने के भी निर्देश जारी

वहीं दूसरी ओर हादसे के बाद रेलवे बोर्ड ने अपनी सभी सिग्नलिंग संपत्तियों को डबल लॉकिंग व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया है। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन की आवाजाही शुरू करने के लिए प्रोटोकॉल को मजबूत करने के भी निर्देश जारी किए। शनिवार (10 जून) को बोर्ड ने ट्रेन नियंत्रण तंत्र, रिले हट हाउसिंग सिग्नलिंग और दूरसंचार के साथ सभी रिले रूम के लिए डबल-लॉकिंग व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया। कहा जा रहा है कि बालासोर ट्रेन हादसे में रिले रूम तक पहुंच के चलते सिग्नलिंग व्यवस्था में चेंज हुआ था, जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन में चली गई। जिसके बाद वो वहां मौजूद मालगाड़ी से टकरा गई। अधिकारियों के मुताबिक यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं

कुदरत का करिश्मा

सतना में 62 वर्षीय बुजुर्ग बना 3 बच्चों का पिता

सतना, 14 जून (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक चौका देने वाला मामला सामने आया है। जहां जिले के उचेहरा ब्लॉक के अंतर्गत अतर्वेदिया खुर्द ग्राम निवासी गोविंद कुशवाहा (उम्र 62 वर्ष) की 30 वर्षीय पत्नी हीराबाई कुशवाहा ने मंगलवार की सुबह 3 बच्चों को जन्म दिया है। दरअसल बुजुर्ग की पत्नी हीराबाई को सोमवार रात प्रसव पीड़ा हुई और उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मातृत्व वार्ड में भर्ती कर लिया, और मंगलवार सुबह सीजर के द्वारा हीराबाई ने तीनों बच्चों को एक साथ जन्म दिया है।

बुजुर्ग बना 3 बच्चों का पिता

बुजुर्ग पिता के चेहरे पर आईं खुशियां: 3 बच्चों के जन्म लेने की बात सुनकर बुजुर्ग पति के चेहरे पर खुशियां भर आई, हालांकि तीनों बच्चों की हालत नाजुक है। जिसकी वजह से उन्हें अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है, और तीनों बच्चों का उपचार किया जा रहा है। बुजुर्ग गोविंद कुशवाहा का कहना है कि "उन्होंने दो शादियां की हैं, पहली पत्नी का नाम कस्तूरीबाई (उम्र 60 वर्ष) है। पहली पत्नी से उनको एक बेटा था, जिसकी 18 वर्ष की उम्र में एक हादसे में मौत हो गई थी।" **पहली पत्नी ने कराई पति की दूसरी शादी:** इस हादसे के बाद पहली पत्नी कस्तूरी बाई ने अपने पति की दूसरी शादी हीराबाई कुशवाहा से कराई। करीब 6 वर्षों बाद हीराबाई ने मंगलवार सुबह 3 बच्चों को जन्म दिया है। गोविंद भगवान से तीनों बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं। तीनों बच्चों की हालत नाजुकः जिला अस्पताल के प्रशासक डॉ। अमर सिंह ने बताया कि "देर रात अतर्वेदिया ग्राम की हीराबाई कुशवाहा को प्रसव पीड़ा के चलते जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था।

फिरोजपुर बॉर्डर के पास बीएसएफ ने जब्त की हेरोइन ड्रोन से गिराई गई थी खेप

फिरोजपुर, 14 जून (एजेंसियां)। एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रग तस्कर भारतीय सीमा के पार ड्रग्स की सप्लाई कर रहे हैं। पाकिस्तानी ड्रग तस्कर पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में ड्रग की खेप गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने ट्वीट कर बताया कि आज सुबह फिरोजपुर बॉर्डर पर तीन पैकेट बरामद किए गए हैं, जिनमें से मादक पदार्थ (सफेद) की खेप जब्त की गई है। कुल 2.6 किलो हेरोइन बरामद : अधिकारियों के अनुसार बुधवार को सुबह 07:30 बजे, एक विशेष गुप्त सूचना पर, बीएसएफ ने गांव मबोके, जिला फिरोजपुर के बाहरी इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन द्वारा गिराए गए एक ब्लिंकर बॉल के साथ संदिग्ध दवाओं के 3 छोटे पैकेट

बीजेपी का दावा- राहुल गांधी नचा रहे जैक डॉर्सी की कठपुतली

प्रियंका चतुर्वेदी ने दावे को खारिज किया

मुंबई, 14 जून (एजेंसियां)। बीजेपी ने ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी के केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोपों को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से भड़काया गया मामला बताया। इन दावों पर उद्धव ठाकरे गुट की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल खड़े किए हैं। शिवसेना के उद्धव गुट की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि क्या ये पीएम और सरकार की शानदार विफलता नहीं है कि राहुल गांधी बिना किसी पद के ही तारों को खींच रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से जैक डॉर्सी के सनसनीखेज दावों को खारिज कर दिया था। इसके बाद विपक्ष और सरकार के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है।

बीजेपी नेता ने शेयर किया था राहुल गांधी का कार्टून

बीजेपी नेता संबित पात्रा ने ट्विटर पर एक कार्टून पोस्ट किया था। इस कार्टून में राहुल गांधी एक कठपुतली चलाने वाले के तौर पर दिखाए गए हैं। वहीं, जैक डॉर्सी को कठपुतली के तौर पर दिखाया गया है। जिसके डोर राहुल गांधी के हाथों में दिखाई गई है। संबित पात्रा ने ये कार्टून पोस्ट करने के साथ लिखा कि अनुमान लगाने की कोई जरूरत नहीं है, हम सभी जानते हैं कि डोर कौन खींच रहा है। ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी ने किसान आंदोलन से जुड़े मामलों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ कई सनसनीखेज दावे किए।

प्रियंका चतुर्वेदी ने दिया जवाब

शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'वो सांसद नहीं हैं। वो मंत्री नहीं हैं। वो प्रधानमंत्री नहीं हैं। न विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष हैं। एक नागरिक है और इस ट्वीट के हिसाब से वो फिर भी डोर खींच रहे हैं। क्या ये पीएम और सरकार की विफलता नहीं है।'

जैक डॉर्सी ने केंद्र सरकार पर खड़े किए ये सवाल

ट्विटर के को-फाउंडर रहे जैक डॉर्सी ने एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार ने ट्विटर को उसके कर्मचारियों पर छापा मारने और ऑफिस को बंद करने की धमकी दी थी। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने कुछ लोगों के अकाउंट बंद करने का दबाव बनाया था।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

गुरुवार, 15 जून, 2023 3

सुविचार

जब हम किसी का अच्छा कर रहे होते हैं, तब हमारे लिए भी कहीं कुछ अच्छा हो रहा होता है।

रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत : राज्यपाल

राजभवन में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने रक्तदान की आवश्यकता पर अधिक जागरूकता लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि कीमती जान बचाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान के नेक काम के लिए आगे आएं।

राज्यपाल बुधवार को यहां राजभवन के सामुदायिक भवन में विश्व रक्तदाता दिवस-2023 समारोह को 'खून दो, प्लाज्मा दो, जीवन साझा करो' विषय पर संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर विशेष रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने कहा कि एक रक्तदाता द्वारा रक्तदान करने से कम से कम दो से तीन जरूरतमंद रोगियों को मदद मिलने की संभावना है। अभी भी हम आवश्यकता की तुलना में रक्त इकाइयों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। छात्रों, युवाओं और अन्य पात्र लोगों को रक्तदान के लाभों के बारे में जागरूक करने और उन्हें निराधार आशंकाओं को दूर करने में सक्षम बनाने की आवश्यकता है। मैं रक्तदाताओं को सलाम करती हूं।

आयोजन के एक भाग के रूप में, डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने कुछ रक्तदाताओं को सम्मानित किया, जिन्होंने कम से कम 50 बार रक्तदान किया और टीसीएस, एसबीआई स्टाफ कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय, और आईसीआईसीआई जैसे संस्थानों को उच्चतम संख्या में रक्त एकत्र करने में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा सर्वाधिक संख्या में 133 बार दान करने वाले योगेश श्रीवास्तव का विशेष सम्मान किया गया। योगेश श्रीवास्तव ने भी सभी से आगे बढ़कर रक्तदान करने और जीवन बचाने की अपील की।

राज्यपाल ने आईआरसीएस हनुमाकोंडा इकाई के प्रतिनिधियों डॉ. विजयचंद्र रेड्डी और ईवी श्रीनिवास को उनकी इकाई आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने पर प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। आईआरसीएस निजामाबाद के प्रतिनिधि बुसा अंजना और अन्य को भी इसके लिए पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव के. सुरेंद्र मोहन, आईआरसीएस, तेलंगाना राज्य शाखा के अध्यक्ष अजय मिश्रा और राजभवन और आईआरसीएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

वार्ड कार्यालयों के उद्घाटन के लिए व्यापक व्यवस्था करें अधिकारी : तलसानी

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने संबंधित अधिकारियों को वार्ड कार्यालयों के उद्घाटन के लिए सभी व्यवस्थाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है, जो 16 जून से ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की सीमा में काम करना शुरू कर देंगे। मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव, जिन्होंने बुधवार को यहां जीएचएमसी कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की और वार्ड कार्यालयों के शुभारंभ पर व्यवस्था की समीक्षा की, ने कहा कि उनके संबंधित क्षेत्रों में उद्घाटन कार्यक्रम के लिए मंत्रियों, विधायकों, एमएलसी, महापौर, उप महापौर और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाना चाहिए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि उस दिन सुबह 8.30 बजे तक वार्ड कार्यालयों का उद्घाटन करने का प्रयास किया जाए और कार्यालयों में टेंट, शामियाने, साउंड सिस्टम और साज-सज्जा की व्यवस्था की जाए। मंत्री ने अधिकारियों को मेहमानों के लिए नाश्ते और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया और कहा कि उद्घाटन समारोह अपने-अपने क्षेत्रों में भव्य तरीके से किया जाए। मंत्री ने कहा कि वार्ड कार्यालयों के उद्घाटन के बाद अंचल अधिकारी अपने क्षेत्रों का दौरा करें और समय-समय पर वार्ड कार्यालयों के कार्यों की समीक्षा करें। इस मौके पर जीएचएमसी की मेयर गडवाला विजया लक्ष्मी, कमिश्नर लोकेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

आरपीएफ ने 2023 में 1.64 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सिकंदराबाद डिवीजन के अधिकारियों ने इस वर्ष अब तक 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत 1.64 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। ट्रेनों के माध्यम से नशीले पदार्थों के प्रवाह को रोकने के लिए, आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन नार्कोस शुरू किया गया था, जिसे अप्रैल 2019 से एनडीपीएस अधिनियम के तहत तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी का अधिकार दिया गया है और इस अवैध व्यापार को प्रतिबंधित करने का सक्रिय प्रयास कर रहा है। इन प्रयासों के एक भाग के रूप में, आरपीएफ ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी)और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करके इस अवैध व्यापार में शामिल ड्रग पेडलर्स को लक्षित करने के लिए ट्रेनों में और देश भर में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स में अपनी जांच तेज कर दी है।

वर्ष 2022 के दौरान, आरपीएफ सिकंदराबाद ने 7.84 करोड़ रुपये मूल्य की 35 घटनाओं में नशीले पदार्थ बरामद किए और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए 41 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया। इस वर्ष अब तक, आरपीएफ सिकंदराबाद के अधिकारियों ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया और 1.64 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में मादक उत्पादों के जब्ती मूल्य में 90.69 प्रतिशत की वृद्धि के साथ है।

लिंगमपल्ली और तंदूर रेलवे स्टेशनों के बीच चेकिंग के दौरान मंगलवार की रात कोणार्क एक्सप्रेस में मारिजुआना ले जा रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। 45.6 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया।

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्वीट्टर@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइट: www.scr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध।

सेवानिवृत्त राज्य सरकारी कर्मचारियों की भर्ती हेतु सांकेतिक सूचना PUB/0633

रिक्ति सूचना सं. 02/2023

सेवानिवृत्त राज्य सरकारी कर्मचारियों के प्रति एलए/2023 संबध्द एससीआर/पी-सीओएन/रि-इंजीनियरिंग

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण/दक्षिण मध्य रेलवे/ सिकंदराबाद के तहत रेलवे परियोजनाओं को सुगम बनाने हेतु जहां भूमि अधिग्रहण शामिल है वहां, संविदा आधारित सेवानिवृत्त राज्य सरकारी कर्मचारियों(वन/राजस्व) की भर्ती

पद - परामर्शदाता (भूमि अधिग्रहण), रिक्तियों की सं. 07(पद)

यथावत रूप से भरे हुए आवेदन को लिफाफे में डालकर, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी(निर्माण), मुख्य प्रशासकीय अधिकारी का कार्यालय, निर्माण, भू तल, रेल निर्माण निलयम से संलग्न, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद-5000%1 (तेलंगाना राज्य), को प्रेषित करना चाहिए। तत्संबंधित लिफाफे के ऊपर, परामर्शदाता (भूमि अधिग्रहण) /निर्माण, पद के लिए आवेदन पत्र लिखा हुवा होना चाहिए।

शैक्षिक योग्यता/पात्रता, आयु, पारिश्रामिक, भर्ती की अवधि, आवेदन प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट: www.scr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण, सिकंदराबाद

A0903

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्वीट्टर@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइट: www.scr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध।

वाय/सी. ई-नीलामी/एचवायबी/2023-24 दि.13.06.2023 PUB/0640

हैदराबाद डिवीजन ने वाणिज्यिक आय संविदाओं तथा एनएफआय़ संविदाओं के लिए ई-नीलामी कार्यान्वित की है। तदनुसार, एचवायबी डिवीजन ने निम्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी संसाधित की है।

क्रम सं.-	श्रेणी	सूची सं. -	सूची स्थल	नीलामी की तिथि	नीलामी शु ू रू समयः	नीलामी बंद समय
1	पार्किंग	एचवायबी - पीआरके जी-022	निम्न स्थानों पर पार्किंग लाट्स देने का निर्णय क्लस्टर-1 मेडचल प्लेटफार्म नं.5, अलवाल प्लेटफार्म नं. 2 तथा मनोहराबाद प्लेटफार्म नं.1 क्लस्टर-।।-सीताफलमंडी प्लेटफार्म नं.1, डबीरपुरा प्लेटफार्म नं. 2, फलकनुमा(रिजर्वेशन साइड प्लेटफार्म नं.3) क्लस्टर-।।।-बिकनूर, सीमापल्ली, इन्दालवयी, करखेली vi-देवरकदरा रेलवे स्टेशन	21.06.2023	11.00 बजे	12.20 बजे
2	एटीएम्स	एचवायबी - एटीएम्स -011	निम्न 07 स्थानों पर एटीएम्स की व्यवस्था करने का निर्णय, जिनमें, आउट गेट रेल निलयम मेडचल रेलवे स्टेशन का सर्कुलेटिंग एरिया इन-गेट रेल निलयम कैरेज एंड वैगन वर्कशाप, लालागुडा इस्टेट एरिया तारनाका के समीप ईरीसेट काम्प्लेक्स गदवाल रेलवे स्टेशन का सर्कुलेटिंग एरिया मेडुगुडा गोल्डन चिकन सेंटर-1	23.06.2023	11.00 बजे	12.30 बजे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद

वाय/सी.79/सूची/ई-नीलामी/2023-24 दि.14.06.2023 PUB/0641

दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद डिवीजन के निम्न स्थानों हेतु ई-नीलामी के माध्यम से कैटरिंग निविदाओं के लिए आमंत्रण, से जुडी नीलामी सूची की प्रतिलिपि निम्नानुसार संलग्न है।

श्रेणी	सूची सं.	कार्य विवरण	नीलामी की तिथि	नीलामी शुरू समय-	नीलामी बंद समय
कैटरिंग	एचवाय बी-सीएटीजी-03	जोगुलंबा, देवरकदरा, डिचपल्ली, विद्यानगर, कौकुंटला, नवीपेट, मलकपेट, पूडूर, सीताफलमंडी, महबूबनगर, महबूबनगर टाउन हाल्ट तथा सिवुनगांव रेलवे स्टेशनों पर टी स्टाल ठेके पर देने का निर्णय।	29.06.2023	11.00 बजे	13.20 बजे
केटरिंग	एचवायबी - सीएटीजी-004	निम्न उमदानगर, मेडचल(02 स्टाल्स), करखेली, बोलारम(02 स्टाल्स), लालागुडा हाल्ट, मिर्जापल्ली,उमरी, फलकनुमा, धर्माबाद, मनोहराबाद तथा मलकाजगिरी रेलवे स्टेशनों पर टी स्टाल ठेके पर देने का निर्णय। एवं निजामाबाद रेलवे स्टेशन पर फ्रूट जूस स्टाल को ठेके पर देने का निर्णय।	30.06.2023	10.00 बजे	12.40 बजे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद

वाय/सी. ई-नीलामी/एचवायबी/2023-24 दि.13.06.2023 PUB/0642

हैदराबाद डिवीजन ने वाणिज्यिक आय संविदाओं तथा एनएफआय़ संविदाओं के लिए ई-नीलामी कार्यान्वित की है। तदनुसार, एचवायबी डिवीजन ने निम्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी संसाधित की है।

क्रम सं.	श्रेणी	सूची सं.	सूची के स्थल	नीलामी की तिथि	नीलामी शुरू समय	नीलामी बंद समय
1	स्टेशन परिसरों पर एडवर्टाइजिंग व्यवस्था(डिजटल)	एचवाय बी- हेल्थ कियोस्क	कामारेड्डी रेलवे स्टेशन पर हेल्थ कियोस्क का संचालन, स्थापना एवं रखरखाव ।	23.06.2023	11.00 बजे	12.20 बजे
2			कर्नूल सिटी रेलवे स्टेशन पर हेल्थ कियोस्क का संचालन, स्थापना एवं रखरखाव ।			
3			निजामाबाद रेलवे स्टेशन पर हेल्थ कियोस्क का संचालन, स्थापना एवं रखरखाव ।			
4			महबूबनगर रेलवे स्टेशन पर हेल्थ कियोस्क का संचालन, स्थापना एवं रखरखाव ।			
5			गदवाल रेलवे स्टेशन पर हेल्थ कियोस्क का संचालन, स्थापना एवं रखरखाव ।			
6			काचीगुडा रेलवे स्टेशन पर हेल्थ कियोस्क का संचालन, स्थापना एवं रखरखाव ।			

A0909 **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद**

ड्रग तस्कर कृष्णा कोकीन के साथ गिरफ्तार

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सीपी साइबराबाद के निर्देशों के अनुसार, साइबराबाद की विशेष अभियान दल (एसओटी) ड्रग तस्कर और उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान जारी रखे हुआ है। एसओटी माधापुर और राजेंद्रनगर पुलिस ने एक ड्रग तस्कर सुनकारा कृष्ण प्रसाद चौधरी को राजेंद्रनगर थाने की सीमा के तहत किस्मतपुर एक्स रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 82.75 ग्राम कोकीन ड्रग के 90 पाउच जब्त किए, 2,05,000 रुपए नकद, 1 चार पहिया वाहन, और 4 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। बरामद संपत्तियों का मूल्य करीब 78,50,000 बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुंकारा कृष्ण प्रसाद चौधरी खम्मम जिले के बोनाकल मंडल का रहने वाला है। उन्होंने अपना बी. टेक मैकेनिकल पूरा किया और बाद में महाराष्ट्र राज्य के पुणे में भारतीय वैमानिकी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान में निदेशक संचालन के रूप में काम किया। 2016 में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और फिल्म इंडस्ट्री में आ गए। उसने एक निर्माता के रूप में तेलुगु में कबाली फिल्म बनाई। वह दो तेलुगु और एक तमिल फिल्मों का वितरक भी था, लेकिन उन्हें अपेक्षित मुनाफा नहीं मिला। इस दौरान फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर हस्तियों से उनके अच्छे संबंध थे। इसके बाद वह गोवा चला गए और गोवा में ओएचएम क्लब शुरू किया। वह हैदराबाद से गोवा में अपने क्लब में आने वाले दोस्तों और मशहूर हस्तियों के साथ ड्रग्स का सेवन करता था। व्यवसाय में घाटा होने के कारण, वह अप्रैल 2023 के महीने में हैदराबाद लौट आया। हैदराबाद आते समय, उसने एक नाइजीरियन पेटिट एबुज़र उर्फ गैब्रियल से कोकीन के 100 पाउच खरीदे। विश्वसनीय सूचना पर एसओटी माधापुर की टीम ने उसे राजेंद्रनगर थाने की सीमा के तहत किस्मतपुर एक्स रोड से उस समय गिरफ्तार किया जब वह कोकीन ड्रग बेचने की कोशिश कर रहा था।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, kolloori sathyanarayana, No.15160833P, Rank hav of 217 med Regt (SP) c/o 56 Apo. R/o:H. no.9-5-122/C/3, Ramdevguda, Golkonda, hyd. changed my name from "kolloori Sathyanarayana to Kalluri Sathyanarayana"

I, SANGITA DEVI, R/o.H.No. 5-1-147, Jambagh, Hyd-500095, changed my name as SANGEETA DEVI W/o.BHAL SINGH RAJPUROHIT.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

चुनाव की तैयारी के आकलन के लिए राज्य का दौरा करेगा ईसीआई प्रतिनिधिमंडल : सीईओ विकास राज

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं डीजीपी ने जिलाधिशों व एसपी को संबोधित किया

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने राज्य की चुनाव तैयारियों पर चर्चा और आकलन करने के लिए आज पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई। बैठक का उद्देश्य तेलंगाना में विधान सभा के आगामी आम चुनाव के बारे में जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को अवगत कराना था। आगामी चुनाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सीईओ विकास राज ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा की घोषणा की। धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त और उप चुनाव आयुक्तों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल, चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, 22 जून से 24 जून तक तीन दिनों के लिए हैदराबाद में रहेगा। उनकी यात्रा का उद्देश्य आगामी चुनाव के लिए तैयारियों का मूल्यांकन करना और सुनिश्चित करना है।

अपने प्रवास के दौरान, ईसीआई प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले सीईओ तेलंगाना, विशेष पुलिस नोडल अधिकारी और सीएपीएफ नोडल अधिकारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेगा। ये चर्चाएँ चुनाव सुरक्षा संबंधी मुद्दों के बारे में अंतर्दृष्टि और रणनीतियों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेंगी। इसके बाद, ईसीआई प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टरों/एसपी और आयकर (सीबीडीटी), एनसीबी, आबकारी विभाग, राज्य जीएसटी और सीजीएसटी विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) सहित डीआरआई, आरपीएफ, सीआईएसएफ और राज्य वाणिज्यिक कर विभाग व विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करेगा। इस सहयोगी प्रयास का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए राज्य और जिला स्तर पर समन्वय को बढ़ावा देना है।

सभा को संबोधित करते हुए, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार ने सुचारू और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने में जिला पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने पर्याप्त जनशक्ति की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और अधिकारियों को आयकर और जीएसटी विभागों जैसी एजेंसियों के साथ क्रॉस-फंक्शनल प्रशिक्षण की सुविधा देते हुए सीमा चौकियों का मानचित्रण करने का निर्देश दिया। बैठक में संजय जैन, अतिरिक्त महानिदेशक और विशेष पुलिस नोडल अधिकारी (एसपीएनओ), सुश्री स्वाति लकड़ा, अतिरिक्त महानिदेशक, शाह नवाज़ खान, आईजी, और सनप्रीत सिंह, आईपीएस, सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें दूसरे एसएसआर-23 को शामिल करने, कर्मियों को प्रशिक्षण देने, जिला चुनाव प्रबंधन योजना और बंदोबस्त योजना जैसे व्यापक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

तेलंगाना को लंदन में प्रतिष्ठित ग्रीन ऐप्पल पुरस्कार मिला

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ने लंदन स्थित स्वतंत्र गैर-लाभकारी संगठन 'ग्रीन ऑर्गनाइजेशन' से शहरी और रियल एस्टेट सेक्टर श्रेणी के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय सुंदर इमारतों' में पांच 'ग्रीन एप्पल अवार्ड' हासिल करके एक और उपलब्धि हासिल की है। दि ग्रीन ऑर्गनाइजेशन द्वारा तेलंगाना की जिन इमारतों को सम्मानित किया गया है, उनमें मोजमजाही मार्केट (विरासत श्रेणी में-उत्कृष्ट बहाली और पुन: उपयोग के लिए), दुर्गम चेरुवु केबल ब्रिज (अद्वितीय डिजाइन के लिए पुल श्रेणी में) और डॉ. बी. आर. अम्बेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय भवन (सौन्दर्यपूर्ण रूप से डिज़ाइन किए गए कार्यालय/कार्यक्षेत्र भवन श्रेणी में) शामिल है। जिन शेष इमारतों को सम्मानित किया गया उनमें राज्य पुलिस के एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर (अद्वितीय कार्यालय श्रेणी में) और यादगिरिगुट्टा मंदिर (उत्कृष्ट धार्मिक संरचना श्रेणी में) शामिल हैं। पुरस्कार समारोह 16 जून को लंदन में आयोजित किया जाना है और इन पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास के विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। यह पहली बार है कि भारत की इमारतों/संरचनाओं को प्रतिष्ठित ग्रीन एप्पल पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। लंदन में 1994 में स्थापित ग्रीन ऑर्गनाइजेशन एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संगठन है जो दुनिया भर में पर्यावरणीय सर्वोत्तम अभ्यास को पहचानने, पुरस्कृत करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

तेजाब हमले के बाद अस्पताल में भर्ती महिला

एलुरु, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक दर्दनाक घटना में, एलुरु शहर के बाहरी इलाके में एक महिला पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने एसिड से हमला कर दिया। पीड़िता की पहचान यादला प्रांचिकम्मा के रूप में हुई है। घटना के समय मंगलवार को महिला अपने कार्यालय से घर जा रही थी। एलुरु के पुलिस अधीक्षक डी मैरी प्रशांति के अनुसार, अपराधियों ने प्राणिकम्मा के आवास से कुछ ही दूरी पर तेजाब फेंका। भीषण हमले के बावजूद वह भाग निकली और अपने घर में शरण ली। उसके परिवार ने उसे अस्पताल पहुंचाने में कोई समय बर्बाद नहीं किया, जहां वह वर्तमान में चिकित्सा उपचार प्राप्त कर रही है। इस समय हमले के पीछे का मकसद अज्ञात है। जांचकर्ता टीम अपराधियों की पहचान करने के लिए लगन से काम कर रही हैं। पुलिस ने घटना की गहन जांच शुरू कर दी है, सबूत इकट्ठा कर रही है।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह भाजपा में शामिल

मेरठ, 14 जून (एजेंसियां)। निकाय चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी में शुरू हुई बगावत अभी भी शांत होती दिखाई नहीं दे रही है। समाजवादी पार्टी ने 7 अप्रैल 2023 को जयवीर सिंह को पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया था। लेकिन, महज 2 महीने में ही उनका पार्टी से मोहभंग हो गया और उन्होंने अपने जिलाध्यक्ष के ओहदे की भी परवाह न करके भारतीय जनता पार्टी का दामन मंगलवार को थाम लिया। एक कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह को भाजपा जॉइन कराई। जिलाध्यक्ष के अलावा सपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र

मलिक ने भी सपा छोड़ी है। फिलहाल, सपा के जिलाध्यक्ष को बीजेपी में शामिल कराने में ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ। सोमेंद्र तोमर की अहम भूमिका मानी जा रही है। मेरठ के बीजेपी के क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने सपा के जिलाध्यक्ष का पार्टी में स्वागत करते हुए उनको अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। इस बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य मंत्री राजपाल सिंह का कहना है कि ये तो पहले भी बीजेपी में एक बार गए थे। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो जयवीर सिंह समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष थे। उसके बाद जैसे ही सरकार बदली थी, तब भी जयवीर सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे और उसके बाद फिर वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। इसके बाद 7 अप्रैल को करीब दो माह पहले ही सपा ने उन्हें पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया था।समाजवादी पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थामने वाले सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी की नीतियों और प्रदेश अध्यक्ष की नीतियों से प्रभावित होकर सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल हुआ हूं। जयवीर सिंह ने कहा कि किसी पद की लालसा नहीं है। अगर किसी पद का लालच होता तो वह पार्टी न छोड़ते। क्योंकि, पार्टी में वे जिलाध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि जो काम उन्हें पार्टी सौंपेंगी, वे उस कार्य को निभाएंगे। अपनी पुरानी पार्टी सपा के लिए कहा कि वहां सपा के विधायक हैं, जिन्होंने निकाय चुनावों में हराने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब सपा मुखिया मेरठ आए तो उनके रोड शो के रूट को डिस्टर्ब किया गया। रोड शो में भी उनके साथ कोई विधायक तक चलने के लिए तैयार नहीं था।

गौरतलब है कि जयवीर सिंह से पहले पूर्व राज्य मंत्री राजपाल सिंह जी मेरठ के समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष थे। ऐसे में उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंता का विषय है और इस पर तो मंथन की भी आवश्यकता है। निकाय चुनाव के दौरान जब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव मुस्लिम बाहुल्य इलाके में रोड शो करने आए थे। उस वक्त भी रास्ते में कुछ पोस्टर लगाए गए थे, जिन पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह के बारे में उन्हें संघ से जुड़ा नेता बताया गया था। हालांकि, वह बात वहीं आई गई हो गई थी, उस पर कोई चर्चा भी तब नहीं हुई थी।

अयोध्या में पहली रैली को संबोधित कर 2024 का शंखनाद करेंगे सीएम योगी, कई अहम प्रोजेक्ट्स की करेंगे समीक्षा

अयोध्या, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को अयोध्या में पहली रैली को संबोधित करेंगे। वह शहर में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

गुरुवार को अयोध्या में होगी बड़ी रैली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को अयोध्या में अपनी पहली रैली को संबोधित करेंगे। सीएम बुधवार को अयोध्या पहुंचकर वहां चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

दो दिवसीय दौरे पर आज अयोध्या पहुंचेंगे योगी

योगी अयोध्या में ही रात्रि विश्राम करेंगे। गुरुवार को योगी सुबह करीब 10।30 बजे भरतकुंड में एक रैली को संबोधित करेंगे। इससे पहले सीएम 19 जून को रैली को संबोधित करने वाले थे। अयोध्या में वर्तमान में चल रही सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं के कारण शहर का बड़ा हिस्सा प्रभावित है।

तीन प्रमुख मार्गों को पूरा करने पर फोकस

राज्य सरकार ने अयोध्या में तीनों मार्गों को पूरा करने के लिए दिसंबर 2023 की समय सीमा तय की है। सरकार ने परियोजना के लिए अपने वित्त बिल 23-24 में 1,000 करोड़ आवंटित किए हैं।

इस साल के अंत तक पूरा होंगे तीनों मार्ग

सरकारी सूत्रों के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट भी चाहता है कि राज्य सरकार तीनों मार्गों को इस साल के अंत तक पूरा कर लेना चाहती है। इन मार्गों में राम पथ-सहादतगंज से नया घाट तक 13 किमी सड़क, राम जन्मभूमि पथ- सुग्रीव किला से राम मंदिर तक 2 किमी और भक्ति पथ- श्रृंगार हाट से श्रीराम जन्मभूमि तक 850 मीटर सड़क शामिल है।

अगले साल होने हैं लोकसभा चुनाव

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं और चुनाव के लिहाज से अयोध्या में चल रहे कई प्रोजेक्ट्स पर सरकार की नजर है। सरकार की कोशिश है कि जितने भी अहम प्रोजेक्ट हैं उन्हें तय डेडलाइन के भीतर जनवरी 2024 से पहले हर हाल में निपटाया जाए।

आवारा कुत्तों ने बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला, घर के बाहर खेलते समय किया हमला

आगरा, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कुत्ते हिंसक हो चुके हैं और बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। यहां डौकी थाना क्षेत्र के गांव कुई कुमारगढ़ में आवारा कुत्तों ने एक बच्ची की जान ले ली। यह घटना उस समय हुई, जब बच्ची अपनी बहन के साथ घर के बाहर खेल रही थी, तभी उस पर कुत्तों ने हमला किया। जब लोगों ने शोर सुना तो दौड़े और कुत्तों को भगाया। जानकारी के अनुसार, पांच साल की बच्ची अपनी छोटी बहन के साथ घर के बाहर खेल रही थी, तभी गांव में आवारा कुत्तों के झुंड ने दोनों बच्चियों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने दोनों बच्चियों को घेरकर बुरी तरह नोंच डाला। बच्चियों की चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े और कुत्तों के झुंड को हटाया। इसके बाद ग्रामीण तुरंत दोनों बच्चियों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे,

सपा सांसद बर्क ने मदरसों और दरगाह में योग दिवस का किया बायकाट

बोले- 'मनाया जाए तालीम दिवस

संभल, 14 जून (एजेंसियां)। हर साल की तरह इस बार भी 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। लेकिन इससे पहले ही भारत में इसपर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ। शफीकुर्रहमान बर्क ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए योगी सरकार के मदरसों और दरगाह में योग दिवस का बायकाट किया है। सपा सांसद ने अपने ताजा बयान में कहा, मदरसों और दरगाह में योग दिवस की क्या आवश्यकता है? मदरसों में योग दिवस की जगह तालीम दिवस मनाना चाहिए। योगी सरकार के मदरसों और दरगाहों में 21 जून को योग दिवस के फैसले पर सांसद बर्क ने कहा, मदरसों में योग दिवस की बजाए तालीम दिवस मनाना चाहिए, जिससे मदरसों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एहसास दिलाया जाए कि तुम कम पड़ रहे हो या क्या पढ़ रहे हो।

योगी सरकार के फैसलों पर दावा

सांसद बर्क ने कहा, तालीम दिवस मनाने से छात्र और छात्राओं के इल्म में इजाफा होगा। सरकार चाहती है कि मदरसों में हरासमेंट पैदा हो, मदरसे न चले और मुसलमान बच्चे मजहबी तालीम हासिल न करें।

'हिन्दू श्रृंगवेरपुर में पूजा नहीं करेंगे तो क्या काबा जाएंगे', मस्जिद विवाद पर बोले संजय निषाद

प्रयागराज, 14 जून (एजेंसियां)। संगम नगरी प्रयागराज के तीर्थ स्थल श्रृंगवेरपुर में निषाद राज के किले में मस्जिद का विवाद अब एक बार फिर से तूल पकड़ने लगा है। इस बारे में निषाद पार्टी के अध्यक्ष और योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने फिर से नाराजगी जताते हुए मस्जिद को हटाए जाने की बात कही है। संजय निषाद ने निषाद राज के किले में मस्जिद निर्माण को लेकर सीधे तौर पर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि अपने राज में कांग्रेस पार्टी ने ही यहां पर मस्जिद बनवाई थी। उनके मुताबिक श्रृंगवेरपुर भगवान राम के बाल सखा निषादराज की कर्मभूमि है। निषादराज को निषाद समुदाय के करोड़ों लोग अपने आदर्श की तरह पूजते हैं। ऐसे में निषाद राज के किले में सिर्फ निषादराज और भगवान राम की पूजा अर्चना ही होनी चाहिए। दूसरे धर्मों के लोगों को वहां इबादत नहीं करनी चाहिए। वहां मस्जिद का निर्माण गलत तरीके से हुआ है। अब वक्त आ गया है, जब भगवान राम और निषाद राज के गले मिलते हुए मूर्ति के अनावरण से पहले इस मस्जिद को यहां से हटा दिया जाए। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा है कि अगर हिंदू समाज के लोग श्रृंगवेरपुर में भी बिना किसी

रोक-टोक या विवाद के पूजा-अर्चना नहीं कर सकेंगे, तो क्या इसके लिए उन्हें काबा जाना पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद इससे पहले भी कई बार इस बारे में बयानबाजी कर चुके हैं। वह तो यहां तक कह चुके हैं कि अगर निषाद राज के किले से मस्जिद को नहीं हटाया गया तो उनके लोग खुद ही उसे हटाने का काम करेंगे। गौरतलब है कि प्रयागराज शहर से तकरीबन 40 किलोमीटर दूर श्रृंगवेरपुर में गंगा किनारे निषाद राज का किला है। श्रृंगवेरपुर में ही भगवान राम और निषादराज की मुलाकात हुई थी। यहीं से भगवान राम के वनवासी जीवन की शुरुआत हुई थी। केवट ने यहीं से भगवान राम को गंगा पार कराई थी। निषाद राज के इस किले की आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया सर्वेक्षण भी कर चुका है। संजय निषाद के बयान के बाद यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

पश्चिमी यूपी में जयंत चौधरी के इस प्लान से बढ़ जाएंगी बीजेपी की मुश्किलें, 2024 के लिए बनाई खास रणनीति

लखनऊ, 14 जून (एजेंसियां)। आरएलडी मुखिया जयंत चौधरी समरसता अभियान के सहारे पश्चिमी यूपी में अपनी जड़ें 2024 से पहले मजबूत करना चाहते हैं। 1500 गांवों का संकल्प लेकर निकले जयंत को लगता है कि ये अभियान उन्हें खोई जमीन फिर से हासिल करा सकता है। अकेले दम पर जयंत चौधरी पश्चिम के हर गांव तक पहुंचना चाह रहे हैं। बिना अखिलेश के इस मिशन पर निकले जयंत समरसता के सहारे दूर का निशाना लगा रहे हैं। हालांकि इसे लेकर अब बीजेपी कई तरह के सवाल खड़े कर रही हैं। पश्चिमी यूपी में अपनी सियासी डगर को आसान बनाने के लिए आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने जिस समरसता अभियान की जो शुरुआत की, वो अब तक 140 गांवो का सफर पूरा कर चुकी है। गांव की गलियों और चौपालों से मिशन 2024 में जीत की बड़ी संभावना तलाश रहे जयंत चौधरी पश्चिमी यूपी में बड़े बदलाव की उम्मीद लेकर चल रहे हैं। अपने गठबंधन के सारथी सपा मुखिया अखिलेश यादव के बिना जयंत चौधरी अपने दमखम पर पश्चिमी यूपी की सियासी हवा बदलना चाहते हैं।

खगड़िया में एक ही परिवार के 5 सदस्यों का शव बरामद, इलाके में मचा हड़कंप

खगड़िया, 14 जून (एजेंसियां)। बिहार के खगड़िया जिले से दिल को दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र के एकनिया गांव में एक ही परिवार के 5 लोगों के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि मानसी थाना इलाके के एकनिया गांव निवासी मुन्ना यादव ने अपनी तीन बेटियों और पत्नी की किसी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है और फिर खुद गले में फंदा लगाकर एक पेड़ से लटक गया। यह घटना बुधवार के मध्य रात की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान मुन्ना यादव, उसकी पत्नी पूजा यादव, सुमन कुमारी, अंचल कुमारी और रोशनी कुमारी के रूप में हुई है।

बीती रात पत्नी से हुआ था झगड़ा

बताते चलें कि मुन्ना यादव की तीन बेटियां और दो बेटे हैं। मुन्ना यादव के बेटे अंकित कुमार ने जब अपने पिता का रोद्र रूप देखा तो चुपके से छत से कूदकर अपनी और अपने भाई की जान बचा ली। अंकित की बात मानें तो उसका पिता रात करीब 12 बजे के बाद घर आया था और किसी बात को लेकर उसकी मां से लड़ाई होने लगी। ये सभी लोग घर की छत पर सोये हुए थे, किस बात पर लड़ाई हुई यह बात उसके समझ में नहीं आई। अंकित और उसके भाई ने बताया कि झगड़े के बाद उसके पिता धारधर हथियार से उसकी बहन की हत्या करने लगे जैसे ही बड़ी बहन की हत्या की दोनों भाइयों ने चुपके से छत से कूदकर गांव में ही छुपकर अपनी जान बचाई। सभी की हत्या करने के बाद मुन्ना यादव खुद भी गले में फंदा डाल कर लटक गया।

क्या कहती है खगड़िया पुलिस?

खगड़िया पुलिस कप्तान अमृतेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। बुधवार तड़के जैसे ही उन्हें सूचना मिली तो तुरंत सदर एसडीपीओ सुमित कुमार को उन्होंने घटनास्थल पर भेज दिया। एसपी अमृतेश कुमार ने कहा कि अभी घटना के संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। घटना की बारीकी से जांच की जा रही है और भागलपुर से फोरेंसिक टीम बुलाई जा रही है। हर तरफ से जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है, मगर उन्होंने कहा कि करीब एक डेढ़ साल पूर्व मुन्ना यादव एक हत्या के मामले में आरोपी था और वो उसी समय से फरार चल रहा था, कभी- कभी वो अपने घर आता जाता था जैसे कि ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला है। फिलहाल पुलिस फोनसिंक टीम का आने का इंतज़ार कर रही है और ग्रामीणों सहित दोनों बेटों से पूछताछ कर रही हैं। हत्या क्यों हुई इस पर अब संदेह बना हुआ है।

संतोष मांझी के इस्तीफे पर पप्पू यादव बोले, 'छोटी मछली को निगलना चाहती है बड़ी मछली

सुपौल, 14 जून (एजेंसियां)। जीतन राम मांझी के बेटे संतोष मांझी के इस्तीफे से सियासी हलचल तेज गई है। इस मामले में जाप सुप्रीमो पप्पू यादव का बयान सामने आया है। सुपौल के छातापुर पहुंचे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने संतोष मांझी के इस्तीफे पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि बड़ी मछली, छोटी मछली को निगलना चाहती है। उन्होंने कहा कि संतोष मांझी ने अपनी पार्टी की साख को बचाने के लिए ऐसा कदम उठाया, खासकर चुनाव के समय में छोटी पार्टी इस तरह की 'सौदेबाजी' करती है। चुनाव में महज 9 महीने बाकी हैं। अब इधर से उधर जाने का खेल चलता रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संतोष मांझी के इस्तीफे में बीजेपी का हाथ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी पैसे का खेल खेलती है।

पप्पू यादव ने बताया कैसे मजबूत होगा महागठबंधन?

पप्पू यादव ने कहा कि छोटे-छोटे दलों की विचारधारा का सम्मान करने से महागठबंधन भी मजबूत होगा। मैं भी

चाहता हूं कि जो विपक्ष की एकता है वो मजबूत हो। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और लालू यादव को चाहिए कि वो सबका भरोसा जीतें, सबको साथ लेकर चलें, देश की डेमोक्रेसी को बचाने का प्रयास करना चाहिए, हमें झुककर भी सबको साथ लेकर चलना चाहिए। सब कुछ के पीछे कारण होता है उनकी भी कुछ डिमांड होगी, दो सीट, तीन सीट की मांग होगी। पप्पू यादव ने कहा कि विपक्ष की एकता को मजबूत करने के लिए इन सब चीजों पर ध्यान देना चाहिए।

पप्पू यादव ने जीतन राम मांझी को दी नसीहत

पप्पू यादव ने जीतन राम मांझी को भी नसीहत देते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने जो उनको सम्मान दिया वो नहीं भूलना चाहिए, जिस तरह से उनका सम्मान नीतीश कुमार के मन में पहले था उसी तरह का सम्मान आगे भी बना रहे नीतीश कुमार को इसका ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने जीतन राम मांझी से अपील करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने आपको सीएम बनाया था और नीतीश कुमार के मन में आपके लिए सम्मान रहा है, इसलिए मैं उम्मीद करता हूं नीतीश कुमार के साथ रहने का जो संकल्प जीतन राम मांझी का था वो आगे भी रहे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जीतन मांझी का सम्मान रखा है मुझे लगता है आगे भी रखेंगे। बता दें कि सुपौल के छातापुर में पिछले दिनों एक युवक की हत्या हो गई थी। मंगलवार को देर शाम पप्पू यादव शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे थे, जहां परिवार से मिलकर हत्याकांड की निंदा की साथ ही उन्होंने कहा कि मैं प्रशासन से मांग करूंगा कि जो भी आरोपी हैं उनकी जल्द गिरफ्तारी हो पीड़ित परिवार को सुरक्षा मिले।

हरदोई में पिता ने खोया आपा, 10 साल के बेटे को नंगा कर बांधे हाथ पैर, फिर रेलवे ट्रैक पर बिठाया

हरदोई, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यक्ति ने सजा के तौर पर अपने 10 साल के बेटे को रेलवे ट्रैक पर बैठने के लिए मजबूर किया। घटना के वायरल वीडियो में लड़का नग्न दिखाई दे रहा है। उसके हाथ और पैर सफेद प्लास्टिक के तार से बंधे हुए हैं। एक महिला इस पर एतराज जताती सुनी जा सकती है। ट्रेन को आते देख लोग लड़के को रेलवे ट्रैक से उठाते हैं। जीआरपी पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुटी है। घटना हरदोई रेलवे स्टेशन के पास सीतापुर ओवरब्रिज के नीचे की बताई जा रही है। ओवर ब्रिज के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने इस मासूम बच्चे के हाथ पैर प्लास्टिक की रस्सी से बांधकर रेल ट्रैक के बीच बैठाया था। बताया जा रहा है कि लड़का रविवार सुबह घर से निकला था और देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसे खोजना शुरू किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। रात करीब 11 बजे बच्चा अपने आप घर पहुंचा था। इसके बाद गुस्साए पिता उसे रेलवे ट्रैक पर ले गया, वहां बच्चे के कपड़े उतरवाए और फिर उसे प्लास्टिक की रस्सी से बांधकर रेलवे ट्रैक पर बैठा दिया। इस पूरी घटना के दौरान वहां पर काफी लोग जमा हो गए और कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया। वीडियो में सुना जा सकता है एक लड़की जो बच्चे की बहन है, वहां आती है और वह अपने पिता को समझाने की कोशिश करते हुए कहती है कि अभी कोई हादसा हो जाए तो। इसके बाद उसका पिता कहता है कि हम तो यहां बैठे हुए हैं,

यूपी में पड़ रही भीषण गर्मी, प्रदेश में कब आएगा मॉनसून

लखनऊ, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी अपने तेवर लगातार दिखा रही है। गर्मी ने यूपी के सभी जिलों में हाहाकार मचा रखा है। यूपी में इन दिनों पारा 40 डिग्री के पार चला गया है। दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, लोग शाम होने का इंतजार करते हैं। गर्मी की तपिश के कारण लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है। अब लोग यही जानना चाह रहे है कि मानसून कब आएगा। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 14 जून दिन बुधवार से यूपी के कई जिलों में मौसम में बदलाव होने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार यूपी में कल मानसून दस्तक दे रहा है। जिसके चलते यूपी के प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, आगरा, उन्नाव, अलीगढ़, आजमगढ़, गोरखपुर, लखनऊ और झांसी में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार जिन जिलों में बारिश नहीं होगी वहां मौसम ठंडा रहेगा। इन जिलों में 40 के रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। उधर, बिपरजॉय साइक्लोन के भी गंभीर स्थिति में बदलने की वजह से भी कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। हालांकि बिपरजॉय साइक्लोन का असर यूपी में देखने को नहीं मिलेगा। मौसम विभाग ने यूपी में मॉनसून के पहुंचने की संभावित तारीख भी बताई है। मौसम विभाग ने आठ जून को जानकारी दी थी कि केरल में मॉनसून की दस्तक हो गई है। अब यह मॉनसून अन्य राज्यों की ओर बढ़ रहा है। यूपी में मॉनसून का बेसब्री से इंतजार है। मॉनसून की पहली बारिश कल होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि पूरे उत्तर प्रदेश में मॉनसून 17 से 20 जून तक सक्रिय हो जाएगा। प्रदेश के कई जिलों में पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया है। तेज धूप व लू से बचने के लिए लोग गमछे सहित ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं।

चलती बस में युवक को आया हार्ट अटैक, कुछ ही सेकंड में निकल गई जान; नोएडा से मध्य प्रदेश जा रहा था

नोएडा, 14 जून (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा में रात प्राइवेट बस में युवक को हार्ट अटैक आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ये बस मध्य प्रदेश जा रही थी। युवक की जब हालत बिगड़ी तो लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की और पुलिस को सूचना देकर पास के अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक युवक ने दम तोड़ दिया था। बीटा 2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर एक प्राइवेट बस नोएडा से मध्य प्रदेश जा रही थी। उस बस में काफी लोग सवार थे। इसी बस में मध्य प्रदेश के जिला दमोह का रहने वाला 32 वर्षीय मनीष भी बैठा था।

रास्ते में सीने में दर्द होने से हालत बिगड़ी

जानकारी के मुताबिक, ये बस जैसे ही यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट पर पहुंची, अचानक से मनीष चिल्लाने लगा और उसे बहुत तेजी से दर्द होने लगा। इसके बाद आसपास मौजूद लोग उसकी मदद करने में जुट गए। ड्राइवर ने बस को साइड में लगा दिया। इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस सर्विस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची और एंबुलेंस ने युवक को पास के ही यथार्थ अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पत्नी के मायके जाने पर महिला मित्र के साथ रह रहा था पति, पकड़े जाने पर जमकर हुई पिटाई

बहराइच, 14 जून (एजेंसियां)। कोतवाली देहात क्षेत्र में एक पति को पत्नी की गैरमौजूदगी में महिला मित्र को घर में रखना महंगा पड़ गया। पत्नी की गैरमौजूदगी में किसी महिला के साथ पति के घर में मौजूद होने की सूचना पर पत्नी अपने भाइयों के साथ मायके से ससुराल आ गई। पत्नी के समय से पूर्व घर पहुंचने पर पति के होश उड़ गए। फिर क्या था। जमकर हंगामा हुआ और लात घूसों की बौछार हो गई। पति की महिला मित्र ने कमरा बंद कर अपने को सुरक्षित किया। लेकिन, पति को पत्नी के मायके वाले ने जमकर पीटा। घंटों हाईवोल्टेज ड्रॉमा चलता रहा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को लेकर थाने चली गई। वहां पति को मायूस और भावुक देख पत्नी का मन पिघल गया और उसने इस शर्त के साथ सुलह कर ली कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं करेंगे। पति धर्म का पालन करते हुए पत्नी के साथ रहेंगे। महिला मित्र से कोई संबंध नहीं रखेंगे।

गंगा में नहाते समय आरएएफ सिपाही समेत चार लोग डूबे, तीन के शव बरामद

प्रयागराज, 14 जून (एजेंसियां)। फाफामऊ गंगा घाट पर बुधवार को स्नान करते समय आरएएफ सिपाही और उनके बेटे-बेटी समेत चार लोग गंगा में समा गए। घंटे मशक्कत के बाद गोताखोरों ने फौजी समेत उसके बेटे और बेटी का शव बरामद कर लिया, जबकि एक की खोजबीन जारी रही। चार लोगों के डूबने की घटना के बाद घाट पर अफरातफरी मची रही।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थलका जायजा लिया। बिहार में लखीसराय के मूल निवासी आरएएफ 101 बटालियन में तैनात सिपाही उमेश यादव शांतिपुरम फाफामऊ में मकान बनवाकर रहते हैं। बुधवार को वह अपने बेटे विवेक राज (11), पुत्री दीपशिखा (8) और पड़ोस के अभिनव सिंह (8) पुत्र अभय सिंह के साथ फाफामऊ गंगा घाट पर स्नान करने के लिए गए थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने से चारों लोग डूबने लगे। जब तक लोग समझ पाते वह पानी में लापता हो गए।

कूनो चीता के यूपी की ओर बढ़ने पर अलर्ट जारी

लखनऊ, 14 जून (एजेंसियां)। कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) से छोड़े गए चीतों के उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ते देखे जाने के बाद यूपी वन विभाग ने ललितपुर में अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि चीता संचालन समिति उपग्रह ट्रैकिंग के माध्यम से चीतों की निगरानी कर रही है। केएनपी की ललितपुर के साथ सीमा लगती है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों और प्रधानों को क्षेत्र में चीतों के पहुंचने की संभावना के बारे में सूचित किया है। वन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, उन्हें किसी बाहरी व्यक्ति की उपस्थिति की सूचना देने के लिए भी कहा गया है, ताकि अवैध शिकार की किसी भी संभावना को रोका जा सके।

देश का तीसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर कॉर्वेट

अंजदीप' की हुई लॉन्चिंग भारतीय नौसेना की बढ़ाएगी ताकत

चेन्नई, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना के एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के आठ जहाजों में से तीसरे जहाज 'अंजदीप' को लॉन्च कर दिया गया है। इसका निर्माण कोलकाता की कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने किया है। वहीं, अंजदीप की लॉन्चिंग तमिलनाडु के कट्टुपल्ली बंदरगाह के लार्सेन एंड टुब्रो में शिपयार्ड में किया गया है। अप्रैल 2019 में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और रक्षा मंत्रालय के बीच जहाज निर्माण के लिए एक कॉन्ट्रैक्ट साइन हुआ था, जिसके तहत यह उन आठ जहाजों में से तीसरा जहाज है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया है कि जहाज का नाम कर्नाटक के कारवार बंदरगाह पर स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। यह इसके सामरिक समुद्री महत्व को दर्शाता है।

किस लिए हुआ अंजदीप का निर्माण?

अर्नाला श्रेणी के जहाज भारतीय नौसेना के सेवारत अभय वर्ग एएसडब्ल्यू कॉर्वेट्स की जगह लेंगे। जीआरएसई द्वारा निर्मित जहाजों का 'अर्नाला' श्रेणी के जहाज नौसेना के एंटी-सबमरीन वारफेयर कॉर्वेट के वर्तमान 'अभय' श्रेणी की जगह लेंगे। इस जहाज को तटीय जल में पनडुब्बी-रोधी संचालन, कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, दूसरों के बीच उपसतह निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है।

अंजदीप की क्या है खासियत?

नौसेना के जहाजों का 80 प्रतिशत स्वदेशीकरण होगा। लगभग 77 मीटर लंबे प्रत्येक जहाज में 25 समुद्री मील की अधिकतम गति और 1,800 समुद्री मील की सहनशीलता के साथ 900 टन का विस्थापन होगा। वाइस एडमिरल और सामरिक बल कमान के कमांडर इन चीफ आर बी पंडित आज लॉन्च समारोह में उपस्थित थे। रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार, चार जहाजों का निर्माण जीआरएसई, कोलकाता द्वारा किया गया है, जबकि शेष चार जहाजों को लार्सन एंड टुब्रो, शिपबिल्डिंग, कट्टुपल्ली को सौंपा गया है।

जेठ करता था दुष्कर्म, पति से शिकायत पर मिला जवाब-घर में रहना है तो दोनों के साथ

फिरोजपुर (पंजाब), 14 जून (एजेंसियां)। फिरोजपुर से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। एक विवाहिता के साथ उसके जेठ ने दुष्कर्म किया। आहत विवाहिता ने अपने पति और सास को इस बारे में शिकायत दी। इसके बाद पति ने जो जवाब दिया उसे सुनकर महिला दंग रह गई। अब पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस ने पीड़िता के पति और जेठ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामला फिरोजपुर के गुरुहरसहाय के एक गांव का है। केस दर्ज होने के बाद से दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस को दिए बयान में फिरोजपुर की एक पीड़िता ने कहा कि उसका जेठ उसके साथ दुष्कर्म करता है। जब उसने अपने पति और सास को इस बारे में बताया तो पति ने कहा कि यदि तुझे घर पर रहना है तो हम दोनों के साथ ही संबंध बनाने पड़ेंगे।

बीजेपी का चुनावी शंखनाद

27 जून को भोपाल आएंगे पीएम मोदी, भोपाल-जबलपुर वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी

भोपाल, 14 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पांच माह का समय बचा है। इससे पहले भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों के दौरे शुरू हो गए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को भोपाल आ रहे हैं। वह जबलपुर-इंदौर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं, भाजपा के देश भर के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का डिजिटल रैली के लिए चयनित ढाई हजार लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं इसका सीधा प्रसारण देश के दस लाख बूथों पर होगा। वीडी शर्मा ने कहा कि हमारे 64 हजार 100 बूथों पर हर कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष से बूथ समिति और लेकर पन्ना प्रमुख से लेकर पन्ना समिति, जो हमारा बूथ का नेटवर्क है उन सबको संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 38 लाख कार्यकर्ता मध्य प्रदेश के डिजिटल एनरोल्ड है, जो उस रैली में शामिल होंगे। वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल से जबलपुर-इंदौर वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री धार जाएंगे। यहां सिकल सेल एनीमिया को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। धार से भोपाल आएंगे। यहां पर भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा रोड शो कर सकती है। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यकर्ता को संबोधित करेंगे। बता दें भाजपा ने अपना चुनावी शंखनाथ कर दिया है। इस बीच 22 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बालाघाट और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 30 जून को खरगोन के दौरे पर आएंगे।

ये एरिया मेरा है, कहीं भी बैठ सकता हूं

कहकर रेलवे ट्रैक पर बैठ गया युवक, तभी आ गई ट्रेन

कल्याण, 14 जून (एजेंसियां)। चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने और रेलवे ट्रैक पार करने के चक्कर में अकसर लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मुंबई से सटे कल्याण रेलवे स्टेशन पर तो एक युवक जानबूझकर ही रेलवे ट्रैक पर बैठ गया। ये तो अच्छा हुआ कि ट्रेन ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। कल्याण रेलवे स्टेशन पर कल हुए बवाल को लेकर एक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ हो रहा है।

शराब के नशे में था युवक

इस वीडियो में प्लेटफॉर्म नंबर 1 रेलवे ट्रैक पर एक युवक रेलवे ट्रैक पर बैठा हुआ नजर आ रहा है। 'ये एरिया मेरा है, मैं यह रहता हूं, कहीं भी बैठ सकता हूं' कहकर युवक सीधे रेलवे ट्रैक पर बैठ गया। इसी बीच ट्रैक पर कल्याण से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जा रही ट्रेन आ गई। ल

किन ट्रेन के ड्राइवर द्वारा समय पर ब्रेक लगाने से एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन का मोटरमैन सतर्क होने के कारण ट्रेन रोक कर युवक की जान बचा ली। युवक को रेलवे ट्रैक से बाहर निकाल कर ट्रेन मुंबई की ओर रवाना हो गई। यात्रियों ने बताया है कि युवक शराब के नशे में रेलवे ट्रैक पर बैठा था। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इससे पहले बीते हफ्ते ऐसी ही एक घटना झारखंड के बोकारो में हुई थी।

पंजाब में दिखा दिल्ली जैसा सियासी नजारा

मान वीएस पुरोहित के बीच लेटर वॉर ने मचाई सियासी खलबली

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एलजी विनय कुमार सक्सेना के बीच जैसे अक्सर विवाद की खबरें आती रही है। ठीक वैसे ही अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के बीच खींचतान देखने को मिल रही है। पंजाब के गवर्नर और मुख्यमंत्री के बीच विवाद अब 'लेटर वॉर' में बदल गया है। राज्यपाल ने अपने कई पत्रों का सीएम मान से जवाब ना मिलने पर सवैधानिक कर्तव्य पूरा ना करने पर एक और पत्र लिखा है।

इस पत्र में क्या लिखा राज्यपाल ने?

राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित की तरफ से सीएम मान को पत्र लिखते हुए कहा गया है कि आपको बताना आवश्यक होगा कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों सवैधानिक पदाधिकारी होते है। दोनों के ही संविधान में भूमिका और दायित्व तय किए गए है। पंजाब को भी अनुच्छेद 167बी के तहत राज्य के मुख्यमंत्री से प्रशासनिक मामलों वैधानिक प्रस्तावों से संबंधित मामलों पर मुख्यमंत्री से जानकारी मांगने का हक है। ऐसे में जब राज्यपाल के द्वारा मुख्यमंत्री से कोई जानकारी मांगी जाए तो वो इसके लिए बाध्य होते है। जबकि मुख्यमंत्री का लहजा, तेवर और उनके द्वारा पत्र लिखा जाना उचित नहीं है। यहीं नहीं राज्यपाल के द्वारा मांगी गई जानकारी ना देना भी संवैधानिक कर्तव्य का अपमान है। जबकि जानकारी दिया जाना 167बी के तहत मुख्यमंत्री का दायित्व है।

राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच रार बढ़ती जा रही है। राज्यपाल द्वारा कहा गया है कि उनकी तरफ से करीब 10 पत्र लिखे जा चुके है। लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। जो कि सीधे तौर पर सांविधानिक कर्तव्यों की अवहेलना है। आपको बता दें कि सीएम मान ने सोमवार को एक ट्वीट कर दावा किया कि राज्यपाल ने बजट सत्र में उनके कहने पर अपने संबोधन में 'मेरी सरकार' शब्द का इस्तेमाल किया। इसके जवाब में राज्यपाल पुरोहित की तरफ से लिखा गया कि उन्होंने भाषण देते समय ही इस सुझाव को तत्काल स्वीकार किया गया था।

नौरादेही एमपी में सातवां टाइगर रिजर्व

एनटीसीए की हरीझंडी, अधिसूचना जल्द जारी होगी

सागर, 14 जून (एजेंसियां)। दमोह-नरसिंहपुर तक फैले नौरादेही अभयारण्य जल्द ही टाइगर रिजर्व बनने जा रहा है। राष्ट्रीय वन्यप्रणी बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकारण ने भी इस पर सहमति जता दी है। इसके सूची में शामिल कर आगमी दिनों में केंद्र सरकार नए टाइगर रिजर्व की अधिसूचना जारी कर सकती है। खास बात यह है कि मप्र का यह सातवां टाइगर रिजर्व होगा, जो क्षेत्रफल में भी सबसे बड़ा होगा। करीब 1500 वर्ग किलोमीटर इसका एरिया होगा। टाइगर स्टेट व देश में सबसे ज्यादा टाइगर करीब 700 बाघ मप्र में हैं। अब जल्द ही देश के सबसे अधिक टाइगर रिजर्व अर्थात 7 टाइगर रिजर्व वाला प्रदेश भी बनने वाला है। वर्तमान में मप्र और महाराष्ट्र में 6-6 टाइगर रिजर्व हैं। जबकि कर्नाटक में 5, राजस्थान में 4 टाइगर रिजर्व हैं।

नौरादेही अभयारण्य में 12 बाघ, 4 शावक मौजूद हैं

नौरादेही अभयारण्य में बीते साल 2018 में बाघ पुनर्स्थापन प्रोजेक्ट के तहत कान्हा से बाघिन राधा और बांधवगढ़ से बाघ किशन को लाकर बसाया गया था। धीरे-धीरे कर नौरादेही में 12 युवा बाघ हो गए हैं। इसके अलावा राधा की बेटी बाघित एन-11 ने बीते दिनों 4 शावकों को जन्म दिया था। यहां बाघ परिवार में कुल 16 सदस्य शामिल हैं।

दमोह में बनी अंग्रेजों के जमाने की जेल 161 करोड़ रुपये में बिकी; नई जेल होगी आधुनिक

दमोह, 14 जून (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के दमोह में बनी अंग्रेजी शासन की जिला जेल को सरकार ने 161 करोड़ रुपये में बेच दिया है। पुरानी जेल अब शहर से बाहर शिफ्ट होगी। इसे जबलपुर बाईपास मार्ग पर बरपटी पहाड़ी पर मॉडल कॉलेज के सामने 25 एकड़ जमीन पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए राजस्व विभाग ने 25 एकड़ जमीन जेल विभाग को मुहैया भी करा दी है। इससे पहले नई जेल बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड की ओर से टेंडर जारी किया गया था। इसकी टेंडर प्रक्रिया छह महीने से रुकी हुई थी। जबकि टेंडर के लिए तीन फर्म सामने आईं थीं। उनमें एक योगेश एंड कंपनी भोपाल ने 161 करोड़ और जबलपुर की फर्म समदड़िया ने 151 करोड़ रुपये का टेंडर डाला था। इसके अलावा एक अन्य फर्म भी इसमें शामिल हुई थी। इसी सिलसिले में आठ जून को टेंडर खोले गए। भोपाल की योगेश एंड कंपनी ने सबसे ज्यादा बोली लगाई। इसके बाद सबसे ज्यादा रेट डालने वाली भोपाल की योगेश एंड कंपनी को 161 करोड़ रुपये में जेल सौंप दी गई। शर्त के मुताबिक, टेंडर लेने वाली एजेंसी पहले बरपटी पर नई जेल बनाएगी। फिर यहां पर जेल का निर्माण पूरा होने के बाद उसमें पुरानी जेल को शिफ्ट करेगी।

नई जेल में होंगी ये सुविधाएं

जानकारी के मुताबिक, नई जेल में नौ बैरक होंगी। इसमें इंटेंस प्लाजा, दो गार्ड रूम, भर्ती कक्ष, प्रशासनिक भवन, अस्पताल भवन, अनाज भंडार, तीन रसोई घर और डाइनिंग हॉल, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, महिला और पुरुष कैदियों के लिए अलग-अलग वर्कशॉप, वीसी रूम और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा करीब 300 सीटर सभाकक्ष, 20 मीटर ऊंचे वॉच टॉवर और ओपन जेल जैसी व्यवस्थाएं भी रहेंगी। नई जेल के साथ अधिकारी-कर्मचारियों के लिए 76 नए आवास जिनमें दो ई-टाइप क्वार्टर, चार एफ टाइप, 20 जी टाइप, 48 एच टाइप और दो आई टाइप आवास बनाए जाएंगे। मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के महाप्रबंधक एमके खरे ने बताया कि टेंडर लेने वाली एजेंसी तकरीबन 82 करोड़ रुपये की राशि से नई जेल की बिल्डिंग बनाएगी। बाकी राशि शासन के खाते में जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुरानी जेल 12 एकड़ में फैली है, इसमें 333 कैदी रखे जा सकते हैं। लेकिन जो नई जेल बन रही है, उसमें एक साथ 700 कैदी रखे जा सकेंगे। इस जेल में मल्टीपरपज सुविधाएं होंगी।

मंडी में फटा बादल, धंसी जमीन-आई बाढ़, 40 लोग किए गए रेस्क्यू

मंडी, 14 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने की एक घटना के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। कई लोग इस घटना का शिकार हुआ। किसी इंसान के हताहत की खबर नहीं है, लेकिन मलबे की चपेट में आने से गाय की मौत हुई है। सुरक्षित स्थानों पर 40 लोगों को पहुंचाया गया है। घटना जिले के करला गांव की है। पहाड़ के खिसकने से सड़क मार्ग भी प्रभावित हुआ है। गाड़ी में सवार होकर घर की ओर जा रहे चार लोगों को ग्रामीणों और प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू कर बचाया। सड़क किनारे खड़ी तीन रेहड़ियां क्षतिग्रस्त होने के साथ ही धन्यारा गांव के हेमराज के खेत की फसल को नुकसान हुआ है।

लिव-इन रिलेशनशिप को शादी के तौर पर मान्यता नहीं देता कानून: केरल एचसी

कोच्चि, 14 जून (एजेंसियां)। केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि कानून 'लिव-इन रिलेशनशिप' को विवाह के तौर पर मान्यता नहीं देता है, यह 'पर्सनल लॉ' या धर्मनिरपेक्ष कानूनों के अनुसार होने वाले विवाहों को ही वैध मानता है। न्यायमूर्ति ए। मुहम्मद मुस्ताक और न्यायमूर्ति सोफी थॉमस की पीठ ने कहा कि इसलिए, किसी समझौते के आधार पर एकसाथ रहने वाला जोड़ा न तो विवाह होने का दावा कर सकता और न ही उसके आधार पर तलाक का अनुरोध कर सकता है। पीठ का यह फैसला एक अंतर-धार्मिक जोड़े की अपील पर आया। उक्त जोड़े ने उस परिवार अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने तलाक के अनुरोध वाली उनकी याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि उनका विवाह विशेष विवाह अधिनियम के तहत नहीं हुआ। इस जोड़े में एक हिंदू और दूसरा ईसाई है। जोड़ा एक पंजीकृत सहमति के तहत 2006 से एकसाथ रह रहा था और दोनों का 16 साल का एक बच्चा भी है। चूंकि वे अब अपने रिश्ते को जारी नहीं रखना चाहते थे, उन्होंने तलाक के लिए पारिवार अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने उनकी अपील का निस्तारण करते हुए कहा, ''कानून ने अभी तक लिव-इन रिलेशनशिप को विवाह के तौर पर मान्यता नहीं दी है। कानून विवाह को तभी मान्यता देता है जब वह पर्सनल कानून के तहत या विशेष विवाह अधिनियम जैसे धर्मनिरपेक्ष कानून के अनुसार होता है। अदालत ने कहा, ''यदि पक्षकार एक सहमति के आधार पर एकसाथ रहने का फैसला करते हैं, तो यह उन्हें विवाह के रूप में दावा करने और तलाक का दावा करने के योग्य नहीं बनाता।' उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि वर्तमान मामले में, परिवार अदालत के पास तलाक के लिए इस तरह के दावे पर विचार करने का अधिकार क्षेत्र नहीं था और उसे जोड़े की याचिका खारिज करने के बजाय, उसे यह कहकर वापस कर देना चाहिए था कि यह विचार योग्य नहीं है।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले

हिजाब पहनना, कलावा उतरवाना भोलापन नहीं, दूसरे धर्म की भवना आहत करना गलत



भोपाल, 14 जून (एजेंसियां)। दमोह स्कूल मामले में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि हिजाब पहनना, कलावा उतरवाना भोपालपन नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरे धर्म की भावना आहत करना गलत है। यह निंदनीय कृत्य कहलता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू हो गई है। यह कार्रवाई आज भी जारी रहेगी। मिश्रा ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में हिमाचल सरकार पर बढ़ती आर्थिक तंगी पर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मध्य प्रदेश के दौरे पर आई। बड़े होश से कह रही थी कि हमारी सरकारों का देखो। अब उनको अपनी सरकारों को देखना चाहिए कि हिमाचल में वेतन क्यों नहीं बंट पा रही। यह मिस मैनेजमेंट रहता है। दिग्विजय सिंह की 10 साल तक सरकार रही। इनको निगम और बोर्ड गिरवी रखना पड़ता था। यह झूठी घोषणाएं कर देते है। भाजपा सरकार में मैनजमेंट होता है। इससे पहले कमलनाथ जी भी रोना रोते रहे। इनको भाजपा सरकारों से सीखना चाहिए।

यह तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं

हिमाचल में मनोहर नाम के युवक की हत्या पर बोले कि इससे पहले कन्हैया कुमार की राजस्थान में ऐसी खबर आई थी। इस पूरी घटना पर प्रियंका चुप है। दिग्विजय सिंह चुप है। यह तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। बता दें हिमाचल में मनोहर नाम के युवक को मुस्लिम लड़की से दोस्ती पर आठ टुकड़े कर बोरे में भर कर फेंक दिया।

नीतीश अपना घर नहीं बचा पा रहे

नीतीश कुमार सरकार के मंत्री के इस्तीफे पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि नीतिश कुमार अपना घर बचा नहीं सके। विपक्षी दलों को एक करने की बात करते हैं। बता दें पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा (एचएएम) कोटे से बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन ने नीतीश कुमार की

दिल्ली हवाई अड्डे पर 10 करोड़ के सोने के साथ उज्बेकिस्तान के दो नागाकि गिरफ्तार

नई दिल्ली, 14 जून । दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 10,39,50,00 रुपये मूल्य के 16।5 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को पकड़ा गया है। शुरुआती तलाशी के दौरान उनके पास कुछ नहीं मिला क्योंकि उन्होंने अधिकारियों को धोखा देने के लिए कन्वेयर बेल्ट के पास सोने से भरा बैग छोड़ दिया था।

जब उन्हें पता चला कि वे बेनकाब हो गए हैं, तो अभियुक्तों ने दूसरी उड़ान से भागने का प्रयास किया लेकिन अंततः पकड़े गए। सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा कि दोनों अभियुक्तों को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पकड़ा है। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक मध्य एशियाई देश का व्यक्ति बड़ी मात्रा में विदेशी मूल के सोने के साथ दिल्ली की यात्रा आ रहा है। नतीजतन, आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने आने वाले यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखी। अधिकारी ने कहा, उपलब्ध कराई गई खुफिया जानकारी के आधार पर एक यात्री की पहचान की गई और उस पर उस समय से नजर रखी जा रही थी, जब वह विमान से उतरा था। आरोपी को पकड़ लिया गया था,

विशेष बातचीत: राज्यपाल शुक्ल बोले

विधायकों का उपयोग कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए हो रहा, जो अच्छा नहीं

शिमला, 14 जून (एजेंसियां)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को हिमाचल प्रदेश में नियुक्त हुए करीब चार महीने हो गए हैं। राज्य के सांविधानिक प्रमुख होने के नाते वह देवभूमि की कई समस्याओं की चिंता लिए हैं तो जिलों में खुद जाकर सरकारी योजनाओं की समीक्षा भी कर रहे हैं। हालांकि उनका कहना है कि राज्यपाल हैं तो लोगों की चुनी हुई किसी भी लोकप्रिय सरकार को किसी तरह से डिस्टर्ब करने के पक्ष में नहीं हैं। वह नशाखोरी के विरुद्ध मोर्चेबंदी, टीबी मुक्त भारत और मिलेट्स जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने के पक्षधर हैं। अमर उजाला के राज्य ब्यूरो प्रमुख सुरेश शांडिल्य ने मंगलवार को उनसे राजभवन में विशेष बातचीत की, प्रस्तुत हैं इसके अंश

हिमाचल प्रदेश का राजनीतिक माहौल कैसा है?

यहां मुझे एक चीज कतई अच्छी नहीं लगी। यहां पर विधायकों का इस्तेमाल केवल कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए किया जाता है। विधायक जनप्रतिनिधि होते हैं तो वे लोगों की बातों को सुनने के लिए मजबूर होते हैं। इसमें विधायकों की भी गलती नहीं है। आवश्यकता हो तो जरूर उपयोग किया जाए, मगर हर समय ऐसा करना उचित नहीं है। यहां की विधानसभा बिलकुल अच्छे ढंग से चलती है। विधानसभा में सार्थक बहस होती है। आम लोगों को इस बारे में सोचने की जरूरत है कि वे इस पर विचार करें।

देवभूमि के सांस्कृतिक वातावरण पर क्या कहते हैं?

देवभूमि हिमाचल प्रदेश का सांस्कृतिक माहौल अच्छा है। सबसे अच्छी बात यह लगी कि इस छोटे से राज्य में भी इतनी ऊर्जा रही है कि कलाकारों का एक वंश शिमला से निकला है। बलराज साहनी, प्रेम चोपड़ा, गोपी कृष्ण जैसे लोग यहां से निकले हैं। हिमाचल प्रदेश देवभूमि है तो इसकी पवित्रता भी रहनी चाहिए। हिमाचल के घरों में नशा प्रवेश कर चुका है। अगर घरों में पवित्रता नहीं रही तो देवभूमि की सांस्कृतिक पवित्रता भी किसी रूप में नहीं रह सकती।

'वो मेरी बीबी थी', शव के टुकड़े कुकर में उबालने वाले आरोपी का दावा

ठाणे, 14 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में ठाणे में एक महिला की हत्या के बाद शव के टुकड़े कर कुकर में उबालने के आरोपी ने कथित तौर पर एक बड़ा खुलासा किया है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने पुलिस से कथित तौर पर कहा कि वह एचआईवी से संक्रमित है और उसके सरस्वती के साथ कोई शारीरिक संबंध नहीं थे। इसके साथ ही उसने ये भी दावा किया कि सरस्वती उसकी पत्नी थी और दोनों 'लिव-इन' में नहीं रह रहे थे। ठाणे के मीरा रोड पर स्थित एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर रहने वाले मनोज साने ने लिव-इन में रहने वाली महिला सरस्वती वैद्य की हत्या कर कथित तौर पर शव के टुकड़े किए थे।

स्कूल में 'जय श्री राम' के नारे लगाने वाले 4 छात्र सस्पेंड, मनसे ने किया विरोध प्रदर्शन



मुंबई, 14 जून (एजेंसियां)। मुंबई के वाशी में सेंट लॉरेंस स्कूल ने चार छात्रों को स्कूल कैंपस में 'जय श्री राम' के लगाने के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। छात्रों को सस्पेंड करने के बाद उनके माता-पिता और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक एमएनएस ने कहा है कि छात्रों को वापस स्कूल में नहीं लिया गया तो स्कूल में तोड़फोड की जाएगी।

क्या है पूरा मामला?

दरअसल, मंगलवार 13 जून 2023 दोपहर को कुल 7-8 छात्र 'जय श्री राम' के नारे लगाते और चिल्लाते हुए वॉश रूर में गए। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए चार छात्रों को निलंबत कर दिया गया है। छात्रों के माता-पिता का कहना है कि छात्रों को 'जय श्री राम' के नारे लगाने पर स्कूल से निकाल दिया गया है। छात्रों को स्कूल निलंबतित करने के बाद एमएनएस सस्पेंड हुए छात्रों के माता-पिता के साथ स्कूल के बाहर जमा हुए और स्कूल प्रशासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया है। मनसे ने कहा कि 'जय श्री राम' के नारे लगाने के बाद 6 छात्रों को स्कूल से निकाल दिया गया। ये नारे लगाने वाले छात्र 10वीं कक्षा के छात्र हैं। बताया जा रहा है कि एमएनएस ने सस्पेंड छात्रों को वापस स्कूल में न लेने पर स्कूल में तोड़फोड़ की चेतावनी दी है। एमएनसी और पैरेंट्स ने स्कूल के बाहर 'जय श्री राम' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। 10वीं कक्षा का छात्र होने के नाते, बच्चों और माता-पिता को साल बर्बाद होने या स्कूल से व्यावहारिक अंक नहीं मिलने का डर सता रहा है। वहीं स्कूल प्रशासन ने छात्रों के माता-पिता को बताया कि स्कूल में इस तरह चिल्लाना अनुशासन नहीं है। सेंट लॉरेंस स्कूल वाशी की प्रिंसिपल सायरा कनेडी का कहना है कि जो छात्र चिल्लाते हुए वॉशरूम गए थे उन्हें सस्पेंड किया गया है। स्कूल से निकाला नहीं गया है। स्कूल की गरिमा को बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 15 जून- 2023

महंगाई से राहत

ताजा सर्वे रिपोर्ट में राहत की बात सामने आई है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई घट कर बीते पच्चीस महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। मई में यह 4.25 फीसद दर्ज हुई है जो बहुत ही सुकूनदायक है। पिछले साल मई माह में यह 7.04 फीसद पर थी। थोक महंगाई दर में राहत मिलने के बाद भी खुदरा महंगाई दर काबू में नही आ पा रही थी। इससे सरकार के माथे पर बल पडना स्वाभाविक भी था। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस पर काबू पाने के मकसद से क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए कई बार नीतिगत दरों में बदलाव किया जिसमें रेपो रेट ढाई फीसद तक बढ़ा दीं। आरबीआई का मानना था कि यदि महंगाई दर छह फीसद से नीचे के स्तर पर लंबे समय तक बनी रहती है, तो विकास दर में प्रगति अपनेआप आने लगेगी। देखा जाए तो यह रिजर्व बैंक के लिए भी राहत की बात है, क्योंकि अब उस पर मौद्रिक नीति में बदलाव का कोई खास दबाव नहीं पडेगा। बता दें कि पिछले महीने भी जब खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई थी तो औद्योगिक परिसंघ के कुछ लोगों की मांग थी कि रिजर्व बैंक रेपो रेट में कटौती करे। मगर आरबीआई ने दृढ़ता पूर्वक मना कर दिया कि किसी भी तरह का जोखिम मोल लेना अभी उचित नहीं हो सकता। जाहिर है बैंक को कुछ ही क्षेत्रों में कमी दर्ज दिखाई दे रही थी, जबकि कई क्षेत्रों में महंगाई की दर छलांग मारती दिखाई दे रही थी। बता दें कि ताजा आंकड़ों में भी खाद्य और ईंधन उत्पादों की कीमतों में नरमी दिखाई दे रही है जिसकी वजह से महंगाई दर में कमी आई है। उसमें भी उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में काफी कमी आई है। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 2.91 फीसद दर्ज हुई, जबकि पिछले महीने यह 3.84 फीसद थी। इसमें भी सबसे अधिक गिरावट खाद्य तेलों और सब्जियों की कीमतों में दर्ज की गई है, जबकि दालों और अनाज की महंगाई दर बढ़ कर क्रमशः 12.65 और 6.56 फीसद तर बरकरार है। अर्थशास्त्रियों ने आशंका जताई है कि चालू वित्तवर्ष की दूसरी छमाही में मानसून सामान्य से कम रहने की वजह से खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इससे स्पष्ट है कि फिलहाल रिजर्व बैंक के लिए जरूर कुछ राहत की बात है, लेकिन इस पर काबू पाने के लिए उसे लगातार महंगाई पर नजर रखनी पड़ेगी। खुदरा महंगाई की दर मानसून और कृषि उत्पादन पर भी काफी कुछ निर्भर करती है, इसलिए इसमें मौसमी प्रभावों को स्थायी समाधान नहीं माना जाता। महंगाई का रिश्ता औद्योगिक उत्पादन और रोजगार के अवसरों से भी जुड़ा है। महंगाई के आंकड़ों के साथ ही औद्योगिक उत्पादन का जो आंकड़ा आया है, वह काफी डरावना दिखाई दे रहा है। औद्योगिक उत्पादन की दर इस साल अप्रैल में 4.2 फीसद की दर से बढ़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 6.7 फीसद था। विनिर्माण, खनन और बिजली उत्पादन का प्रदर्शन भी घटा है। कोरोना काल में हुई बंदी की वजह से औद्योगिक इकाइयों की कमर टूट गई थी। लेकिन जब उसने फिर गति पकड़ी तो उम्मीद जगी थी कि वह तेजी से आगे बढ़ेगी। मगर कुछ दिनों में ही दिखाई देने लगा कि उसके स्पीड को ब्रेक लगने लगा है। बता दें कि औद्योगिक उत्पादन न बढ़ने का असर सीधा रोजगार के सृजन पर पड़ता है। जब लोगों के पास रोजगार नहीं रहेगा, तो उनकी क्रय क्षमता घट जाएगी। वह बाजार में खर्च को लेकर उत्साहित नहीं रहेगा। ऐसे में अगर सब्जियों और कच्चे कृषि उत्पाद की कीमतें घटने से महंगाई पर काबू नजर आता है, तो इसे लेकर अभी बहुत उत्साहित न हुआ जाए तो ही अच्छा है।

राजनीतिक दलों के पास मुफ्त की रेवड़ी ही जीत का फार्मूला

अशोक भाटिया

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के समय प्रचार के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तब अपने सोशल मीडिया पेज पर 'फ्री बिजली, फ्री राशन, चुनिए कांग्रेस का शासन' का टैग लाइन पोस्ट किया था। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने यह फ्री का पासा फेंका था। कर्नाटक में जीत से उत्साहित कांग्रेस टिकट देने से लेकर जनता को फ्री-बी योजनाओं की गारंटी देने तक उसी फार्मूले को राजस्थान , मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की तैयारी में है।

हाल ही में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मध्य प्रदेश में पार्टी का चुनाव अभियान शुरू करते हुए कर्नाटक की तरह ही फ्री बिजली, सस्ते गैस सिलिंडर के साथ ही ओल्ड पेंशन स्कीम का वादा भी दोहरा दिया। राजस्थान में पहले ही गहलोत सरकार महंगाई राहत कैंप के जरिए इसकी शुरुआत कर चुकी है।

मध्य प्रदेश में पार्टी का चुनाव अभियान शुरू करते हुए सबसे पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कर्नाटक की तरह ही फ्री बिजली, सस्ते गैस सिलिंडर के साथ ही ओल्ड पेंशन स्कीम का वादा भी दोहरा दिया। राजस्थान में पहले ही गहलोत सरकार महंगाई राहत कैंप के जरिए इसकी शुरुआत कर चुकी है। माना जा रहा है कि ये राजनीतिक दलों की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद तकरीबन एक नया वोट बैंक कायम कर दिया जिसको हम लाभार्थी कहते हैं। ऐसे लोग जिनको सरकारी स्कीमों का व्यापक रूप से लाभ हो रहा है और उससे भाजपा को कई राज्यों में और 2019 के लोकसभा चुनाव में मदद मिली। कांग्रेस को पहले समझ में नहीं आ रहा था कि भाजपा की काट कैसे करें क्योंकि एक व्यक्ति विशेष के इर्द-गिर्द सारी राजनीति घूम रही थी। साथ ही धर्म और आस्था के मामलों में भी भाजपा की बढ़त थी। राष्ट्रवाद के मुद्दे पर भाजपा बहुत आगे थी। विदेश नीति और अर्थव्यवस्था के बारे में भी मोदी के बढ़-चढ़कर के दावे थे। धीरे-धीरे कांग्रेस को समझ में आ गया है कि उसको कैसे हराया जा सकता है या कैसे उसे टक्कर दी जा सकती है। उसी संदर्भ में कांग्रेस ने सबसे पहले ये काम किया है कि ओल्ड पेंशन स्कीम का वादा किया है।

आप जानते हैं कि सरकार कर्मचारियों को वर्ष 2003 में एक बदलाव आया था। और वह बदलाव दिलचस्प रूप से यूपीए के समय में ही आया था। चिदंबरम वित्त मंत्री थे और उन्होंने इस तरह का बदलाव किया था लेकिन उन्होंने साथ-साथ कांग्रेस की यह डिमांड थी कि सरकार के ऊपर खर्चा कम किया जाए, उसी पर कांग्रेस पलट गई है और अब कांग्रेस कहती है कि पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। इसी तरह से बिजली का वादा, कर्ज माफी जो पांच गारंटी है, और गैस सिलिंडर का मामला भी राजनीतिक रूप से संवेदनशील हो गया है क्योंकि मोदी सरकार ने उज्ज्वला स्कीम के तहत सिलिंडर तो दिया लेकिन वह सिलिंडर 1000 रुपये, 1100 रुपये का हो गया है। इसको लेकर कांग्रेस कॉम्पिटिटीव पॉपुलिज्म में आ गई है। बढ़-चढ़कर दावे करती है और जनता को कहीं न कहीं लगने लगा है कि अगर तमिलनाडु में लोगों को फायदा हो सकता है, आंध्र में फायदा हो सकता है, तो ऐसे राज्यों में जहां इस तरह की लाभार्थी योजनाओं का बहुत ज्यादा अमल नहीं रहा, वहां इसका इच्छे ढंग से प्रयोग किया जा रहा है।

जहां-जहां कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मजबूत है, जैसे हिमाचल में था, कर्नाटक में था, जहां उनके पास संगठन मजबूत था, मुद्दे थे और जहां एंटी इंकंबेंसी खासकर भाजपा का शासन जैसे कर्नाटक और मध्य प्रदेश में इस मामले में समानता है तो वहां पर उस सरकार को घेरने में आसानी से तैयार हो गई है। उसके साथ जुड़ा हुआ अर्थव्यवस्था का प्रश्न है। वो एक व्यापक प्रश्न है। उसके बारे में राजनीतिक दल ज्यादा सजग नजर नहीं आते है।

माना जा रहा है कि किसी भी राज्य में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो, कार्यकाल के अंतिम वर्ष में वो इस तरह की योजनाओं की झड़ी लगाती है और बहुत सारी बातें कहती है। उसका अमूमन उतना फायदा नहीं होता। प्रश्न ये उठता है, जैसे मध्य प्रदेश के संदर्भ में शिवराज सिंह चौहान 16-17 साल से राज्य के मुख्यमंत्री हैं। इस कार्यकाल में भी वो मार्च 2020 से मुख्यमंत्री थे। प्रश्न ये उठता है कि उन्होंने उस समय ये क्यों नहीं किया। और इस समय क्यों महिलाओं को ऐसे लाभ नहीं मिल रहे थे। दूसरी बात ये है कि जो नौकरशाही है, उसमें क्या किया कि बहुत सारे लोगों को उससे वंचित कर दिया, जिन लोगों को पहले विधवा पेंशन या दूसरी कोई पेंशन मिल रही है महिलाओं को, तो एक पेंशन मिल रही है। अब लोगों को उसमें थोड़ा खट्टापन महसूस हो रहा है। उन्हें लगता है कि वो अगर उन्हें 500 रुपये मिल रहे हैं तो 1000 रुपये से वंचित हो जाएंगे। 1000 रुपये लेंगे तो 500 रुपये से वंचित हो जाएंगे। विपक्ष का जो नारा होता है, वो बड़ा सधा हुआ होता है। और उसमें उन्हें लगता है कि ये पूरा हमें मिलेगा और उसमें हमारे साथ कोई ज्यादती नहीं होगी और पांच साल मिलेगा। तो इस चीज को लेकर विपक्ष को हमेशा फायदा नजर आता है। ये दूसरे राज्यों में हुआ और मध्य प्रदेश उसका कोई अपवाद नहीं है। कांग्रेस की सरकार राजस्थान में है और यही नुकसान हो रहा है। जो राहत स्कीम वगैरह की बात जो अशोक गहलोत कह रहे हैं लेकिन उससे भी उतना ज्यादा फायदा जमीन पर नहीं हो रहा है। क्योंकि यही प्रश्न उठाया जाता है कि पिछले साढ़े चार साल में अशोक गहलोत क्या कर रहे थे। और व्यवस्था में ऐसी सुविधाएं क्यों नहीं मिलीं। जो सारी की सारी चीजें रूटीन में मिलनी चाहिए।

ये जो ओल्ड पेंशन स्कीम का मामला है, वो तो कांग्रेस का अपना एक यूएसपी है, उनका अपना हथियार है। केंद्र में भाजपा की सरकार है, और मोदी सरकार इस चीज के लिए बिलकुल तैयार नहीं है कि वो ओल्ड पेंशन स्कीम को वापस लाए। अगर वो ओल्ड पेंशन स्कीम को वापस लाती है तो पूरी तरह अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। कांग्रेस के लिए यह सब कहना आसान है। हर राज्य की अर्थव्यवस्था बहुत बुरी स्थिति में है। खासतौर से जीएसटी और कई बड़ी वजहें भी हैं इसके लिए। मध्य प्रदेश के बारे कहा जा सकता है कि उसके हर नागरिक के ऊपर इस समय 38 हजार रुपये का कर्ज है।

मध्य प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से दिवालिया होने के बावजूद वो 1000 रुपये हर महीने देने की घोषणा कर सकती है तो कमलनाथ को लगता है कि वो क्यों नहीं 1500 रुपये दे सकते हैं। वोटर बड़ा समझदार होता है। इस तरह की जो प्रतिस्पर्धा होती है, तो वो देखता है कि उसको फायदा कितना हो रहा है और दूसरा, क्या वो राजनीतिक दल सत्ता में आ रहा है। अगर एंटी इंकंबेंसी फैक्टर होता है, राज्य के नेतृत्व की बात की। अगर ये ठीकठाक हो, तो सत्ता परिवर्तन बड़ी आसानी से हो जाता है। मध्य प्रदेश में भी पिछली बार 2018 में सत्ता परिवर्तन हुआ था। राजस्थान में हुआ और वो पांच साल रहे। इन सब राज्यों में लगता है कि सत्ता परिवर्तन की सुगबुगाहट है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चुनाव जीतने के फार्मूले को अजमाने की आगे और बाढ़ आ सकती है। यह देश की आर्थिक स्थिति के लिए शुभ संकेत नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक पूर्व में भी कई राज्यों को अनावश्यक खर्चों के लिए चेता चुका है। ऐसे में क्या यह नहीं सोचा जाना चाहिए कि चुनावी घोषणापत्रों को व्यावहारिक बनाने की दिशा में मंथन शुरू किया जाए।

काश इक्कीसवाँ ख़्वाब तो अच्छा हो !

सुनील कुमार महला

संपूर्ण विश्व आज बारूद के ढ़ेर पर खड़ा हुआ है। इधर रूस यूक्रेन युद्ध भी काफी चल समय से चल रहा है। आज हर तरफ हथियारों की होड़ लगी हुई है। जानकारी देना चाहूंगा कि चीन और पाकिस्तान लगातार हथियारों का जखीरा जुटाने में लगे हैं। पाकिस्तान की आर्थिक हालत खराब होने के बावजूद भी वह लगातार हथियारों का जखीरा जुटाने में लगा हुआ है। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सिपरी) ने कहा कि वर्ष 2018-22 के दौरान दुनिया के पांच सबसे बड़े हथियार आयातक भारत, सऊदी अरब, कतर, ऑस्ट्रेलिया और चीन थे। कुछ समय पहले स्वीडिश थिंक टैंक ने कहा था कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप से कीव को सैन्य सहायता लगातार मिल रही है। इससे यूक्रेन 2022 में हथियारों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया है। यह बहुत ही संवेदनशील है कि संपूर्ण विश्व में आज हथियारों को खरीदने, बेचने की होड़ सी लगी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत भी हथियारों को खरीदने(आयातक) में टाप पर बना हुआ है। हालांकि साल वर्ष 2013-17 और 2018-22 के बीच इसके आयात में 11 प्रतिशत तक की कमी आई है। जानकारी देना चाहूंगा कि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे अधिक हथियार खरीदने वाला देश है। जानकारी देना चाहूंगा कि हथियार बेचने के मामले में अमेरिका दुनिया भर में सबसे अव्वल बना हुआ है।रिपोर्ट के मुताबिक, पांच सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जर्मनी शामिल हैं। हाल ही में एक प्रतिष्ठित दैनिक के हवाले से यह खबर आई है कि एटमी हथियारों का जखीरा जुटाने में चीन सबसे आगे निकल गया है। सिपरी (स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट)

की ताज़ा रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि चीन ने पिछले एक साल के दौरान अपने परमाणु खजाने में काफी हद तक बढ़ोतरी की है। रिपोर्ट में कहा गया चीन जिस हिसाब से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें बना रहा है, उस हिसाब से आने वाले एक दशक के अंत तक वह अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देशों से से बराबरी कर सकता है। यहां पाठकों को यह जानकारी भी देता चलूं कि सिपरी एक स्वीडिश थिंक टैंक है जो कि परमाणु हथियारों पर लगातार अपनी नज़र रखता है। वास्तव में, स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) एक वैश्विक गैर-लाभकारी शोध संस्थान है। सिपरी संघर्षों को हल करने, हथियारों को नियंत्रित करने और निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह संस्थान सशस्त्र संघर्षों, सैन्य व्यय और हथियारों के व्यापार के संबंध में डेटा, विश्लेषण और सुझाव प्रदान करता है। आज संपूर्ण विश्व लगातार ख़तरनाक दौर की ओर बढ़ता चला जा रहा है। यह संपूर्ण विश्व के लिए बहुत ही संवेदनशील और गंभीर है कि परमाणु संपन्न देश नाभिकीय हथियारों का जखीरा लगातार बढ़ाने में लगे हैं।

यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि आखिर हथियारों की होड़ मानव सभ्यता को किस ओर ले जाएगी ? क्या आज विश्व विनाश की ओर अग्रसर नहीं हो रहा है ? आज रूस यूक्रेन जंग के भू-राजनीतिक संबंध लगातार बदलते चले जा रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध से दोनों ही देशों में बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान पहुंचा है। बहुत सी जानें अब तक जा चुकी है और जंग अभी भी लगातार जारी है।

नकली बीज गिरोहः दांव पर खाद्यान्न सुरक्षा और किसान



डॉ. चक्रपाल सिंह

अभी हाल में तेलांगना पुलिस एवं राज्य के कृषि अधिकारियों की सक्रियता के चलते नकली बीज बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोहों को पकड़े जाने की खबरें अखबारों की सुर्ख़ियों में हैं । एक अभियान के तहत 06 जून 2023 को मानाकोंदूर पुलिस एवं कृषि अधिकारियों ने एक नकली बीज बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया । बीज बेचने वाले फरार व्यापारी तथा उसके साथियों से एक लाख रूपए मूल्य के नकली बीज , अस्तालक्ष्मी कंपनी के लेवल वाले 19 स्टील के डिब्बे, सांई दिव्या के लेबल वाले 31 बीज पैकेट और 20 खाली पैकेट बरामद किए गए । दूसरी घटना में वारंगल पुलिस आयुक्त श्री एबी रंगनाथ ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार 08 जून 2023 को सात टन अतिरिक्त बीज, नकली बीज के 9765 पैकेट, एक मिनी लॉरी, एक कार और 21 लाख रुपए नकद सहित एक व्यापक सबूत भी जब्त किया है। वहीं एक अन्य घटना में साइबराबाद पुलिस ने मेदचल,चेवेला तथा राजेन्द्र नगर से एक अन्य गिरोह से 75 लाख रुपए मूल्य के 2530 कि।ग्राम कपास के नकली बीज (बीटी-III/एचटी) जब्त किए गए हैं । एक अन्य दबिश में तेलंगाना राज्य में प्रतिबंधित कपास बीज 1000 रुपए कि।ग्रा। के हिसाब से गुंटूर जिले में बेचते हुए पकडे गए । गिरोह प्रसिद्ध बीज कंपनियों के ब्रांड नाम के तहत इन बीजों को धोखे से पैकेज करते और भेजते थे, जो उन किसानों को आकर्षित करते थे जो अधिक कीमत देने को तैयार थे। इस तरह क्यूआर कोड, बीज तैयार करने की जानकारी, समाप्ति तिथि,कंपनी के समान सीरियल नंबर के साथ नकली बीज पैकेट तेलांगना के विभिन्न जिलों में भोले भाले किसानों को बेचे जा रहे थे। अभी भी राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों एवं जिलों से गिरोहों के सरगनाओं को दबोचे जाने का सिलसिला जारी है । इन खबरों से पता चलता है कि देश के विभिन्न भागों में नकली बीज, खाद ,कीट व रोग नाशक विक्रेता एवं इसे संचालित करने वाले गिरोह व्यापक रूप में फैले हुए हैं। यह गोरखधंधा सिर्फ तेलांगाना तक सीमित नहीं है। रबी व खरीफ फसलों की बुबाई से पूर्व , समय समय पर देश के विभिन्न कोनों से इस तरह की खबरें आती रहती हैं ।

यहाँ यह बताना प्रासंगिक होगा कि अब तक कृषि को सिर्फ मानसून के साथ एक जुआ माना जाता था। लेकिन, आज 21वीं सदी के उदार युग में कृषि मानसून एवं बाजार के साथ एक जुआ हो गई है, जिसमें किसानों के साथ साथ राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा तथा संप्रभुता दांव पर लगी रहती है । ऐसा इसलिए कि 21 वीं सदी की आधुनिक उधार !

(उदार) अर्थव्यवस्था में कृषि तकनीक एव निविष्टि किसानों के हाथों से निकल कर बाहरी आपूर्ति कर्त्ताओं अर्थात निजी बाजारी ! शक्तियों के हाथों में केंद्रित होता जा रहा है। खेत की तैयारी से लेकर उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, सिंचाई, कृषि शोध, कृषि प्रसार सेवाएं, समर्थनकारी सहायक सेवाएँ तथा अन्य निविष्टियों के लिए किसानकी बाजार पर निर्भरता हो चुकी है। नकली बीज के गंभीर परिणामों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो किसान अपने खेत की तैयारी में जो श्रम एवं संसाधन लगा कर उन्नत प्रजाति का महँगा बीज इस आशा और उम्मीद में खरीदता है कि उससे अधिक पैदावार एवं आय होगी । परन्तु, कुछ दिनों बाद पता चलता है कि बीज खेत में उगा ही नहीं है , यदि उगा भी है, तो आधा अधूरा ही उगा है। या फिर उग भी आया है, तो यह उस प्रजाति का है ही नहीं, जिसका दावा बीज विक्रेता राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय कंपनी ने किया था । इन स्थितियों में किसान के पारिवारिक श्रम के साथ उसकी निवेशित पूंजी भी चली जाती है। किसान की छः महीने की फसल से कुछ भी हाथ नहीं लगता या फिर आंशिक उत्पादन हाथ आता है , जिससे उसकी लागत की भी भरपाई नहीं हो पाती। अपनी जमा पूंजी के साथ फसली ऋण की अदायगी की गंभीर समस्या उसके सामने पैदा हो जाती है। ऐसी हालत में किसान अगले छः महीने तक अपने परिवार का भरण पोषण तथा कर्ज अदायगी कहाँ से करे। अतः उसे पुनः घर चलाने तथा फसल उगाने के लिए रिश्तेदारों, साहूकारों या फिर बैंक के पास जाना होता है। चूंकि बैंक का पिछला ऋण अदा नहीं होने के कारण बैंक जल्दी से किसान को ऋण नहीं देते हैं । परिणामतः किसान महाजन के पास ऊंचीं ब्याज दर पर ऋण लेने के लिए मजबूर हो जाता है । इस तरह किसान कर्ज के दुष्चक्र में फंसा तड़पता रहता है और जिन्दगी से हार मानकर आत्महत्या जैसे कदम उठाता है। यह किसान की जिन्दगी की कड़वी सच्चाई है। कपास के साथ साथ यह स्थिति सभी खाद्यान फसलों के संकर बीजों के साथ है। यहाँ यह उल्लेख करना ज़रूरी है कि किसान द्वारा शंकर बीज से उत्पन्न फसल से प्राप्त बीज को अगली फसल के लिए उपयोग नहीं कर सकता है ।

यदि करता भी है, तो उससे अपेक्षित उत्पादन नहीं होता है। अतः मजबूरन किसानों को हर बार अपनी फसल के लिए बाजार से संकर बीज खरीदना ही होता है। नकली बीज, घटिया खाद, नकली कीट व रोग नाशकों का सीधा असर देश की खाद्यान्न उत्पादन तथा उत्पादकता पर तो पड़ता ही है, राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक एवं सामरिक स्थितियाँ एवं परस्थितियों के भी प्रभावित होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं ।राष्ट्रीय सुरक्षा तथा संप्रभुता के लिए कृषि एवं किसान के महत्त्व को वर्ष 1965 में भारत पाक युद्ध के समय घटित एक घटना से समझा जा सकता । उस समय भी भारत को अमेरिकी मदद दी गई थी। तब भारत में तत्कालीन अमेरिकन एम्बस्सडर चैस्टर बॉउल्स , तत्कालीन अमेरिकन राष्ट्रपति एल बी। जॉनसन से भारत को अन्न भेजने की समस्या पर बात करने के लिए वाशिंगटन गए हुए थे। उधर जॉनसन भारतीय नेताओं की वियतनाम नीति पर अमरीकी आलोचना से क्षुब्ध थे। बॉउल्स ने जॉनसन को यह दलील दी कि भारत ही नहीं अन्य देश भी अमेरिका की वियतनाम

नीति की आलोचना करते हैं। तब जॉनसन ने जवाब दिया कि " पर वे अन्य देश हमसे अन्न तो नहीं मांगते हैं।"जॉनसन के इस संक्षिप्त जबाव में गहरे, बहुत गहरे निहितार्थ छिपे हुए थे। जॉनसन के इस कथन से देश की अर्थव्यवस्था ही नहीं, राष्ट्र के स्वाभिमान एवं उसकी संप्रभुता के संबंध में भी कृषि के महत्त्व को आसानी से समझा जा सकता है। अतः कृषि प्रधान भारत में इस तरह के अवैध व्यापार से न केवल किसान प्रभावित होते हैं बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता तथा खाद्यान्न सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं ।ऐसी स्थिति में बाजार में उपलब्ध बीज तथा खाद का विश्वसनीय होना अनिवार्य शर्त है। यह तभी संभव है जब कृषि से जुडी निविष्टियों की आपूर्ति पर सरकार की कड़ी निगरानी होगी । अतः केंद्र एवं राज्य सरकारों को इन्हें पूर्णतः बाजार के हाथों जाने से, समय रहते रोकना होगा। वहीं संबंधित बीज के लिए घोषित दावों के इतर परिणामों के लिए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बीज कंपनियों की जबावदेही एवं जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। कृषि निविष्टियों की कालाबाजारी में लिप्तव्यापारियों के न केवल लाएसेंस हमेशा के लिए जब्त/रद्द किए जाने चाहिए वल्कि नकली बीज गिरोहों के साथ इन्हें राष्ट्र द्रोह के अंतर्गत गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करने की समय की जरूरत है।

सोशल मीडिया आचार संहिता

डॉ अरविन्द मिश्रा

यदि हम सोशल मीडिया की बात करते हैं तो सबसे पहले और प्रमुखता के साथ फेसबुक और वाट्सऐप का नाम दिमाग में कौंधता है। फिर यूट्यूब जो पूरी तरह विजुअल मीडिया है। इन्स्टाग्राम आपको सेलिब्रिटी बनाने का चारा फेकता है तो ट्विटर का अलग आकर्षण है।

फेसबुक ने अपने फीचर्स में ढ़ेर सारे बदलाव इन वर्षों में कर डाला है। विज्ञापनों की भरमार है। हर चार या पांच पोस्ट के बाद कोई न कोई विज्ञापन आ टपकता है। फिर तमाम समूह बने हैं जिनके सदस्यों से चैट करने के जटिल तौर तरीके हैं। फेसबुक के हर प्रोफाईल को प्रोफेशनल यानि व्यावसायिक बनाने के भी आफर हैं।

मगर सोशल मीडिया के साथ एक बड़ी मुश्किल यह हो गयी है कि बहुत सारी अनचाही, अयाचित और अवांछित सामग्री जिसमें आपकी कोई रुचि नहीं होती है और वह किसी भी दृष्टि से न तो आपके लिए और न ही समाज के लिये उपयोगी होती है आपसे साझा होती रहती है।

चाहे वह फेसबुक की आपकी टाईमलाईन हो अथवा मेसेज बाक्स या फिर वाट्सअप का आपका पेज या इन्स्टाग्राम या ट्विटर के कुछ फीचर्स, अवांछित सामग्री का ढ़ेर इकट्ठा होता रहता है। वाट्सअप पर साझा की गयी सामग्री तो आपके फोन के संग्रह स्पेस को भी तेजी कम करती चलती है। मित्रता के चयन का अधिकार निसंदेह आपका है मगर मित्रगण बिना अगले की रुचि जाने समझे सामग्रियों का अग्रेषण बिना दिमाग लगाये यंत्रवत करते रहते हैं। और कुछ मित्र तो इस मामले में एकदम बेरहम होते हैं।वे दनादन दनादन नमस्ते पूर्व अग्रसारित, ज्यादातर निरर्थक सामग्रियों का अग्रसारण करते हैं। कुछ मेसेज बाक्स में मित्रता स्वीकार करते ही आ टपकते हैं और ऊलजलूल लिखना शुरू हो जाते हैं। कुछ तो निष्काम भाव से अल्लसुबह गुडमार्निंग नमस्कार के साथ ही पुष्प गुच्छों को भेजते हैं। माना कि यह वे मित्र के प्रति अपने स्नेह सम्मान के कारण ऐसा करते हैं मगर एक साथ कितने ही मित्रों का यह पुष्पयुक्त सम्मान सुबह सुबह ही एक बोझ बन जाता है। किसका देखें किसका छोड़े। किसका बिना देखे ही डिलीट मार दें। मित्रो से बहुत विनम्रता पूर्वक निवेदन भी करने का कोई सार्थक परिणाम नहीं निकलता कि भाई कभी कभार एकाध पुष्प भले ही अर्पित कर दिया करें ये रोज रोज का बुके मत भेजा करें, नागवार लगता है। इस पर कई मित्र बुरा मान जाते हैं संवाद तक तोड़ देते हैं। कुछ और मित्र जिनमें जन्मना बटुक बन्धुओं की भरमार होती है हिन्दुत्व की ललकार वाले वीडियो जोरशोर से पोस्ट करते हैं कभी कभार ही उनमें कोई एकाध ही गंभीर और बुद्धिगम्य होते हैं।बाकी निरर्थक। कई सीनियर मित्रों को तो संकोचवश मना भी नहीं कर पाते। मेरी ही नहीं, आपकी भी रोजगार और घर परिवार की ढ़ेर सारी व्यस्तताएं होती होंगी मगर मित्रगण को इसकी कहां परवाह, न जाने कहां से उन्हें इतनी फुरसत मिल जाती है कि वे अपने स्नेहिल सम्मान (नृशंसता) से आपको नवाजे बिना नहीं रहते। उनका यह प्रेम इतनी बढ़ जाता है कि वे आपका ध्यान बार बार किसी धीर गंभीर काम से विकर्षित कर देते हैं। कितना और भी कुछ डिजिटल मीडिया पर उपयोगी रहता है जिसे पढ़ना गुनना ज्यादा जरुरी है जिसके लिये समय कम पड़ जाता है। और उन्हें तो जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता।

इसलिये सोशल मीडिया की एक आचार संहिता जरुर होनी चाहिए जिसका अनुपालन हम सभी को समर्पित भाव और समझ के साथ करना चाहिए। जैसे कुछ सुझाव निम्नवत हैं।

1-बिना खुद किसी सामग्री को ठीक से पढ़े और उसकी व्यक्ति या समूह के लिये उपयोगिता को परखे कदापि साझा /अग्रसारित न करें।

2-रोज रोज बुके या धार्मिक सामग्री भजन या हिन्दू जागरण के पोस्टरादि साझा न करें । हो सकता है कि प्रेष्य का झुकाव और अभिरुचि आप सरीखी न हो।

3-यदि आप वाकई किसी के घनिष्ठ मित्र हैं तो उसकी अभिरुचियों से जरूर अवगत होंगे, फिर तो उसकी गहरी अभिरुचि और आवश्यकता का आकलन करके ही सामग्री साझा किया करें, तभी वह सार्थक भी होगी और संवाद स्थापित करेगी। कुछेक मित्र समाचार पत्रों में छपे अपने मुद्रित लेख को जरुर साझा करेंगे। अब भला बासी सामग्री सोशल मीडिया पर साझा करने की क्या जरुरत है। अपने वाल पर भले कर लीजिये। मित्र के संदेश बाक्स तक क्यों ले जाते हैं? सोचते हैं शाबाशी मिलेगी? वाहवाही होगी? जबकि ठीक इसके विपरीत मित्र की प्रतिक्रिया होती है कि ये नामुराद फिर आ टपका।

4-किसी ने आपकी मित्रता रिक्वेस्ट का सम्मान यदि कर दिया है तो उसके मेसेज बाक्स में गदर मचाना मत शुरु कर दीजिये। फेसबुक पर ऐसे धूमकेतु और उल्कापिंड सरीखे मित्र ब्लाक भी उतनी ही तीव्रता से होते हैं।

5-सोशल मीडिया का शुरुआती उद्येश्य भले ही स्वजनों या स्वधर्मियों के बीच संवाद समन्वय, हालचाल और हलो हाय के लिए था मगर अब उसके अनेक आयाम हो चुके हैं जिन्हें आप द्वारा अपनाया और उपयोग में लाया जाना चाहिए ।

6-मात्र अपने किसी डिजिटल प्रोडक्ट या दवाओं और सामग्रियों की बिक्री के लिये मित्रों का शोषण न करें। विज्ञापन के लिये सोशल साईट्स के अलग प्रावधान हैं।

यू टर्न ही यू टर्न !



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

टीवी, समाचार पत्रों ने हमें लाख समझाया कि खाने से पहले और खाने के बाद साबून से हाथ धो लिया करो। और हम थे कि इन बातों को हवा करने में अपनी शान समझते थे। हम उसे विज्ञापन कम टाइमपास ज्यादा मानते थे। रिमोट हाथ में होता तो फट से चैनल का टेंटुआ दबा देते और कहते - यह फालतू की बक-बक सुनने की फुरसत किसे है? क्या हमें नहीं पता की हाथ की सफाई क्या होती है? इस देश में लोग कुछ सीखे न सीखे हाथ की सफाई जरूर सीखते हैं। इससे स्वच्छता और संपन्नता दोनों बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सरकारी विज्ञापन हाथ की सफाई के बारे में संविधान जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा तो सरल है, लेकिन बुद्धि का घड़ा औंधे रखा हो तो कोई बात दिमाग में कैसे घुसे? सो हमने भी इसे समझने की जहमत नहीं की। हमारे हाथ की सफाई के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपया फूंक दिया। फिर उन्हीं लाखों-करोड़ों की उगाही के लिए कभी हमसे धूम्र शलाका फुंकवा दिया। तो कभी मुँह में खजांची बना दाने-दाने में केसर ढूँढ़वाने लगा दिया। हिसाब बराबर। तुम अपने घर खुश और हम अपने घर।

कहते हैं सबका दिन आता है। सो हाथ की सफाई वाला दिन भी आया। आया तो आया ऐसा आया कि हाथ की सफाई से लेकर मुँह, नाक, आँख या यूँ कहें कि पूरे बदन को साबून से धोने की नौबत आ पड़ी। ऊपर से मुँह और नाक पर चिथड़े का टुकड़ा अलग से। कुछ दिनों तक यह टिटिम्मा भी खूब चला। सबका अंत आता है। मास्क का भी आया। जब कोई वस्तु अति होने लगती है, त उसका पतन भी अति करने वाला ही करता है। कुछ लोग जिंदगी को तपाकर कुंदन बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं तो कुछ महाशय खुद लोगों के क्रंदन से पॉपुलर हो गए।

माना कि हाथ की सफाई वाले विज्ञापन का हमने ठीक से पालन नहीं किया। इसका मतलब यह तो नहीं कि हाथ की सफाई के साथ-साथ मुँह, नाक और बदन की सफाई कहीं भारी न पड़ जाए। बैंक भी ब्याज लेता है, लेकिन एक निश्चित दर से। लेकिन यह हाथ की सफाई का ब्याज तो हमारे पल्ले पड़ता ही नहीं। यह ब्याज के एवज में हमसे बदला ले रहा है। हमारे पढ़े-लिखे मूर्ख होने का हर कोई लाभ उठा रहा है।

ऋषि भृँगी कौन थे ? माता पार्वती से क्यों मांगनी पड़ी क्षमा ?



भृंगी ऋषि की कथा – ऋषियों में एक ऋषि भृँगी थे। वो स्त्रियों को तुच्छ समझते थे और शिवजी को गुरुतुल्य मानते थे किन्तु मां पार्वती को वो अनदेखा करते थे। एक तरह से वो मां को भी आम स्त्रियों की तरह साधारण और तुच्छ ही समझते थे। महादेव भृँगी के इस स्वभाव से चिंतित और खिन्न थे।

एक दिन शिवजी ने पार्वती माता से कहा- आज ज्ञान सभा में आप भी चले। माँ पार्वती शिवजी के इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और ज्ञान सभा में शिव जी के साथ विराजमान हो गई।

सभी ऋषिगण और देवताओ ने मां और परमपिता को नमन किया और उनकी प्रदक्षिणा की और अपना अपना स्थान ग्रहण किया।

किन्तु भृँगी महर्षि मां पार्वती और शिव जी को साथ देख कर थोड़े चिंतित थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि वो शिव जी की प्रदक्षिणा कैसे करे। बहुत विचारने के बाद भृँगी ने महादेव जी से कहा कि वे अलग खड़े हो जाए। शिवजी जानते थे भृँगी के मन की बात। वो मां पार्वती को देखने लगे। माता उनके मन की बात पढ़ ली और वो शिवजी के आधे अंग से जुड़ गई और अर्धनारीश्वर रूप में विराजमान हो गई।

अब तो भृँगी और परेशान कुछ पल सोचने के बाद भृँगी ने एक राह निकाली। भवरें का रूप लेकर शिवजी के जटा की परिक्रमा की और अपने स्थान पर खड़े हो गए। माता पार्वती को भृँगी के ओछी सोच पर बहुत क्रोध आ गया। उन्होंने भृँगी से कहा तुम्हें स्त्रियों से इतना ही परहेज है तो क्यों न तुम्हारे में से स्त्री शक्ति को पृथक कर दिया जाए और मां पार्वती ने भृँगी से स्त्रीत्व को अलग कर दिया। अब भृँगी न तो जीवितों में थे न मृत थे। उन्हें अपार पीड़ा हो रही थी। वो मां पार्वती से क्षमा याचना करने लगे।

तब शिवजी ने मां से भृँगी को क्षमा करने को कहा। मां पार्वती ने उन्हें क्षमा किया और बोली संसार में स्त्री शक्ति के बिना कुछ भी नहीं। बिना स्त्री के प्रकृति भी नहीं पुरुष भी नहीं। दोनों का होना अनिवार्य है और जो स्त्रियों को सम्मान नहीं देता वो जीने का अधिकारी नहीं।

जब भी भगवान शिव के गणों की बात होती है तो उनमें नंदी, भृंगी, श्रृंगी इत्यादि का वर्णन आता ही है। भृंगी शिव के महान गण और तपस्वी हैं। भृंगी को तीन पैरों वाला गण कहा गया है। कवि तुलसीदास जी ने भगवान शिव का वर्णन करते हुए भृंगी के बारे में लिखा है -

बिनुपद होए कोई। बहुपद बाहु।

अर्थात: शिवगणों में कोई बिना पैरों के तो कोई कई पैरों वाले थे। यहां कई पैरों वाले से तुलसीदास जी का अर्थ भृंगी से ही है। पुराणों में उन्हें एक महान ऋषि के रूप में दर्शाया गया है जिनके तीन पांव हैं। शिवपुराण में भी भृंगी को शिवगण से पहले एक ऋषि और भगवान शिव के अनन्य भक्त के रूप में दर्शाया गया है। भृंगी को पुराणों में अपने धुन का पक्का बताया गया है। भगवान शिव में उनकी लगन इतनी अधिक थी कि अपनी उस भक्ति में उन्होंने स्वयं शिव-पार्वती से भी आगे निकलने का प्रयास कर डाला।

भृंगी का निवास स्थान पहले पृथ्वी पर बताया जाता था। उन्होंने भी नंदी की भांति भगवान शिव की घोर तपस्या की। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने उसे दर्शन दिए और वर मांगने को कहा। तब भृंगी ने उनसे वर माँगा कि वे जब भी चाहें उन्हें महादेव का सानिध्य प्राप्त हो सके। ऐसा सुनकर महादेव ने उसे वरदान दिया कि वो जब भी

चाहे कैलाश पर आ सकते हैं। उस वरदान को पाने के बाद भृंगी ने कैलाश को ही अपना निवास स्थान बना लिया और वही भगवान शिव के सानिध्य में रहकर उनकी आराधना करने लगा।

भृंगी की भक्ति भगवान शिव में इतनी थी कि उनके समक्ष उन्हें कुछ दिखता ही नहीं था। भृंगी केवल शिव की ही पूजा किया करते थे और माता पार्वती की पूजा नहीं करते थे। नंदी अदि शिवगणों ने उन्हें कई बार समझाया कि केवल शिवजी की पूजा नहीं करनी चाहिए किन्तु उनकी भक्ति में डूबे भृंगी को ये बात समझ में नहीं आयी।

भृंगी केवल भगवान शिव की परिक्रमा करना चाहते थे किन्तु आधी परिक्रमा करने के बाद वे रुक गए, भृंगी ने माता से अनुरोध किया कि वे कुछ समय के लिए महादेव से अलग हो जाएँ ताकि वे अपनी परिक्रमा पूरी कर सके।

अब माता ने हँसते हुए कहा कि ये मेरे पति हैं और मैं किसी भी स्थिति में इनसे अलग नहीं हो सकती। भृंगी ने उनसे बहुत अनुरोध किया किन्तु माता हटने को तैयार नहीं हुई। भृंगी अपने हठ पर अड़े थे। महादेव ने तत्काल महादेवी को स्वयं में विलीन कर लिया। उनका ये रूप ही प्रसिद्ध अर्धनारीश्वर रूप कहलाया जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ था। उनका ये रूप देखने के लिए देवता तो देवता, स्वयं भगवान ब्रह्मा और नारायण वहां उपस्थित हो गए।

भृंगी ने कीड़े का रूप धर कर महादेव के सिर पर परिक्रमा करना चाही तब माता पार्वती ने उन्हें शाप देकर उनके भीतर के स्त्री रूप को छिन्न भिन्न कर दिया। दयनीय स्थिति में आने के बाद माता पार्वती से क्षमा याचना की दोनों की पूजा और परिक्रमा की। तब महादेव के अनुरोध पर माता पार्वती अपना श्राप वापस लेने को तैयार हुए किन्तु भृंगी ने माता को ऐसा करने से रोक दिया। भृंगी ने कहा कि - हे माता! आप कृपया मुझे ऐसा ही रहने दें ताकि मुझे देख कर पूरे विश्व को ये ज्ञान होता रहे कि कि शिव और शक्ति एक ही है और नारी के बिना पुरुष पूर्ण नहीं हो सकता।

उसकी इस बात से दोनों बड़े प्रसन्न हुए और महादेव ने उसे वरदान दिया कि वो सदैव उनके साथ ही रहेगा। साथ ही भगवान शिव ने कहा कि चूँकि भृंगी उनकी आधी परिक्रमा ही कर पाया था इसीलिए आज से उनकी आधी परिक्रमा का ही विधान होगा। यही कारण है कि महादेव ही केवल ऐसे हैं जिनकी आधी परिक्रमा की जाती है।

भृंगी चलने चलने फिरने में समर्थ हो सके इसीलिए भगवान शिव ने उसे तीसरा पैर भी प्रदान किया जिससे वो अपना भार संभाल कर शिव-पार्वती के साथ चलते हैं। शिव का अर्धनारीश्वर रूप विश्व को ये शिक्षा प्रदान करता है कि पुरुष और स्त्री एक दूसरे के पूरक हैं। शक्ति के बिना तो शिव भी शव के समान हैं। अर्धनारीश्वर रूप में माता पार्वती का वाम अंग में होना ये दर्शाता है कि पुरुष और स्त्री में स्त्री सदैव पुरुष से पहले आती है और इसी कारण माता का महत्त्व पिता से अधिक बताया गया है।

4 जगहों पर दिल खोलकर करें दान बढ़ेगा आपका धन 4 गुना

आचार्य चाणक्य के अनुसार यदि आप पांच जगहों पर दिल खोलकर दान करते हैं तो आपका धन कई गुना बढ़ेगा। यदि आप कंजूस बने रहते हैं तो एक दिन आपका धन समाप्त हो जाएगा किसी रोग या किसी शोक में। धन की बचत जरूर करें परंतु वक्त पड़ने पर दान भी करें। आओ किन चार जगहों पर धन का दान देना चाहिए।

1. मंदिर में दान : चाणक्य के अनुसार समय समय पर मंदिर में दान दक्षिणा देने से ईश्वरीय कृपा होती है एवं धन और बढ़ता है। घर में कभी दरिद्रता नहीं आती है। मंदिर में नहीं तो किसी पवित्र स्थान या तीर्थ क्षेत्र में दान करें। संन्यासियों के आश्रम में दान करें।

2. रोग-दवा : किसी बीमार व्यक्ति की सहायता करने में धन खर्च करने से परोपकार और पुण्य की प्राप्ति होती है, जिससे ईश्वर प्रसन्न होते हैं और ऐसे व्यक्ति के धन में बरकत बनी रहती है। खासकर कुष्ट रोगियों की सहायता करना चाहिए। दवा के लिए या अस्पताल के लिए भी दान कर सकते हैं।बन रहे अस्पताल में आर्थिक मदन कर सकते हैं।

3. शिक्षा : शिक्षा या ऐसे व्यक्ति को शिक्षित करने में धन खर्च करें जो अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहता है लेकिन धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसा व्यक्ति देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करता है। गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य होता है।

4. सामाजिक कार्य : स्कूल, अस्पताल, धर्मशाला, मंदिर, आश्रम, कुएं, बावड़ी, सड़क आदि बनवाने में आर्थिक सहायता करना पुण्य का कार्य है। इससे ना सिर्फ समाज में प्रतिष्ठा बढ़ती है, बल्कि देश और समाज का विकास भी होता है। साथ ही हजारों लोगों की दुआएं भी मिलती है। इससे धन शुद्ध होता है और दिन-रात वृद्धि की ओर बढ़ता चला जाता है।

क्या करें कि दक्षिणमुखी घर का बुरा प्रभाव हो जाए समाप्त

दक्षिण मुखी घर एक समय के बाद बुरा फल देना प्रारंभ करता है। हालांकि कई जगहों पर यह देखा गया है कि आसपास वास्तु के अनुसार कुछ चीजें होती है जिसके कारण उसका बुरा फल नहीं मिलता है। दक्षिण दिशा पर मंगल का प्रभाव रहता है इसलिए मंगल हमारे शरीर में खून, रिश्तों में भाई और लड़ाई-झगड़े का सूचक है। यह दिशा यम की दिशा भी मानी गई है। इसलिए इस दिशा का दोष दूर करना होता है। यदि आपका भी घर दक्षिण मुखी है तो जानिए वास्तु के कुछ खास टिप्स, जिन्हें करना जरूरी है।

1. नीम का पेड़ :-

मंगल की दिशा दक्षिण मानी गई है।

नीम का पेड़ मंगल की स्थिति तय करता है कि मंगल शुभ असर देगा या नहीं।

अतः दक्षिण दिशा में नीम का एक बड़ा सा वृक्ष जरूर होना चाहिए।

यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने द्वार से दोगुनी दूरी पर स्थित नीम का हराभरा वृक्ष है या मकान से दोगना बड़ा कोई दूसरा मकान है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।

2. पंचमुखी हनुमान :-

द्वार के ऊपर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र भी लगाना चाहिए।

द्वार के ठीक सामने आशीर्वाद मुद्रा में हनुमान जी की मूर्ति अथवा तस्वीर लगाने से भी दक्षिण दिशा की ओर मुख्य द्वार का वास्तुदोष दूर होता है।

3. आदमकद दर्पण :-

द्वार के ठीक सामने एक आदमकद दर्पण इस प्रकार लगाएं जिससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति का पूरा प्रतिबिंब दर्पण में बने।

इससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति के साथ घर में प्रवेश करने वाली नकारात्मक उर्जा पलटकर वापस चली जाती है।

4. बदलाव :- दक्षिण दिशा में मुख्य द्वारा या खिड़की है तो उस द्वारा या खिड़की को बदलकर पश्चिम, उत्तर, वायव्य, ईशान या पूर्व दिशा में लगाने से भी दक्षिण के बुरे प्रभाव बंद हो जाते हैं।

5. पिरामिठ :-

मुख्य द्वार के ऊपर पंचधातु का पिरामिड लगवाने से भी वास्तुदोष समाप्त होता है।

6. गणेश मूर्ति :-

गणेशजी की पत्थर की दो मूर्ति बनवाएं जिनकी पीठ आपस में जुड़ी हो।

इस जुड़ी गणेश प्रतिमा को मुख्य द्वार के बीचों-बीच चौखट पर फिक्स कर दें।

ऐसे फिक्स करें कि एक गणेशजी अंदर को देखें और एक बाहर को। इससे गृहक्लेश से मुक्ति मिलेगी।

मधुमालती की बेल कैसे लगाएं घर में इसे लगाने के क्या हैं फायदे



मधुमालती तो आप जानते ही होंगे... सफेद, गहरे लाल, गुलाबी और पीच कलर के रंगबिरंगे गुच्छों में लटकते फूलों ने आपका मन भी मोहा होगा। क्या आप जानते हैं कि मधुमालती के फूल रंग बदलते हैं। शुरूआती दिन में ये फूल सफ़ेद रंग के खिलते हैं। दूसरे दिन वही फूल गुलाबी रंग में बदल जाते हैं और तीसरे दिन गाढ़े लाल रंग में। वास्तव में फूलों का यह रंग बदलना विभिन्न प्रकार के कीटों को अपनी ओर आकर्षित करने की ज्यादा से ज्यादा परागण के लिए इस बेल की या कहें कि प्रकृति की चतुराई होती है।

अंग्रेजी में इसे रंगून क्रीपर या चायनीज हनीसकल भी कहते है। बंगाली में इसे मधुमंजरी, तेलुगु में राधामनोहरम, आसामी में मालती, झुमका बेल कहा जाता है। मधुमालती का बोटैनिकल नाम है।

मधुमालती की लता 2.5 से 8 मीटर ऊंचाई तक फैलती जाती है। फूल देखने में आकर्षक और मनमोहक होते हैं। मनभावन सुगंध से घर-आंगन भी महकाते हैं। मधुमालती की लता आसानी से लग जाती है और इसे खास देखभाल की जरुरत भी नहीं होती। गर्मियों में यह सघन छांव देते हैं और घर को तपती धूप से भी बचाते हैं। इसमें सफ़ेद रंग के छोटे फल भी लगते हैं जो बाद में भूरे रंग के हो जाते हैं। इसके पत्ते 4-5 इंच बड़े होते हैं।

मधुमालती के फूल, पत्ती, फल, जड़ से रोगों के उपचार होते हैं।

मधुमालती बेल कैसी भी मिटटी में लगाना संभव है। बस मिट्टी में थोड़ी नमी हो लेकिन पानी रुकना नहीं चाहिए। इसकी कलम लगाना आसान है। 3-4 इंच लंबी कलम लें, जिसमें 2-3 पत्तियां हों। इस कलम का 1 इंच हिस्सा मिट्टी में दबा दें। इसे थोड़ी छाया वाली जगह रखें या फिर इसके ऊपर कुछ कवर लगा दें। दिन में दो बार थोड़ा पानी देते रहें। महंगी खाद की कतई जरूरत नहीं है। कोई भी आर्गेनिक खाद जैसे गोबर या सूखे पत्तियों की बनी खाद इसके लिए परफेक्ट है।

मधुमालती के फायदे/ मालती के फूल के फायदे/ मधुमालती के औषधीय गुण

मधुमालती के पेड़ के हर भाग का आयुर्वेद में उपयोग होता है।

सर्दी-जुकाम हो तो मधुमालती के फूल, पत्ते का काढ़ा बनाएं। दिन में 2-3 बार पीने से लाभ होगा।

डायबिटीज की समस्या में मधुमालती के 5-6 पत्तों या फूल का रस निकालकर 4 मिली. रस दो समय पिएं।

ल्यूकोरिया के इलाज के लिए मधुमालती की पत्ती और फूल का रस पीना चाहिए।

इसकी पत्तियों को उबाल कर पीने से बुखार के दर्द में आराम मिलता है।

पेट अगर फूला हुआ लगे तो इसकी पत्ती उबालकर पीने से राहत मिलती है।

मधुमालती के फलों का काढ़ा दांत दर्द भी ठीक करता है।

इसकी पत्तियों और फल से किडनी की सूजन और जलन का उपचार किया जाता है।

मधुमालती की जड़ों का काढ़ा पेट के कीड़े निकालने में फायदा करता है। इस काढ़े से गठिया रोग में भी आराम मिलता है।

मधुमालती के वास्तु चमत्कार

घर में अगर मधुमालती की बेल है तो अधिकांश सदस्य निरोगी ही रहेंगे।

मधुमालती जिस तरह आंखों को सुंदर लगती है हमारे जीवन में भी यह बेल बहार लेकर आती है।

मधुमालती अगर घर की बगिया में है तो नकारात्मकता बाहर ही रह जाती है घर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाती है।

मधुमालती की बेल अगर घर के ऊपर छा रही है तो यह बुरी ताकतों से बचाव करती है।

जैसे जैसे घर पर मधुमालती बेल ऊपर की तरफ चढ़ती है या फैलती है घर के लोगों की तरक्की भी वैसे ही होती है।

मधुमालती की बेल घर में धन, सेहत, खुशियां, सौभाग्य, सुंदरता, समृद्धि, संपन्नता और सकारात्मकता के आगमन का प्रतीक है।

घर में यह बेल उत्तर दिशा या पूर्व दिशा में विशेष फलदायी है।

मधुमालती बेल रिश्तों में मधुरता लाती है, घर के सदस्यों का आपसी सम्मान बना रहता है।

इसे ऐसे समझे कि इसके फूल एक साथ ही खिलते पनपते हैं तो ऐसे ही प्रतीकात्मक रूप से यह परिवार को भी भरापूरा रहने का वरदान देती है। गुच्छों की तरह ही परिवार में एकता बनी रहती है।

रेंगून क्रीपर फ्लावर यानी मधुमालती न सिर्फ घर आंगन में बल्कि जहां तक इसकी सुगंध जाती है वहां तक वातावरण में शुद्धता और शुभता लाती है।

श्रीकृष्ण पर लगा था मणि चोरी करने का आरोप

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था।

एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली। मणि लेकर वह जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई।

इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और



मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है।

सत्राजित की वजह से द्वारका में श्रीकृष्ण की बदनामी होने लगी। उन्हें सभी लोग चोर और हत्यारा समझने लगे। जबकि ये सभी आरोप झूठे थे। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। ऐसा विचार करके वे मणि की खोज में जंगल की ओर चल दिए।

जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। वहां कुछ देर इधर-उधर देखने के बाद उन्हें हड्डियों का ढेर भी दिखा। श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और खा गया है और उसके पास मणि यहीं कहीं गिर गई होगी।

श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती की विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

श्रीकृष्ण ने वह मणि सत्राजित को दे दी।

सत्राजित को अपनी गलती पर बहुत पछतावा हुआ और उसने क्षमा मांगी।

श्रीकृष्ण की सीख

श्रीकृष्ण ने उससे कहा कि सत्राजित, मैं कलंक लेकर जीना नहीं चाहता। जीवन में जब किसी को ऐसे काम का कलंक मिले जो उसने नहीं किया है तो बहुत दुख होता है। ऐसी स्थिति में निराश हो जाओ या आक्रामक हो जाओ, इन दो रास्तों के अलावा एक और रास्ता है उस गलत आरोप की जड़ में जाओ और वहां से खुद को निर्दोष साबित करो। इसमें धैर्य और बुद्धिमानी काम आती है।

एक सीन के लिए 14 घंटे पानी में रहीं रकुल

क्लोरीन से जलने लगी थीं एक्ट्रेस की आंखें, क्रू मेंबर्स डालते रहे गर्म पानी

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की अगली फिल्म 'आई लव यू' है। इस फिल्म में रकुल का एक ढाई मिनट का अंडरवॉटर सीन है। एक इंटरव्यू में रकुल ने बताया कि इस ढाई मिनट के सीन को शूट करने के लिए उन्हें लगभग 14 घंटे तक पानी में रहना पड़ा।

रकुल ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'इस फिल्म के लिए मुझे एक अंडवॉटर सीक्वेंस शूट करना था। इसके लिए मुझे अजहान नाम के स्कूबा इंस्ट्रक्टर ने ट्रेनिंग दी। उन्होंने मुझे दो महीने तक ढाई मिनट के लिए अंडरवॉटर होल्ड करना सिखाया। इस सी क्वेंस की शूटिंग के दौरान मैं दोपहर 2 बजे से अगली सुबह 4 बजे तक पानी में रही।

इसी सीन की शूटिंग से पहले रकुल ने दो महीने तक अंडरवॉटर होल्ड करने की ट्रेनिंग ली थी।

यह मेरे लिए लिमिट पुश करने का मौका था

एक्ट्रेस ने आगे बताया, 'यह मेरे लिए सबसे बड़ा चैलेंज था। मैं पूरे दिन ठंडे पानी में खड़ी रही। भले ही क्रू मेंबर्स मुझे ठंड लगने से बचाने के लिए लगातार गर्म पानी डाल रहे थे पर फिर भी पानी बहुत ठंडा था। कुछ देर बाद तो पानी में मौजूद क्लोरीन की वजह से मेरी आंखें जलने लगीं। हालांकि, मेरे लिए यह अपनी लिमिट पुश करने का अच्छा मौका था और मैंने ऐसा किया भी।' निखिल महाजन निर्देशित फिल्म 'आई लव यू' 16 जून को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। इसमें रकुल के अलावा पावेल गुलाटी और अक्षय ओबेरॉय नजर आएंगे।

ढाई मिनट अंडरवॉटर होल्ड करना सीखा रकुल ने

'कजरा रे' गाने पर नोरा फतेही संग डांस करने पर ट्रोल हुए अभिषेक बच्चन, यूजर्स ने पूछा- ऐश्वर्या राय कहां है?

बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर अभिषेक बच्चन अपनी फिल्मों से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। कभी अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के तलाक की खबरें सामने आ जाती है, तो कभी ये दोनों एक रोमांटिक फोटो शेयर कर ट्रोल्स की बोलती बंद कर देते हैं। लेकिन इन सब के बीच अभिषेक बच्चन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिषेक बच्चन एक बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ डांस करते हुए दिखाई दिए।अभिषेक बच्चन इस वीडियो में 'कजरा रे' पर डांस कर रहे थे। अभिषेक बच्चन का ये वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तो चलिए जानते है अभिषेक बच्चन किस एक्ट्रेस के साथ डांस कर रहे थे।

अभिषेक बच्चन ने इस एक्ट्रेस के साथ किया डांस

ऐश्वर्या राय, अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन का 'कजरा रे' गाने पर किया गया डांस तो याद ही होगा। ये गाना काफी चर्चा में रहा था, आज भी लोग इस गाने को काफी पसंद करते हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन ने एक बार फिर 'कजरा रे' गाने पर डांस किया है। लेकिन इस बार वो ऐश्वर्या राय के साथ नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही के साथ नजर आए। अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही का ये डांस वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अभिषेक बच्चन और नोरा के इस डांस वीडियो पर यूजर्स जमकर कमेंट करते हुए नजर आए। किसी को इन दोनों का साथ डांस करना पसंद आया, तो कुछ यूजर्स इसे देखे के भड़क गए।

अभिषेक बच्चन की डांस वीडियो पर यूजर्स ने किए ये कमेंट

अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही का ये डांस वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही छा गया। इस डांस वीडियो को यूजर्स अपने-अपने हिसाब से इंस्टाग्राम पर शेयर और बाकी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर रहे हैं। इस डांस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'यहां अभिषेक बच्चन भी पिघल गए' तो वहीं कई यूजर्स ने सवाल किया कि ऐश्वर्या राय कहा है? अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही के इस डांस वीडियो को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर हमें जरूर बताएं।

शादी करने जा रहीं कंगना रनौत? एक्ट्रेस ने कार्ड बांटकर किया पैप्स को इनवाइट

बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत अपने बेबाक अंदाज और बयानों के कारण अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में कंगना ने करण जौहर की 'रामायण' की कास्टिंग में को लेकर कड़ी टिप्पणी की थी। कंगना ने रणबीर कपूर को दुर्योधन और करण जौहर को शकुनि मामा बातते हुए खूब बुरा-भला कहा था। कंगना के इस बयान पर जमकर बवाल मचा था। अब इसी बीच कंगना रनौत को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कंगना पैपराजी को अपनी शादी के कार्ड बांट रही हैं। कंगना रनौत के इस वीडियो कि सेलेब्रिटी फैनन पेज विल भयानी पर शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कंगना रनौत के ऑफिस के बाहर मीडिया की भीड़ लगी है। एक रिपोर्टर बोल रहा है, जैसा की आप देख सकते हैं कि कंगना रनौत का ऑफिस दुल्हन की तरह सजा हुआ है तो क्या यह सच है कि कंगना रनौत आखिरकार शादी कर रही हैं? तभी कंगना रनौत पीछे से एक कार में एंट्री लेती हैं, जब मीडिया कंगना से पूछती है कि क्या शादी की बात सच है तो इस पर एक्ट्रेस मीडिया को शादी का कार्ड देते हुए कहती हैं, खबरें तो आप लोग फैलाते हो, मैं तो सिर्फ खुशखबरी देती हूं। आप सब आइयेगा जरूर।

कंगना रनौत जो शादी का कार्ड मीडिया को देती हैं, उस पर लिखा था 'टीकू वेड्स शेरू।' बता दें कि इस वीडियो के जरिए कंगना रनौत अपने प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का प्रमोशन कर रही थीं। अवनीत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का निर्देशन जहां साईं कबीर ने किया है तो वहीं फिल्म को कंगना रनौत ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 23 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इस फिल्म को लेकर कंगना रनौत काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में पहली बार अवीनत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर दिखाई देगी।

दीपिका-प्रियंका की राह पर निकलीं कृति सेनन, 'आदिपुरुष' की रिलीज से पहले शुरू किया नया काम

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। ओम राउत द्वारा निर्देशित यह फिल्म 16 जून को बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'रामायण' महाकाव्य पर आधारित इस फिल्म में जहां एक्टर प्रभास प्रभु श्रीराम के रोल में नजर आएंगे तो वहीं कृति माता सीता का किरदार निभा रही हैं। अब फिल्म की रिलीज से पहले कृति सेनॉन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल कृति अब एक्टिंग के साथ-साथ फिल्में प्रोड्यूस करने की तैयारी कर रही हैं।

दरअसल कृति एक ओटीटी फिल्म के जरिए प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू करने वाली हैं। कृति को इस फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई है और वह बतौर एक्ट्रेस भी इस फिल्म में काम करेंगी। हालांकि अब ना तो इस प्रोजेक्ट के नाम का खुलासा हुआ है और ना ही फिल्म को लेकर कोई जानकारी सामने आई है। बता दें कि कृति को इस साल इंडस्ट्री में 9 साल पूरे हो चुके हैं।

अपने फिल्मी करियर को लेकर बातचीत करते हुए कृति सेनॉन ने कहा, मुझे खुशी है कि ओम राउत ने मुझे 'आदिपुरुष' के लिए

जानकी के रूप में देखा, विकास बहल को 'गणपत' की जस्सी दिखी और रोहित धवन ने मुझे अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए एक ग्लैमरस शहर की लड़की के रूप में देखा। मैं अपनी जिंदगी के इस चरण में बहुत ही एक्साइटेड और धन्य महसूस कर रही हूं और जो मुझे लगता है कि मेरे करियर का सबसे बेस्ट फेज है। यहां तक पहुंचने के लिए बहुत सारी निरंतरता, जुनून, हार्ड वर्क और खुद पर विश्वास करना पड़ा। मैं आज जहां हूं बहुत ही खुश हूं। लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि मैं अपनी आधी क्षमताओं का पता भी नहीं लगा पाई हूं।₹ कृति ने आगे कहा कि मैं और भी अधिक काम करना चाहती हूं।

बता दें कि एक्ट्रेस कृति सेनॉन ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्मों से की थी। कृति पहली बार साल 2014 में आई फिल्म नेनोक्कडीने में नजर आई थीं। इसी साल उन्होंने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म 'हीरोपंती' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी।

कोई मुझे सुंदर नहीं कहता था : शोभिता धुलिपाल

हाल ही में मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियन सेल्वन 2' में एक अहम किरदार निभाती नजर आई शोभिता धुलिपाला अपने करियर के सुनहरे दौर से गुजर रही है। उसे लगातार काम मिल रहा है और वह नियमित रूप से केवल फिल्मों में ही नहीं, ओ.टी.टी. पर भी नजर आ रही है और उसके काम की तारीफ भी हो रही है।

उसने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग के साथ की थी। धुलिपाला ने 'मिस इंडिया 2013' कांटैस्ट में 'मिस इंडिया अर्थ' का खिताब जीता और 'मिस अर्थ कांटैस्ट' में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

जब उससे पूछा गया कि उसने एक्टिंग के लिए मॉडलिंग क्यों छोड़ी तो शोभिता ने कहा, मैं 12वीं कक्षा के बाद विशाखापत्तनम से मुंबई आ गई थी। मैं एक बड़े शहर में एक गांव की लड़की की तरह उत्सुक महसूस कर रही थी। मैं अपने आप में खोई रहने वाली लड़की थी, जिसे कॉलेज में कला

अन्य गतिविधियों में कोई दिलचस्पी नहीं थी। मुझे केवल पढ़ाई का शौक था। मैं एक आदर्श किस्म की छात्रा थी। मेरी एक बंद मानसिकता थी क्योंकि मैं एक शांत शहर से आई थी। मैं भोली थी, जिसमें सामाजिक कौशल की कमी थी। 'मिस इंडिया' के लिए इंटर्नशिप कर रही कॉलेज की एक सहेली ने मुझे प्रतियोगिता के बारे में बताया। मेरी जैसी लड़की का इसमें हिस्सा लेना ही नामुमकिन-सी बात थी लेकिन संयोग देखिए, मैं विजेता बन गई। उस समय यह मेरे लिए एक बड़ी बात थी क्योंकि मैं उन लड़कियों में से एक थी, जिन्हें बड़े होते हुए किसी ने सुंदर नहीं कहा था।

मिस इंडिया कांटैस्ट मेरे कॉलेज के अंतिम दिनों में हुआ था। मैंने ग्रैजुएशन पूरी करने के बाद मास्टर्स में दाखिला लिया था। मुझे नहीं पता था कि उसके बाद कोई क्या करता है। मैंने हमेशा सोचा कि फैशन बहुत अच्छा है. मैंने इसे हमेशा मैग्जीनों में या टैलीविजन पर देखा था। मैं मॉडलों को देखती थी और बस चकित हो जाती थी।

शोभिता ने आगे कहा, मैं इससे जुड़ना चाहती थी। हालांकि, जब मैं ने मॉ ड लिं ग शु रू की तो मु झे इससे कोई सं तु ष्टि न हीं मिली। मैं इस राय पर पहुंची कि मैं रचनात्मक रूप से खुद को अभिव्यक्त करने में सक्षम होना चाहती हूं और मैंने विज्ञापनों के लिए ऑडिशन देना शुरू किया। फिर उनके माध्यम से मैंने फिल्मों के लिए ऑडिशन दिया, मेरा चुनाव हुआ और मैं आज यहां हूं।

शोभिता ने फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म पर जारी बहस के बारे में पू छे जा ने प र क हा , मैं वास्तव में फिल्म इंडस्ट्री से नहीं हूं। मेरे मा ता - पि ता स्वस्थ हैं, मैं शिक्षित हूं, मैं कुछ भाषाएं बोलती हूं और अपनी देखभाल करने में सक्षम हूं। यह अपने आप में एक बड़ा विशेषाधिकार है। वहीं जब मेरे करियर की बात आती है तो मेरे पास कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं है क्योंकि मैं एक आऊटसाइडर हूं। यह एक रोलरकोस्टर जैसी उतार-चढ़ावों से भरी सवारी रही है। मैं अपने दम पर चीजों का पता लगा रही हूं, इसलिए उनकी सराहना करना महत्वपूर्ण है जो मेरी जिंदगी में सही हुई हैं।

मुझे जवाब देने की जरूरत नहीं

शोभिता काफी समय से समांथा रुथ प्रभु के एक्स हसबैंड और साऊथ के बड़े सितारे नागा चैतन्य के साथ रिलेशनशिप को लेकर भी सुर्खियों में छाई हुई है। चर्चा है कि शोभिता और नागा काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब नागा के साथ रिश्ते की खबरों पर शोभिता ने चुप्पी तोड़ी है।

उसने कहा, मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे खूबसूरत फिल्मों में काम करने का मौका मिल रहा है। मैं एक क्लासिकल डांसर हूं और मुझे डांस करना पसंद है। मणिरत्नम सर की फिल्म में ए.आर. रहमान के तीन गानों पर परफॉर्म करना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं अभी इस पर फोकस कर रही हूं। जो लोग बिना जानकारी के बोलते हैं, मुझे ऐसा नहीं लगता कि मुझे उन्हें जवाब देने या किसी भी बात को स्पष्ट करने की कोई जरूरत है। अभी मैं बस अपने काम पर ध्यान देना चाहती हूं।

सवि का किरदार निभाएंगी भाविका शर्मा, नए लीड के नाम पर भी लगी मुहर

स्टार प्लस के धमाकेदार सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' में जल्द ही लीप आने वाला है, जिसके बाद आयशा सिंह और नील भट्ट तो शो से बाहर हो जाएंगे। लेकिन उनकी जगह नए कलाकार 'गुम है किसी के प्यार में' में कदम रखेंगे। पिछले कुछ दिनों से शो के नए लीड कलाकारों के लिए तलाश चल रही थी। कभी आकाश जग्गा का नाम सामने आया तो कभी फहमान खान को लीड के तौर पर अप्रोच किया गया। लेकिन खास बात तो यह है कि 'गुम है किसी के प्यार में' के नए लीड कलाकारों की तलाश खत्म हो चुकी है। भाविका शर्मा और अभिषेक निगम को शो के नए हीरो-हिरोइन के तौर पर चुना गया है।

'गुम है किसी के प्यार में' के नजदीकी सूत्रों ने बताया कि अभिषेक निगम और भाविका शर्मा नए लीड बन सकते हैं। सूत्रों ने इस सिलसिले में कहा, अभिषेक निगम और भाविका शर्मा 'गुम है किसी के प्यार में' के नए लीड कलाकारों के तौर पर चुन लिये गए हैं। दोनों ने 'गुम है किसी के प्यार में' की शूटिंग भी शुरू कर दी है। दोनों ने लीड के तौर पर एक एपिसोड शूट कर लिया है। जल्द ही अभिषेक निगम और भाविका शर्मा शो का प्रोमो भी शूट करेंगे। बता दें कि 'गुम है किसी के प्यार में' में जहां भाविका शर्मा सवि का किरदार निभाएंगी तो वहीं अभिषेक निगम हरो के तौर पर नजर आएंगे। हालांकि अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि उनके किरादर का क्या नाम होगा।

'गुम है किसी के प्यार में' में होगी इन कलाकारों की एंट्री

भाविका शर्मा और अभिषेक निगम के अलावा 'गुम है किसी के प्यार में' में और भी कई कलाकारों की एंट्री होने वाली है। इस लिस्ट में मानसी साल्वी, निमई बाली और अंकिता खरे का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मानसी साल्वी और निमई बाली शो के नए लीड के मां-बाप की भूमिका अदा करेंगे। इसके अलावा बताया जा रहा है कि पुराने कलाकारों में से भवानी काकू यानी किशोरी शहाणे 'गुम है किसी के प्यार में' में बनी रहेंगी।

अगर आपका मोबाइल भी धीमा काम कर रहा है तो समस्या को इस तरह दूर करें

जब भी हम नया स्मार्टफोन ख़रीदते हैं तो शुरुआत में यह बहुत आराम से चलता है। लेकिन कुछ महीने बाद यह धीमा चलने लगता है। मोबाइल धीमे होने की कई वजह हो सकती हैं। मोबाइल में कम नेटवर्क पर डाटा कनेक्शन ऑन रखते हैं तो स्मार्टफोन के प्रोसेसर पर ज़्यादा लोड पड़ता है, यानी कि प्रोसेसर को ज़्यादा काम करना पड़ता है। इस कारण भी फोन की स्पीड कम होने लगती है। इसके अलावा और भी कई वजह हैं मोबाइल स्लो होने की। इन्हें समझें और हल निकालें।

होम स्क्रीन पर रखें ज़रूरी एप्स

यदि मोबाइल के होम स्क्रीन पर ढेर सारे एप्स, विजेट्स और शॉर्टकट्स मौजूद हैं तो आपके स्मार्टफोन का धीमा होना तय है। जब भी आप होम स्क्रीन पर जाएंगे इसको लोड होने में समय लगेगा और प्रोसेसर पर लोड भी पड़ेगा और यदि आपके फोन की रैम कम है तो और भी ज़्यादा समय लगेगा। इसके लिए आवश्यक एप्स, विजेट्स को अपने होम स्क्रीन का हिस्सा बनाएं, गैर ज़रूरी एप्स को हटा दें। साथ ही लाइव वॉलपेपर की जगह स्टैटिक वॉलपेपर लगाएं क्यूंकि लाइव वॉलपेपर कुछ समय अंतराल के बाद बदलता रहता है जबकि स्टैटिक वॉलपेपर हमेशा ही एक-सा रहता है इसलिए मोबाइल के कार्य पर असर नहीं पड़ता।

डिलीट करें एंटीवायरस

मोबाइल को वायरस और मैलवेयर से मुक्त रखने के लिए एंटीवायरस का उपयोग करते हैं। लेकिन यह एंटीवायरस एप्स बैकग्राउंड में एक्टिव रहता है जो कि रिसोर्सेज का उपयोग करता है जिसकी वजह से मोबाइल स्लो चलता है या धीमा हो जाता है। यदि आप अपना मोबाइल बिना एंटीवायरस एप्स के चलाना चाहते हैं तो केवल प्ले स्टोर और आधिकारिक सोर्स से ही एप्स इनस्टॉल करें ताकि मोबाइल वायरस और मैलवेयर से मुक्त रहे।

सॉफ्टवेयर-एप्स करते रहें अपडेट

समय-समय पर अपने स्मार्टफोन के सॉफ्टवेयर और एप्स को अपडेट करते रहें क्योंकि हर अपडेट के बाद परफॉरमेंस और प्रोसेसिंग की गति बेहतर होती है और उसे ऑप्टिमाइज़ किया जाता है। इसके साथ ही यदि हम पुराने वर्शन पर काम करते हैं तो लेटेस्ट फीचर्स नहीं मिलते।

ऑटो सिंक फीचर को रखें ऑफ

जीमेल और क्लाउड स्टोरेज एप्स डाटा को सिंक करने के लिए फोन के रिसोर्सेज का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से मोबाइल धीमे काम करता है। इससे बचने के लिए ऑटो सिंक फीचर को ऑफ करें और मैनुअल डाटा को सिंक या अपडेट करें या फिर आप सेटिंग्स में जाकर इसका शेड्यूल जैसे कब और कितनी बार डाटा को सेव करना है सेट कर सकते हैं।

इस्तेमाल करें एप्स का लाइट वर्ज़न

आपके मोबाइल को धीमा करने में भारी एप्स और गेम्स की भी अहम भूमिका होती है। अगर एप्स ख़ासतौर पर सोशल मीडिया एप्स बहुत भारी हैं तो ये आपके मोबाइल की गति को प्रभावित कर सकते हैं। इसके लिए आप लाइट वर्ज़न के एप्स उपयोग करें। ये कम रैम और स्टोरेज लेते हैं और वही फीचर्स भी देते हैं।

सुगठित शरीर पाने संबंधी व्यायाम

फिट रहना कई लोगों के जीवन का लक्ष्य होता है । फिट रहने का सबसे अच्छा तरीका है फिटनेस का एक लक्ष्य निर्धारित करना, एक व्यायाम कार्यक्रम बनाना और उसका पालन करना । नित नियमित व्यायाम के द्वारा आप अपने वज़न को नियंत्रित कर सकते हैं । इन सात तरीकों के व्यायाम को अपनाकर आप एक स्वस्थ शरीर पा सकते हैं और खुश रह सकते हैं ।

पुश अप्स

पुश अप बाजुओं, छाती, ट्राइसेप्स और कंधों के सामने के हिस्से के लिए एक बेहतरीन मसल टोनिंग एक्सरसाइज़ है। पुश अप करने के लिए आप अपने शरीर को अपनी बाहों के साथ सीधा रखें, एब्स को टाइट रखें, और अपने शरीर को एक तख़्ते की स्थिति में रखें । अपने शरीर को तब तक नीचे करें जब तक कि आपकी छाती फर्श से एक या दो इंच ऊपर न हो जाए, और कोहनी को लगभग 45 डिग्री के कोण पर पीछे की ओर खींचे । अपने धड़ को जमीन से दूर तब तक धकेलें जब तक कि आपकी बाहें बंद न हो जाएं, फिर इस प्रक्रिया को दोहराएं ।

स्क्वाट

'स्क्वाट एक्सरसाइज़' सम्पूर्ण लोअर बॉडी वर्कआउट के लिए बेहतरीन व्यायाम है । ये व्यायाम कूल्हों और जांघों के अधिकांश प्रमुख मांसपेशियों के लिए प्रभावकारी हैं।

इस व्यायाम को करने के लिए अपने पैरों को कूल्हे से थोड़ा दूर करके खड़े हों । पीठ सीधी, कंधे नीचे, पैर की उंगलियां थोड़ी बाहर की ओर रखें । अपनी पीठ को सीधा रखते हुए, अपने शरीर को नीचे और पीछे इस तरह नीचे करें जैसे कि आप एक कुर्सी पर बैठे हों । ऐसा तब तक करें जब तक कि आपकी जांघें जमीन के समानांतर न हों । सुनिश्चित करें कि आपके घुटने आपके पैर की उंगलियों के ऊपर से न गुजरें । इस व्यायाम आपके रीढ़ को सीधा रखना सुनिश्चित करता है । धीरे-धीरे वापस ऊपर उठें और यह क्रम दोहराते रहें ।

अपनी जांघ और नीचे की मांसपेशियों को टोन करना

अपने पैरों को तराशने और अपनी जांघों और नीचे की मांसपेशियों को टोन करने के लिए आप ये व्यायाम करें । अपने हाथों और घुटनों पर खुद को सहारा देते हुए लेट जाएँ । फिर, एक पैर को सीधा रखने की कोशिश करते हुए, उसी समय में विपरीत हाथ को ऊपर उठाते और खींचते हुए झुकें । इसके बाद दूसरे हाथ और पैर के लिए भी ऐसा ही करें ।

एब्स एक्सरसाइज़

यह व्यायाम मज़बूत एब्स बनाए रखने में मददगार होने के साथ ही पीठ दर्द को कम करने, आपकी चपलता को बढ़ाने और आपके शरीर के लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करता है । अपनी पीठ के बल लेट जाएं और अपनी बाहों को ऊपर उठाएं, फिर धीरे-धीरे अपना एक पैर उठाएं, घुटने पर झुकें, और इसे अपने हाथ से स्पर्श करें । प्रारंभिक स्थिति में लौटें और दूसरे पैर और हाथ से यह क्रिया दोहराएं ।

एब्स और नितंब

यह व्यायाम आपके एब्स और नितम्ब के लिए त्वरित एब्स और ग्लूट वर्कआउट है ।

सबसे पहले, अपने शरीर को अपने हाथों और पैरों पर बनाए रखें ताकि आपका शरीर फर्श के ऊपर एक त्रिकोण बना सके। अपने एक पैर को जितना हो सके ऊपर उठाएं, और फिर इसे धीरे-धीरे नीचे करें और अपने घुटने से अपनी नाक के सिरे को छूने की कोशिश करें। प्रारंभिक स्थिति में लौटें और दूसरे पैर के साथ भी ऐसा ही करें ।

कमर का व्यायाम

संपूर्ण पतली कमर पाने के लिए, आपको व्यायाम के सही मिश्रण की आवश्यकता होती है जो आपके चयापचय को बढ़ाते हुए आपके दाहिनी कोर की मांसपेशियों को लक्षित करता है। इस व्यायाम में अपने पैरों को व्यापक रूप से अलग करते हुए घुटनों को थोड़ा मोड़ें और दीवार के खिलाफ़ अपनी पीठ को प्रारंभिक स्थिति लें।

फिर, अपनी उंगलियों को लेस करें या एक गेंद लें, और धीरे-धीरे अपने हाथों को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाएं, उनके साथ दीवार को छूने की कोशिश करें ।

प्लैंक एक्सरसाइज़

प्लैंक व्यायाम आपको अपने शरीर के ऊपरी और निचले हिस्से में ताकत बनाने में मदद करता है ताकि एक अच्छा पूर्ण शरीर काम करे।

प्रेस-अप पोज़ीशन में आकर शुरुआत करें। अपनी कोहनियों को मोड़ें और अपना भार अपने अग्र-भुजाओं पर टिकाएं न कि अपने हाथों पर। आपके शरीर को कंधों से टखनों तक एक सीधी रेखा में बनाए रखें ।

अपने नाभि को अपनी रीढ़ की हड्डी के साथ खास स्थिति में रखें। निर्धारित समय के लिए इस स्थिति में बने रहें ।

स्मोकिंग से स्किन पर होने लगता है ये गंभीर रिएक्शन...भरी जवानी में बूढ़े दिख सकते हैं आप

स्मोकिंग एक बुरी हैबिट है ये बात तो हम सभी जानते हैं. लेकिन आज कल युवा और नौजवानों के बीच स्मोकिंग एक फैशन बन चुका है जो की उन्हें अंदर और बाहर दोनों तरफ से नुकसान पहुंचा रहा है. जो लोग स्मोकिंग करते हैं उन्हें कैंसर का खतरा बढ़ जाता है. सिगरेट के धुएं में मौजूद टार फेफड़ों में जमा होकर ब्लॉकेज पैदा करता है. इससे रेस्पिरेटरी सिस्टम पर काफी बुरा असर पड़ता है. सिगरेट में पाया जाने वाला निकोटिन रक्त वाहिकाओं में संकुचन का कारण बनता है, जो ब्लड सर्कुलेशन को बाधित करने लगता है. इससे ब्लड प्रेशर की समस्या होती है और हार्ट अटैक का खतरा भी ज्यादा होता है. ये सब तो अंदरूनी समस्या की बात हो गई लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिगरेट पीने से आप भरी जवानी में बूढ़े दिख सकते हैं. स्मोकर्स जो होते हैं उनके होंठ काले होने लगते हैं और स्किन से जुड़ी परेशानियों खतरा बढ़ जाता है. आईए जानते हैं स्मोकिंग से कैसे स्किन को नुकसान होता है.

स्मोकिंग से स्किन पर होने वाले नुकसान

1.रिसर्च में पाया गया है कि तंबाकू के धुएं में करीब 4000 से भी ज्यादा जहरीले कैमिकल होते हैं. इनमें से कई केमिकल कॉलेजन और इलास्टिन को प्रभावित करते हैं. इसकी वजह से आपकी स्किन वक्त से पहले ढ़ीली पड़ने लगती है और त्वचा दाल नजर आने लगती है.

2.सिगरेट से निकलने वाले धुएं में निकोटिन मॉलिक्यूल होता है जो स्किन में आसानी से अवशोषित हो जाता है. जब ये स्किन के अंदर पहुंचते हैं तो कोरोटीनोसाइट्स सेल्स को डैमेज करने का काम करते हैं. इसकी वजह से आपकी स्किन पर डेड सेल्स बढ़ सकते हैं और स्किन का रंग काला पड़ सकता है.

3.स्मोकिंग का स्किन पर साइड इफेक्ट इतना गंभीर होता है कि लोगों को सोरायसिस जैसी गंभीर बीमारी तक हो सकती है. बता दें कि सोरायसिस से एक तरह का क्रॉनिक कंडीशन है जिसके कारण स्किन पर पैचेज बनने लगते हैं.

4.केस वेस्टर्न रिसर्व यूनिवर्सिटी की एमडी के मुताबिक एक शोध में पाया गया है कि स्मोकिंग करने वालों की आंखों के नीचे के स्किन लूज हो जाती है और वो वक्त से पहले बुजुर्ग दिखने लगते हैं.

5.स्मोकिंग करने से ऐज स्पॉट बनने लगता है. ऐज स्पॉट वह नेचुरल प्रोसेस है जब कोई बुजुर्ग होता है तब उसके चेहरे पर अपने आप ही स्किन टोन में बदलाव हो जाता है, लेकिन जो लोग धूम्रपान करते हैं उनको समय से पहले ही एक स्पॉट की समस्या हो जाती है. उनका स्किन टोन वैसा ही हो जाता है जैसे लोगों में सूर्य की रोशनी में ज्यादा समय बीतने पर होता है.

6.सिगरेट के धुएं में टॉक्सिंस मौजूद होते हैं इससे शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ता है इसके कारण स्क्रीन में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होने लगती है. इससे स्किन कठोर और डैमेज हो सकती है.

7. स्मोकिंग वैस्कुलर कॉन्ट्रैक्शन का कारण बन सकता है, जो ब्लड सर्कुलेशन को कम कर सकता है. ब्लड सर्कुलेशन कम होने से किसी भी चोट या जख्म को भरने में परेशानी आती है.जो लोग सिगरेट पीते हैं उनके मामूली कट और खरोंच को भी ठीक होने में काफी वक्त लगता है.किसी सर्जरी और ऑपरेशन में बाधा आ सकता है.

क्या है इसका बचाव?

स्मोकिंग से स्किन को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए किसी दवाई या किसी ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं होती इसे रोकने के लिए स्मोकिंग छोड़ने ही एक सही रास्ता है. स्मोकिंग छोड़ने से आपके स्किन पर मौजूद समस्याएं अपने आप ही कम होने लगती है.

सावधान ! सेहत ही नहीं आपकी उम्र और खूबसूरती को भी नुकसान पहुंचा रहा है जंक फूड, बना सकता है आपको डाइबिटीज का मरीज

सेहतमंद रहना है तो आपकी डाइट हेल्दी और पौष्टिक होनी चाहिए. इस तरह का खानपान न सिर्फ आपकी बॉडी को एक्टिव रखता है, बल्कि बीमारियों से भी बचाता है. आजकल जंक फूड का ट्रेंड चल गया है. हर कोई बड़े ही चाव से खाते हैं लेकिन यह काफी खतरनाक हो सकता है. नेशनल फूड एंड टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, साल 2019 में फास्टफूड खाना वालों का आंकड़ा जहां 25 प्रतिशत तक था, वहीं, 2022 में यह 40 प्रतिशत के पार पहुंच गया. ICMR के अनुसार जंक फूड का सेहत पर बुरा असर होता है. यह आपकी खूबसूरती और उम्र पर भी असर डाल सकते हैं.

जंक फूड नुकसानदायक क्यों

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, जंक फूड में चीनी, नमक और फैट ज्यादा मात्रा में होता है. ये सभी हाई कैलोरी फूड्स होते हैं. इन फूड्स में पोषण का लेवल शून्य होता है. इस तरह के फूड खाने में टेस्टी और ललचाने वाले होते हैं इसलिए इनकी डिमांड बढ़ती जा रही है. इसे खाने से लाइफस्टाइल का बैलेंस बिगड़ रहा है. सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की टेस्टिंग लैब में हुए एक रिसर्च के मुताबिक, इंडिया में FSSAI के मानकों की तुलना में पैकेज्ड फूड आइटम में फैट, तेल और नमक की मात्रा ज्यादा है. चिप्स, नमकीन, बर्गर, स्प्रिंग रोल, पिज्जा समेत 33 जंक फूड्स ऐसे हैं, जिसे लोग ज्यादा पसंद करते हैं.

फास्ट फूड खाने से बढ़ रहीं बीमारियां

फास्ट फूड के ज्यादा सेवन से हर साल 8 परसेंट लोग बीमार हो रहे हैं. रेगुलर जंक फूड खाने से हाई ब्लड प्रेशर, दांतों में समस्या, कब्ज, हार्ट से जुड़ी परेशानी, स्किन प्रॉब्लम, लेटने और बैठने में घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

जंक फूड के नुकसान हार्ट की समस्याएं

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, जंक फूड्स में कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं. इसमें फाइबर की मात्रा बिल्कुल न के बराबर ही होती है. जब डाइजेस्टिव सिस्टम जंक फूड्स को तोड़ता है तो कार्बोहाइड्रेट ब्लड सर्कुलेशन में ग्लूकोज के तौर पर निकल जाते हैं. इससे ब्लड में शुगर भी बढ़ सकता है. इसी कारण इंसुलिन बढ़ जाता है. दिल की सेहत भी बिगड़ सकती है.

शुगर लेवल का बढ़ना

जंक फूड्स शुगर या फैट्स से भरपूर होते हैं. पिज्जा के आटे, कुकीज में ट्रांस फैट की ज्यादा मात्रा पाई जाती है, जिससे गुड कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है. कुछ जंक फूड्स खाने से शुगर लेवल तेजी से बढ़ सकता है.

ब्रीदिंग प्रॉब्लम्स

जंक फूड में अतिरिक्त कैलोरी होती है, जो वजन को बढ़ा सकता है. मोटापा बढ़ने से सांस की समस्या होने लगती है और अस्थमा का खतरा हो सकता है. जिससे सीधी चढ़ने, वर्कआउट करने या दूसरे काम करने में सांस लेने में दिक्कत आने लगती है.

उम्र और खूबसूरती पर जंक फूड का प्रभाव

जंक फूड आपको बीमार तो बना ही रहा है साथ ही स्किन, हेयर और उम्र पर भी प्रभाव डाल रहा है. इसलिए इससे बचने की सलाह दी जाती है. जंक फूड खूबसूरती को भी बिगाड़ सकती है.

भीगे हुए बादाम के फायदे जो आपकी ज़िंदगी बदल सकते हैं

काजू से लेकर पिस्ता तक, नट्स अच्छे स्वास्थ्य के लिए जाने जाते है। और वे ढेर सारे लाभ भी प्रदान करते हैं। लेकिन आप अपने नट्स का सेवन कैसे करते हैं यह भी महत्वपूर्ण है। हम सभी जानते हैं कि बादाम आंखों, दिमाग और शरीर के कई अन्य कार्यों को फायदा पहुंचाता है। लेकिन भीगे हुए बादाम वास्तव में हमारे सिस्टम और हमारे जीने के तरीके को बेहतर बनाते हैं।

भीगे हुए बादाम कच्चे बादाम से बेहतर क्यों होते हैं?

भीगे हुए बादाम बनावट, स्वाद और पोषक तत्वों की उपलब्धता में कच्चे बादाम से बेहतर होते हैं। भिगोने से बादाम की बाहरी परत नरम हो जाती है, जिससे पोषक तत्वों का स्वस्थ पाचन होता है। यह दो पोषक तत्वों – टैनिन और फाइटिक एसिड – को भी रोकता है जो इन नट्स के भूरे रंग के आवरण में पाए जाते हैं।

भीगे हुए बादाम के फायदे

पाचन में सुधार

भीगे हुए बादाम संपूर्ण पाचन प्रक्रिया को सुगम बनाकर आपके भोजन के पाचन को आसान और तेज़ बना सकते हैं। ये एक लिपिड-ब्रेकिंग एंज़ाइम लाइपेस छोड़ते हैं जो भोजन में मौजूद वसा पर काम करने के लिए जाना जाता है और इस प्रकार शरीर के पाचन तंत्र की मदद करता है।

वजनकमकरना

शोध बताते हैं कि भीगे हुए बादाम लाइपेस सहित विभिन्न एंज़ाइम छोड़ते हैं। इनका नियमित सेवन मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाता है और इस तरह वजन घटाने और प्रबंधन में मदद करता है। यह शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने में मदद करता है और मोटापे से बचाता है। यह शरीर में पानी के वजन, कमर की परिधि, और वसा द्रव्यमान को कम करने में भी मदद करता है।

गर्भावस्था में लाभकारी

गर्भावस्था के दौरान आवश्यक विटामिन और खनिजों का सेवन सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है। फोलेट का एक उत्कृष्ट स्रोत होने के नाते, भिगोए हुए बादाम नेचुरल लेबर की संभावना को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, वे यह भी सुनिश्चित करता है कि जन्मजात हृदय दोष और तंत्रिका ट्यूब जैसे जोखिमों को दूर करके बच्चा स्वस्थ पैदा होता है।

मस्तिष्क विकास में मददगार

कहा जाता है कि बादाम में एल-कार्निटाइन होता है, हालांकि इसके कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। एल-कार्निटाइन मस्तिष्क की नई कोशिकाओं के उत्पादन और वृद्धि में मदद कर सकता है। इसके अलावा, विटामिन ई और बी6 की उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि मस्तिष्क की कोशिकाओं के लिए प्रोटीन की जैवउपलब्धता बढ़े। इसके अलावा, भीगे हुए बादाम ओमेगा -6 और ओमेगा -3 के कारण मस्तिष्क के प्रभावी विकास में भी योगदान करते हैं।

हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा

बादाम पोटेशियम, प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं जो एक अच्छे और स्वस्थ दिल के लिए बहुत अच्छे होते हैं। जब आप बादाम को भिगोते हैं, तो यह इन पोषक तत्वों की अच्छाई को बरकरार रखता है। हालाँकि, इसे साबित करने के लिए अभी भी शोध चल रहा है।

कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करना

मुट्ठी भर बादाम को अपनी सुबह की दिनचर्या में शामिल करने से "एलडीएल" नामक खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है, जबकि "एचडीएल" नामक अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बनाए रखा जा सकता है। इसके अलावा पोटेशियम और मैग्नीशियम शरीर में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी अच्छे होते हैं।

बालों के स्वास्थ्य में सुधार

बादाम को नियमित रूप से भिगोकर रखना भी बालों के लिए अच्छा होता है। यह न केवल बालों के झड़ने को रोकता है, बल्कि यह ताज़ा बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है और मौजूदा बालों को मजबूत करता है। इसके अलावा, इसके पेस्ट को जैतून के तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाने से आपके बालों को पोषण मिलता है और बालों का झड़ना कम होता है।

तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंची थोक महंगाई

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारत तरक्की के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है। मई महीने में थोक महंगाई में गिरावट देखने को मिली है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई मई में घटकर शून्य से 3.48 प्रतिशत नीचे चली गई है। यानि कि इस समय भारत में महंगाई निगेटिव में चल रही है, जो तीन साल का निचला स्तर है। अप्रैल में यह शून्य से 0.92 प्रतिशत नीचे थी। यही हाल खुदरा महंगाई का भी है। मई महीने में खुदरा महंगाई दो साल के निचले स्तर 4.25% पर पहुंच गई। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई 4.7 प्रतिशत रही थी। महंगाई में कमी आने से आम लोगों पर घर चलाने का बोझ कम होगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय रिजर्व बैंक को भी रेपो रेट में कमी करने का मौका मिलेगा। पिछली दो मौद्रिक पॉलिसी में रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में उम्मीद है कि अगर महंगाई इसी तरह कम होती रही है तो अगली मौद्रिक पॉलिसी की बैठक में आरबीआई रेपो रेट में कटौती पर फैसला ले सकता है। इससे होम, कार लोन समेत सभी तरह के लोन लेने वालों को राहत मिलेगी। रेपो रेट कम होने से ईएमआई का बोझ कम होगा।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, मई, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.25 प्रतिशत रही जो अप्रैल, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल, 2021 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.23 प्रतिशत पर थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल, 2023 में 4.7 प्रतिशत रही थी। वहीं एक साल पहले मई, 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.04 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह लगातार चौथे महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। इसके साथ ही यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर पर है।

ब्रिटेन-फ्रांस को पीछे छोड़ 3.75 ट्रिलियन डॉलर की हुई भारतीय जीडीपी, 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर पर थे हम

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय इकोनॉमी ने वर्ष 2023 में बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। देश की सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) ने 3.75 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा छू लिया है। इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने ट्वीट करते हुए यह जानकारी दी है। बता दें कि, वर्ष 2014 के बाद देश की जी डी पी लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर थी, जो आज 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है, यानी दोगुनी से कुछ कम। इसके साथ ही वित्त मंत्रालय ने बताया है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा प्राइस के लिहाज से भारत की जीडीपी 3,737 अरब डॉलर की है। यदि विकसित देशों के साथ तुलना करें, तो भारत की जीडीपी अब केवल अमेरिका (26,854 अरब डॉलर), चीन (19,374 अरब डॉलर), जापान (4,410 अरब डॉलर) और जर्मनी की जीडीपी (4,309 अरब डॉलर) से कम है। वर्तमान कीमतों पर भारत की जीडीपी ब्रिटेन (3,159 अरब डॉलर), फ्रांस (2,924 अरब डॉलर), कनाडा (2,089 अरब डॉलर), रूस (1,840 अरब डॉलर) और ऑस्ट्रेलिया (1,550 अरब डॉलर) से ज्यादा है।

वित्त मंत्रालय द्वारा किए गए ट्वीट में लिखा गया है कि भारत की जीडीपी 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो 2014 में करीब 2 ट्रिलियन डॉलर पर थी। इस स्थिति में इंडियन इकोनॉमी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकदार माना जा रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में भी होगी बढ़ोतरीः-

बता दें कि, रेटिंग एजेंसी मूडीज ने रविवार (11 जून) को जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 फीसदी से 6.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। हालांकि मूडीज का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमानित 8 फीसदी की वृद्धि दर से बहुत कम है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के एसोसिएट प्रबंध निदेशक जीन फैंग ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हमें उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की विकास दर करीब 6-6.3 फीसद रहेगी।

बता दें कि, जीडीपी के आंकड़े किसी भी देश के लिए बेहद आवश्यक डाटा होते हैं। दरअसल, ये देश की अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर दिखाते हैं। जीडीपी दो तरह की होती है, पहली Real जीडीपी और Nonimal जीडीपी। रियल जीडीपी में गुड्स एंड सर्विस की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। जीडीपी के आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी किए जाते हैं।

2014 के बाद प्रति व्यक्ति आय हुई दोगुनी :-

वहीं, दूसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्षों के शासनकाल में भारत ने प्रति व्यक्ति आमदनी के मोर्चे पर लंबी छलांग लगाई है। बीते 9 सालों में यह तक़रीबन दोगुनी हो गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने जब 2014 में पहली बार शपथ ग्रहण की थी, तब भारत की प्रति व्यक्ति आमदनी 86,467 रुपए थी, जो अब बढ़कर 1.72 लाख रुपए हो चुकी है। नेशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस (एनएसओ) के ताजा डेटा के अनुसार, मोदी सरकार के करीब 9 वर्षों के शासनकाल में यह उपलब्धि हासिल की गई है।

चांदी सोना सस्ता नई कीमत जारी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)।आज बुधवार को सराफा बाजार मे सोना और चांदी दोनों सस्ती कीमत पर ही ओपन हुए, आज 14 जून 2023 को सराफा बाजार में सोने चांदी की नई कीमतें जारी की गईं। आज सोना (24 कैरेट) 400 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ती कीमत पर ओपन हुआ और चांदी 100 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती कीमत पर ओपन हुई।

चार महानगरों में 22 कैरेट सोने का भाव

22 कैरेट सोने की कीमत की बात करें तो दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 55,200/- रुपये, मुंबई सराफा बाजार में 55,050/- रुपये, कोलकाता सराफा बाजार में 55,050/- रुपये और चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 55,400/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

चार महानगरों में 24 कैरेट सोने का भाव

24 कैरेट सोने की कीमत की बात करें तो दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 60,200/- रुपये, मुंबई सराफा बाजार में 60,050/- रुपये, कोलकाता सराफा बाजार में 60,050/- रुपये और चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 60,550/- रुपये ट्रेड कर रही है।

चार महानगरों में चांदी का भाव

चांदी की कीमत की बात करें तो दिल्ली सराफा बाजार में आज 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 74,000/- रुपये है, मुंबई सराफा बाजार और कोलकाता सराफा बाजार में भी चांदी की कीमत 74,000/- रुपये है जबकि चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 78,500/- रुपये है।

पीएम प्रणाम स्कीम को मंजूरी दे सकती है कैबिनेट

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। कैबिनेट की बैठक में आज बुधवार को PM प्रणाम योजना को मंजूरी मिल सकती है। पीएम प्रणाम (प्रमोशन ऑफ ऑल्टरनेटिव न्यूट्रियन्ट्स फॉर एग्रीकलचर मैनेजमें स्कीम) का मकसद बायो फर्टिलाइजर और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। सरकार केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी के बोझ को कम करना चाहती है। केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी 2022-23 में 2.25 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। यानी 2021 के 1.62 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से 39% ज्यादा।

इस स्कीम का कोई अलग बजट नहीं होगा और इसे उर्वरक विभाग की पहले से चल रही स्कीम्स के माध्यम से ही फाइनेंस किया जाएगा। यानी अभी जो फर्टिलाइजर सब्सिडी दी जाती है उसकी सेविंग्स से ये स्कीम फाइनेंस होगी। कैबिनेट 169 शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए 62,000-63,000 करोड़ रुपए की सिटी बस ऑग्मेंटेशन योजना को भी मंजूरी दे सकती है।

'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजे गए शक्तिकांत दास

लंदन सेंट्रल बैंकिंग ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया है। देश के केंद्रीय बैंक के गवर्नर को यह सम्मान लंदन सेंट्रल बैंकिंग की ओर से दिया गया है। बता दें कि शक्तिकांत दास ने रिजर्व बैंक का गवर्नर पद संभालने के बाद कई बड़े फैसले लिए हैं। हाल ही में उन्होंने दो हजार रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने का एक बड़ा फैसला लिया है। वहीं वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बीच भी महंगाई से निपटने में उन्होंने बहुत सराहनीय भूमिका निभाई है। कोरोना संकट के दौरान भी अपने फैसलों से उन्होंने लोगों की वाहवाही लूटी थी। उस दौरान उन्होंने बैंको को कुछ महीनों के लिए ईएमआई में छूट देने के निर्देश दिए थे।

इससे पहले मंगलवार को रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने लंदन में ब्रिटेन की सेंट्रल बैंकिंग की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन बैठकों में दिए गए उद्घाटन संबोधन में कहा था कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की प्रक्रिया धीमी और लंबी होगी और मध्यम अवधि में 4 प्रतिशत के मुद्रास्फीति लक्ष्य को हासिल करने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि हमारी आबादी और 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के कारण हर साल कार्यबल में बड़ी वृद्धि को देखते हुए, हम विकास संबंधी चिंताओं से अनजान नहीं रह सकते। इसलिए, हमने महामारी के वर्षों के दौरान भी विकास को प्राथमिकता दी। इस दौरान भले ही मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर रही, लेकिन सहिष्णुता बैंड के भीतर ही रही। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई के लड़ाई जारी है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि हाल के दिनों केंद्रीय बैंकों को महामारी से तबाह अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने और मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए अपने सभी विकल्पों का उपयोग करना पड़ा और नीतियों को बदलना पड़ा।

बुलेट ट्रेन की स्पीड से भी तेज होगी हिंदुस्तान की तरक्की

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। अच्छे दिन आने वाले हैं या अच्छे दिन आ चुके हैं। यह कई बातों पर निर्भर करता है। जैसे- देश में महंगाई का क्या हाल है, रोजगार के मोर्चे पर देश कितना मजबूत है, सरकार के तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ आम जनता को कितना मिल रहा है। ऐसे और भी कई सवाल हैं, जिसका जवाब मिलने के बाद ही अच्छे दिनों के बारे में एक सटीक जानकारी दी जा सकती है, लेकिन देश की इकोनॉमी किस स्पीड से बढ़ रही है। इसका अनुमान लगाया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मंगलवार को विश्वास जताया कि भारत 2023 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, जो चालू वित्तवर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। आरबीआई गवर्नर ने लंदन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा आयोजित समर मीटिंग्स में शुरुआती भाषण देते हुए कहा कि हम 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने महामारी के बाद शानदार ग्रोथ दर्ज किया है और 2020-21 में 5.8 प्रतिशत के संकुचन से 2021-22 में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि और 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जोरदार वापसी की है। राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों की संयुक्त प्रतिक्रिया ने त्वरित सुधार का काम किया है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग, डिजिटलीकरण, टैक्सेशन , विनिर्माण और श्रम से संबंधित विभिन्न संरचनात्मक सुधारों को पिछले कुछ वर्षों में लागू किया गया है, जिसने मध्यम और दीर्घावधि में मजबूत और सतत विकास की नींव रखी है।

उन्होंने कहा कि सरकार का पूंजीगत व्यय पर लगातार जोर अतिरिक्त क्षमता पैदा कर रहा है और कॉर्पोरेट निवेश में बहुप्रतीक्षित पुनरुद्धार का पोषण कर रहा है। दास ने जोर देकर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने भी खुलेपन में तेजी से लाभ कमाया है और पिछले कुछ वर्षो में धीरे-धीरे वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत हो गई है। नतीजतन, यह तेजी से वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के सामने आ रहा है। हालांकि, यह ध्यान रखना उचित है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की वृद्धि मुख्य रूप से वैश्विक मंदी के बीच मजबूत घरेलू मांग, विशेष रूप से निजी खपत और निवेश से प्रेरित है। आरबीआई गवर्नर ने आगे कहा कि संकट के दौरान सक्रिय और फुर्तीले होने से किसी को तेजी से विकसित हो रहे घटनाक्रमों का तेजी से जवाब देने की फुर्ती मिलती है।

उम्र 59 साल, ताकत ऐसी कि दुनिया ने मानती है लोहा

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। एमआरएफ टायर ने इतिहास रच दिया है। शेयर बाजार की सबसे महंगी शेयर बन गई है। एमआरएफ के एक शेयर की कीमत 1 लाख रुपये के पार हो चुकी है। 11 साल में एमआरएफ के शेयर 1200 रुपये से 900 फीसदी चढ़कर 1 लाख रुपये पर पहुंच गए हैं। जिस कंपनी की नींव एक बैलून बेचने वाले एक शख्स ने रखी, उसे भी नहीं पता था कि दिन उसकी कंपनी देश की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार हो जाएगी। के. एम मैमन मापिल्लई पहले गुब्बारा बेचते थे। साल 1946 में उन्होंने एणआरएफ की नींव रखी। कंपनी की मालिक से लेकर लोगो तक में कहानी छिपी है।

एमआरएफ के लोगो की कहानी एमआरएफ के लोगो में एक हट्टा-कट्टा आदमी हाथ में टायर उठाए दिख जाता है। इसे मसलमैन का नाम दिया गया। साल 1964 में एमआरएफ के मसलमैन का जन्म हुआ। कंपनी के बेरूत दफ्तर में इसका लोगो डिजाइन किया गया। बेरूत पहला देश था, जहां एमआरएफ के टायर्स निर्यात किए जाते थे। कंपनी को अलग पहचान दिलाने और दूसरों से अलग बनाने के लिए के. एम मैमन मापिल्लई को लोगो की जरूरत महसूस हुई।

एमआरएफ के मसलमैन लोगो को एलिक पदमसी ने डिजाइन किया था। उन्होंने दर्जनों ट्रक चालकों के साथ बात करने के बाद सर्वे के आधार पर ये लोगो डिजाइन किया। लोगो डिजाइन के लिए कंपनी ने कैंपेन चलाया था, जिसे फिलिप एपेन ने सपोर्ट किया था। फिलीप उस वक्त कंपनी की मार्केटिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वो कंपनी के फाउंडर मापिल्लई के काफी करीबी थे। उन्होंने अपने 50 साल इस कंपनी को दिए थे।

ट्रक ड्राइवरों को समर्पित

एमआरएफ मसलमैन लोगो को डिजाइन करते वक्त एलिक पदमसी के दिमाग में एक ही तस्वीर थी कि वो ऐसा लोगो तैयार करें, जो टागरेट ऑडियंस समझ में आ सके। जब उन्होंने ट्रक ड्राइवर्स के साथ बात की, उन्होंने पाया कि ड्राइवर ऐसे टायर्स चाहते हैं, जो ताकतवर हो, मजबूत हो। देखने में पावरफुल हो। इसी सोच के साथ 1964 में एमआरएफ मसलमैन का जन्म हुआ। 1964 से आज तक ये मसलमैन भारी भरकम टायर को उठाए घूम रहा है। टीवी 1980 के दौरान टीवी विज्ञापनों में इनसे अपनी छाप छोड़ी।

अधिग्रहण पर ग्रहण

माइक्रोसॉफ्ट के गेमिंग प्लेटफॉर्म की खरीदारी पूरी करने पर रोक

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को माइक्रोसॉफ्ट को गेमिंग दिग्गज एक्टीविजन ब्लिजार्ड की 69 अरब डॉलर की खरीद पूरी करने से अस्थायी रूप से रोक दिया है। न्यायाधीश एडवर्ड डेविला ने एक फैसले में कहा कि ₹यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है₹ जबकि अदालत संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) में नियामकों के अनुरोध के अनुसार खरीद पर दीर्घकालिक निषेधाज्ञा पर विचार करती है। फैसले के अनुसार, मामले में सबूतों को सुनने के लिए सैन फ्रांसिस्को संघीय अदालत में 22 जून और 23 जून को सुनवाई निर्धारित की गई थी।

यह फैसला एफटीसी की ओर से एक संघीय अदालत से माइक्रोसॉफ्ट को एक्टीविजन ब्लिजार्ड की ब्लॉकबस्टर खरीद को पूरा करने से रोकने के लिए कहने के एक दिन बाद आया है क्योंकि वह नियामकीय कार्रवाई पर विचार कर रहा है। पीठ ने कहा, "इसके लिए प्रारंभिक निषेधाज्ञा जरूरी है... नियामक ने फाइलिंग में कहा कि अंतरिम नुकसान को रोकें जब तक कि एफटीसी यह निर्धारित करता है कि प्रस्तावित अधिग्रहण अमेरिकी अविश्वास कानून का उल्लंघन करता है या नहीं। मंगलवार का फैसला माइक्रोसॉफ्ट को इस सौदे के साथ आगे बढ़ने से रोकता है, इससे पहले कि अदालत यह तय करे कि नियामकों द्वारा मांगी गई प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी की जाए या नहीं। उत्तरी कैलिफोर्निया जिला अदालत में प्रारंभिक निषेधाज्ञा का अनुरोध करते हुए, अमेरिकी सरकार ने कंपनियों को 18 जुलाई की समय सीमा से पहले सौदे को अंतिम रूप देने से रोकने की मांग की।

सेंसेक्स 85 अंक चढ़कर 63,228 पर बंद, इसके 30 शेयरों में से 16 में तेजी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। आज यानी बुधवार (14 जून) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 85 अंक चढ़कर 63,228 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 39 अंकों की तेजी रही, ये 18,755 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिली है।

टाटा कंज्यूमर के शेयर में आज 5.17% की तेजी देखने को मिली है और ये 42.35 रुपए बढ़कर 862.25 रुपए पर बंद हुआ है। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 27 पैसे मजबूत होकर 82.11 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

8 साल के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई

आज मई महीने की थोक महंगाई दर (WPI) के आंकड़े जारी हुए हैं। मई में WPI घटकर -3.48% पर आ गई है। इसके साथ ही थोक महंगाई 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है। इससे पहले अक्टूबर 2015 में ये -3.81% पर आई थी। अप्रैल में थोक महंगाई दर -0.92% रही थी।

आज फेडरल रिजर्व की अहम बैठक

आज रात फेडरल रिजर्व की अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक पर सिर्फ अमेरिका नहीं दुनियाभर के देशों की निगाहें है। सबकी नजर इस बात पर है कि क्या फेड एक बार फिर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी करता है या फिर ब्याज दरों में कोई कमी की जाती है। फेडरल अगर ब्याज दरों में बढ़ोतरी करती है तो मौजूदा बैंकिंग संकट और बढ़ सकता है।

कल शेयर बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले कल यानी मंगलवार (13 जून) को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 418 अंक बढ़कर 63,143 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 114 अंकों की तेजी रही, ये 18,716 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

चं, गुरु राहु, सूर्य २ बुध, मंगल ४ शुक्र, ३, १२, ५, ११ शनि, ६, ७ केतु, ८, ९, १०

श्री पिंगल नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2080
शक संवत् -1945, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु-ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426876
सूर्योदय- 05-45
सूर्य अस्त- 18-47
कलियुग संवत् -5124 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949124
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885124
दिशाशूल -- दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी - 08 -32 तक उपरान्त त्रयोदशी
मास - आषाढ कृष्ण पक्ष , गुरुवार June 15
नक्षत्र - भरणी - 14- 11 - तक उपरान्त कृत्तिका
योग - सुकर्मा -02 - 01 - तक उप - धृति
करण- तैतिल - 08 -32 - तक उप- गर
विशेष:- प्रदोष व्रत-उपवास
व्रत -त्योहार - मिथुन मे सूर्य- 18-16 से

ग्रह स्थिति			लग्नारभ समय	
सूर्य-	वृष	में	मेष--	02-02 बजे
चंद्र-	मेष	में	वृष--	03-46 बजे
मंगल	कर्क	में	मिथुन..	05-46 बजे
बुध-	वृष	में	कर्क...	08-00 बजे
गुरु-	मेष	में	सिंह...	10-11 बजे
शुक्र-	कर्क	में	कन्या..	12-17 बजे
शनि-	कुंभ	में	तुला...	14-23 बजे
राहु-	मेष	में	वृश्चिक.	16-33 बजे
केतु-	तुला	में	धनु.....	18-46 बजे
			मकर..	21-22 बजे
			कुंभ...	22-43 बजे
			मीन ..	00-21 बजे

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

राहुकाल 13:55 से 15:33 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ.	05:45 - 07:21	शुभ	अमृत	18:47 - 20:12	शुभ
रोग	07:21 - 08:59	अशुभ	चंचल	20:12 - 21:33	शुभ
उत्पात	08:59 - 10:38	अशुभ	रोग	21:33 - 22:55	अशुभ
चंचल	10:38 - 12:17	शुभ	काल	22:55 - 00:17	अशुभ
लाभ	12:17 - 13:55	शुभ	लाभ	00:17 - 01:38	शुभ
अमृत	13:55 - 15:33	शुभ	उत्पात	01:38 - 02:59	अशुभ
काल	15:33 - 17:12	अशुभ	शुभ.	02:59 - 04:21	शुभ
शुभ	17:12 - 18:47	शुभ	अमृत	04:21 - 05:45	शुभ

आपका राशिफल

मेष चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा।

वृष ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपने अपने लिए बहुत ऊँचे मानक तय किये हैं और आप इन्हें हासिल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं फिर भी लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा और इससे आपको थोड़ी निराशा होगी आपको लक्ष्य तय करने से पहले अपनी क्षमताएं ध्यान में रखनी होंगी समय कोई बड़ा फैसला लेने के लिए उपयुक्त नही है।

मिथुन का, की, कू, घ, ड, झ, के, को, हा,
इस समय लोग आपके बेहतरीन विचारों को सुनने –जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं आपको अब उनसे जो भी बात मनवानी है,आप आसानी से मनवा सकते हैं,इसके लिए कोई कसर न छोड़ें अपनी अधिकार जताने की प्रवृति को नियंत्रण में रखें,यह आपके खिलाफ जा सकती है अपना दिमाग खुला रखें,आपको किसी करीबी से कोई अप्रत्याशित खबर मिल सकती है।

कर्क ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

सिंह मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
अपने प्रति ईमानदार रहें क्योंकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पायेंगे केवल दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान न करें ,जो आपको भी अच्छा लगे,वही करें आपको यह सोचने में कुछ समस्या हो सकती है कि कहां से शुरू करूं,इसलिए सारे पहलू देखकर अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें।

कन्या टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ट, पे ,पो,
अपने जीवन में नकारात्मकता लाने वाले लोगों से दूर रहें आपको यह जानकर अचरज होगा कि जिसे आप अपना हमराज समझते थे ,वही आपके बारे में उलटी-सीढ़ी बातें फैला रहा है ऐसे लोगों से सावधान रहें उन्हें अपने दिलो-दिमाग में जगह ना दें कोई नजदीकी दोस्त आपका साथ देगा यह दोस्त आपका जीवनसाथी या माता-पिता भी हो सकते हैं

तुला रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
कार्यस्थल पर कोई आपके खिलाफ चुपचाप काम कर रहा है लेकिन आज आपको इस बात का पक्का सबूत मिलने वाला है कि वह कौन हैलेकिन अभी इस आदमी से ना उलझें ,आपको केवल यह पता चल जाने से भी काफी मदद मिलेगी कि आपके खिलाफ कौन काम कर रहा है और आप अपने दुश्मनों को अपने रास्ते से हटाने में कामयाब रहेंगे।

वृश्चिक लो,ना,नी, ने,नू, या, यी ,यू,
आज के दिन आप अपने आसपास सभी को अपनी सोच और किसी भी स्थिति को सही समझने की योग्यता से प्रभावित करेंगे अपने कार्यस्थल की किसी बड़ी समस्या या किसी दोस्त की परेशानी का बहुत रचनात्मक सा हल निकलकर छा जायेंगे आपके लिए रोमांचक समय है आपको किसी का ध्यान अपनी और खीचने की जरुरत नही है।

धनु ये, यो,य, मी, मू धा ,फा, ढा, मे
समय कुछ बहादुरी भरे कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत इसके स्थान पर ,मजबूत फैसला लीजिये अवसरों को जाने मत दीजिये इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचने और अर्थहीन संबंधों को तोड़ देना ही सही रहेगा

मकर मो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी
आप अपने आप को विभिन्न दिशाओं में आकर्षित अनुभव कर रहे हैं और समझ नही पा रहे कि क्या किया जाना चाहिए ? यह परेशानी आज और ज्यादा बढ़ेगी और आपके लिए फैसला लेना और भी मुश्किल हो जाएगा आपको सावधानी से काम लेना होगा क्योंकि आपके फैसले लेने की क्षमता भावनाओ और दुसरे कारणों से प्रभावित हो सकती है।

कुंभ गू, गे ,गो, सा, सि, सू, से, सो, द,
आपके किसी करीबी के जीवन में कुछ समस्याएँ चल रही हैं और आज आपको उनकी बात सहानुभूति से सुननी पड़ेगी ऐसा हो सकता है की आप इस आदमी की बातों से निराश और बेचैन सा अनुभव करें ,लेकिन आपको बिना किसी आलोचना के इस आदमी की सहायता करनी चाहिए इससे आपके जीवन की बहुत महत्वपूर्ण दोस्ती या साझेदारी भी प्रभावित होगी।

मीन दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा यह समय सामना करने और फैसले लेने के लिए भी उपयुक्त है आप जिन अवांछित स्थितियों से बचना चाहते थे ,आपको उनमें खींचा जाएगा कुछ कठोर निर्णय लेने होंगें हालाँकि आप दबाव में भी सही फैसले ले पायेंगे और कुल मिलाकर सब अच्छा होगा।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

25 साल पुराना चक्रवात भी नहीं भूल पाया होगा गुजरात

कपड़ों की तरह लटक रही थीं लाशें, डीजल से किया गया अंतिम संस्कार

अहमदाबाद, 14 जून (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 9 जून 1998, उस दिन गर्मी थोड़ा हल्की पड़ने लगी थी। गुजरात के कांडला पोर्ट में लोग अपने रूटीन कामों में लगे थे। दोपहर होते-होते हालात बदलने लगे। पहले 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और थोड़ी देर में इनकी स्पीड 160 से 180 किमी प्रति घंटे पर पहुंच गई। अरब सागर में कम दबाव के चलते बने चक्रवात ने कांडला में हिट किया था। मरने वालों की आधिकारिक संख्या 1,485 थी। 1,700 लोग लापता बताए गए, जो आज भी लापता हैं। इसके साथ 11 हजार से ज्यादा पशुओं की मौत हुई। इस चक्रवात से मची तबाही की भयावहता इन आंकड़ों से कहीं ज्यादा थी। 15 जून 2023 को गुजरात में एक बार फिर चक्रवात हिट करने वाला है तो 25 साल पुरानी कहानी याद करके लोग आज भी सिहर उठते हैं साथ ही सरकार के मिस-मैनेजमेंट पर भी सवाल खड़े करते हैं। अरब सागर में लो प्रेशर एरिया बना था। इसके पोरबंदर और द्वारका से टकराने का अनुमान लगाया गया था। वहां टकराने के बाद इसकी स्पीड बढ़ गई और ये कच्छ का रण पार करके कांडला पोर्ट में लैंडफॉल हुआ। कांडला के लोग और प्रशासन इसके लिए तैयार नहीं था। गांधीधाम के रामबाग सरकारी अस्पताल में लाशों के ढेर लग गए थे। लॉबी में, आंगन में, हर तरफ शव कतारों में पड़े हुए थे। इनमें बच्चों की मृत्यु दर अधिक थी। कांडला-गांधीधाम के बीच पुल पर बच्चे, पुरुष और महिलाओं की लाशें सूखते कपड़ों जैसे लटक रही थीं।

तूफान कितना भयानक था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1 अगस्त तक लाशें मिलती रही थीं। कुछ शव पाकिस्तान के तट पर भी पाए गए थे। कांडला से जब अचानक तूफान टकराया तो लोग जान बचाने के लिए बंदरगाह में पड़े कंटेनरों पर चढ़ गए, लेकिन तूफान इन कंटेनरों को ही अपने साथ उड़ाकर समुद्र में ले गया। इस तरह पोर्ट पर ही सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। मौतों के सही आंकड़ों के सामने न आने का एक कारण यह भी था।

कांडला गांधीधाम परिसर में केवल एक ही श्मशान था और यहां कोई आधिकारिक कब्रिस्तान भी नहीं था। श्मशान में जब इतने सारे शव पहुंचे तो हालात बद से बदतर हो गए। इसके चलते शवों को प्लास्टिक में लपेट कर एक जगह इकट्ठा कर किया गया था। श्मशान के आसपास खाली जगहों पर पेट्रोल और डीजल छिड़ककर जलाया गया। इस दौरान भी हवा इतनी तेज थी कि शवों की हड्डियां समुद्र से लेकर हाईवे तक पर बिखर गई थीं। इस तूफान में छोटी-मोटी चीजों की बात तो दूर, विशालकाय जहाज से लेकर बार्ज और पोर्ट की महाकाय क्रेनें भी तबाह हो गई थीं। रेल की पटरियां उखड़ गई थीं और कच्छ में 15,000 बिजली के खंभे गिर गए थे। इसके चलते भुज सहित पूरे कच्छ में करीब तीन महीनों तक ब्लैकआउट रहा था।

पेट्रोल पंपों के बर्बाद होने से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी बंद हो गई थी। तूफान आने के दूसरे दिन भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल कांडला पहुंचे। इसके अगले दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर छोटे-बड़े कई नेताओं का गुजरात आना-जाना लगा रहा।

तूफान दो घंटे बाद चला गया तो इसके बाद अफवाहों का दौर भी शुरू हुआ। एक अफवाह जहरीली गैस के रिसाव की भी फैली, जिसके चलते मजदूर परिवारों का पलायन शुरू हो गया। देखते ही देखते कांडला पोर्ट और गांधीधाम से करीब

15,000 मजदूर पलायन कर गए थे। ट्रेन और अन्य यातायात बाधित होने के चलते हजारों मजदूर पैदल ही चल दिए थे। हद तो यह भी हो गई थी कि कई परिवार लाशें ले जा रही गाड़ियों में सवार थे। बस वे किसी तरह जहरीली गैस से अपनी जान बचाना चाहते थे। ये मजदूर महीनों तक नहीं लौटे थे।

चक्रवात वास्तव में कांडला पहुंचने से पहले कमजोर पड़ गया था, लेकिन जब उसने जोड़ीया से कच्छ की खाड़ी में प्रवेश किया तो खाड़ी की गर्मी के कारण इसकी गति बढ़ गई। इसके चलते तूफान भयानक रफ्तार से कांडला पोर्ट से टकराया था।

गलतफहमी उस समय हो गई, जब यह सुना गया कि तूफान कमजोर हो गया है। लोगों ने सोचा कि अब ज्यादा खतरा नहीं है। उस समय मोबाइल फोन की सुविधा तो थी नहीं। लैंडलाइन फोन भी कम थे। सैटेलाइट फोन से थोड़ी बहुत जानकारी ही मिल पाती थी। इसी के चलते किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

बचाव अभियान कैसा था?

करीब एक महीने तक कांडला के पास टापू पर लाशें पहुंचती रहीं। दर्जनों शव तो समुद्र में तैरते हुए मांडवी के तट तक पहुंच गए थे। आपदा प्रबंधन नहीं था। तूफान के बाद तटों पर कीचड़ हो गई थी। स्थानीय लोगों ने कीचड़ में खोजबीन कर सैकड़ों लाशें निकालीं। एसआरपी रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही थी। इसके अलावा भारत सरकार की दो से तीन बटालियन और नेवी भी आई थी। इसरो ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए अंतरिक्ष से तस्वीरें मुहैया करवाई थीं।

उस आपदा में 2,300 से ज्यादा लोग मरे थे। मुख्य रूप से कांडला, गांधीधाम में हताहत हुए थे। जामनगर के पास दो या तीन जहाज भी डूब गए थे। इसमें कितने लोगों की संख्या थी। इसका सही अंदाजा नहीं पता चल पाया।

इसके अलावा कच्चे मकान व पेड़ों के गिरने, करंट लगने से भी कई मौते हुईं। मरने वालों में ज्यादातर पर प्रांतीय मजदूर थे, जो कांडला और गांधीधाम पोर्ट में काम करते थे। ज्यादा तबाही भी पोर्ट एरिया में ही हुई थी। इसी के चलते ये लोग तूफान की चपेट में आ। इस आपदा में तकरीबन ढाई हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। सूचना पहले सही मिली थी कि तूफान 200 किमी की स्पीड से आगे बढ़ रहा है। बाद में इसके कमजोर पड़ने की बात भी सही थी। लेकिन, कमजोर होने के बाद तूफान फिर से रफ्तार पकड़ लेगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। तूफान ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि उसे कांडला व गांधीधाम पोर्ट तक पहुंचने में मात्र 20 से 25 मिनट का समय ही लगा। इस आपदा से सरकार ने भी सबक लिया। इसके करीब 11 महीनों बाद भी एक तूफान आया था, लेकिन अलर्ट उसके गुजर जाने के बाद ही वापस लिया गया था।

हालांकि इस बार जब हम तूफान का सामना कर रहे हैं तो एक बात तय है कि तूफान खत्म होने के 12-15 घंटे बाद तक सतर्कता बरती जाए। क्योंकि, चक्रवात की गर्मी हवा में होती है। इससे समुद्र का पानी अवशोषित होने लगता है और तूफान की रफ्तार दोबारा बढ़ जाती है।

तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सीडी पटेल ने 10 हजार मौतों का दावा किया था मृतकों की संख्या 10 हजार नहीं थी। हां, किसी टापू पर एक-दो लाशें जरूर मिली होंगी, लेकिन यह हजारों में नहीं थीं। हो सकता है आरोप सिर्फ आरोप लगाने के लिए लगाया गया हो।

तूफान ही ऐसा था, जिसे रोका नहीं जा सकता था। आप कहना चाहें तो कह सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं था। जो तत्काल कार्रवाई की गई वह प्रशंसनीय थी, क्योंकि यह इतनी जल्दी कभी नहीं हुई थी। हमारी मेहनत की काफी सराहना हुई थी।

झारखंड में 17 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों पर आदेश होगा लागू, बढ़ती गर्मी की वजह से लिया गया फैसला

रांची, 14 जून (एजेंसियां)। झारखंड के सभी स्कूलों को अब 17 जून तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि अब स्कूल 17 जून तक बंद रहेंगे। पहले आज यानी 14 जून तक स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया था। विभाग ने अधिक गर्मी और लू को देखते हुए यह निर्णय लिया है। केजी से क्लास 8 तक के सभी स्कूलों को 17 जून तक के लिए बंद किया गया है वहीं क्लास 9से 12 वीं तक के छात्रों को 15 जून से क्लास जाना होगा। कक्षाएं पहले की तरह ही चलेंगी। विभाग की तरफ से जारी की गयी चिट्ठी में साफ लिखा है कि अधिक गर्मी पड़ने और राज्य में लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई का जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कैसे होगी इस पर भी फैसला लिया जायेगा। 14 जून तक स्कूलों को बंद करने का आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने दिया था। यह आदेश 11 जून को जारी किया गया था। जारी आदेश में सचिव ने कहा कि राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त एवं सभी निजी विद्यालय 12 जून से बंद रहेंगे।

हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अतुल लखनपाल विश्व हिन्दू तख्त के कानूनी सलाहकार नियुक्त

एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य विश्व हिन्दू तख्त के कानूनी सलाहकार लखनपाल के सहायक सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे

अयोध्या, 14 जून (एजेंसियां)। श्री भगवान राम की धरती अयोध्या से सरयू नदी पर संतों की मौजूदगी में महाआरती के बाद वजूद में आए विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने विश्व हिन्दू तख्त की बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है और इसी कड़ी में वीरेश शांडिल्य ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अतुल लखनपाल को विश्व हिन्दू तख्त का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया है। अतुल लखनपाल की यह नियुक्ति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की गई है और विश्व हिन्दू तख्त के नवनियुक्त कानूनी सलाहकार अतुल लखनपाल संविधान के उन पहलुओं पर गहन अध्ययन करेंगे जो सनातन धर्म को कमजोर करते हो और वहीं आज अतुल लखनपाल को सेम जेंडर पर

सुप्रीम कोर्ट में चल रही बहस का हिस्सा बनने के लिए भी विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने अनुरोध किया।

शांडिल्य ने विश्व हिन्दू तख्त के नवनियुक्त कानूनी सलाहकार अतुल लखनपाल से उम्मीद जताई कि वह सनातन धर्म को ताकत देने के लिए और सनातन धर्म को कमजोर करने वाली कानूनी ताकतों के खिलाफ भी वह खुलकर लड़ेंगे। वहीं विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने बताया कि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य अतुल लखनपाल के साथ विश्व स्तर पर सहायक सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे।

'दिल की बात जुबान पर आ गई'

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, टीएस सिंहदेव को पता है कि अगली बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी। इसलिए उन्होंने सरकार बनने की बात पर संदेह जताया। यह उनके दिल की बात थी, जो जुबाान तक आ गई। ऐसा एक बार नही पच्चीसों बार आई है। बाद में जब उनकी पार्टी का दबाव पड़ता है तो कह देते हैं मैं कांग्रेसी हूं, मैं तो चाहूंगा कांग्रेस की सरकार बने। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के बयान पर विधायक बृजमोहन प्रतिक्रिया दे रहे थे।

असली राजा अपमान बर्दाश्त नहीं करता

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कसते हुए कहा कि, असली राजा अपमान बर्दाश्त नहीं करता है। आज टीएस सिंहदेव के साथ जो कुछ भी हो रहा है, सब देख रहे हैं। कहा कि यह समझ से परे है कि वो अपमान बर्दाश्त क्यों कर रहे हैं? आखिर मजबूरी क्या है? टीएस सिंहदेव कांग्रेस के जनघोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि लोग जब उनसे मिलने जाते है और वादों पर सवाल करते है, तो सिंहदेव का जवाब होता है कि मेरे हाथों में मांगों को पूरा करना नहीं है। बृजमोहन ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ वादाखिलाफी की है। शराबबंदी का वादा, सभी बोराजगारों को भत्ता देने जैसे कई वादे जन घोषणा पत्र में किए गए थे। सिंहदेव राज परिवार की प्रतिष्ठा प्रदेश में रही है। इसलिए जनता ने उनके बनाए जन घोषणापत्र पर भरोसा जताया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की आज भरोसा पूरी तरह से टूट गया और यह साबित हो गया है कि वो जुबान के पक्के राजा नहीं हैं।

छत्तीसगढ़ में 26 जून तक स्कूल बंद

सीएम भूपेश बघेल ने बढ़ती गर्मी और लू की वजह से लिया फैसला

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 26 जून 2023 तक बंद रखने के निर्देश प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिए हैं। सीएम के इस आदेश की वजह भीषण गर्मी को बताई गई है। प्रदेश के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों का ऐलान 15 जून तक के लिए किया गया था लेकिन इस वक्त कई जिलों में गर्म हवाएं चल रही है और लू के हालात हैं। 16 जून से स्कूल खोलने पर स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ सकता था। इसलिए मुख्यमंत्री ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने का फैसला लिया है। राज्य शासन की ओर से आंशिक संशोधन करते हुए 26 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ा दिया गया है।

राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। रायपुर, बिलासपुर सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में 40 के पार है। रायपुर में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। छत्तीसगढ़ से पहले यूपी और मध्यप्रदेश के स्कूलों में भी गर्मी की छुट्टियों को आगे बढ़ा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा गर्मी और लू से सुरक्षा जरूरी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं के बीच प्रदेश में गर्मी और लू से बच्चों की सुरक्षा जरूरी है। इसलिए स्कूलों को 27 जून से खोला जाना बेहतर होगा। छुट्टियां बढ़ने के बाद प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूल अब 27 जून से खोले जाएंगे। मध्यप्रदेश में अब सरकारी और निजी स्कूल 20 जून 2023 से खुलेंगे। सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए ये स्पष्ट कर दिया। आदेश में स्कूलों के लेट खोलने की वजह भीषण गर्मी बताई गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में भीषण गर्मी और तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए, राज्य शासन की ओर से आंशिक संशोधन करते हुए 19 जून तक ग्रीष्मावकाश बढ़ा दिया गया है।

बच्चों की पिटाई, बाल संरक्षण अधिकारी बर्खास्त

कांकेर, 14 जून (एजेंसियां)। कांकेर जिले में स्थित शिवनगर दत्तक ग्रहण केंद्र में मासूम बच्चों की पिटाई के मामले में बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारी की (संविदा) पद से सेवा समाप्त कर दी गई है।

बता दें कि दत्तक ग्रहण केंद्र में बच्चों से मारपीट मामले में बाल संरक्षण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जांच में जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने और काम में लापरवाही बरतने की बात सामने आई है। बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया को बच्चों से दुर्व्यवहार की जानकारी होने के बाद भी उन्होंने उच्च अधिकारियों को सूचित नहीं किया था।

प्रतिज्ञा विकास संस्थान दुर्ग द्वारा जिला मुख्यालय कांकेर में संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्था के खिलाफ बच्चों के साथ यातना और दुर्व्यवहार की शिकायत पाए जाने पर संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 4 जून को दत्तक ग्रहण अभिकरण पहुंचकर जांच की गई थी। निरीक्षण में संस्था के खिलाफ प्राप्त शिकायत की पुष्टि हुई है।

घटना के संबंध में जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में रीना लारिया के कथन अनुसार विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्था में बच्चों के साथ हुए दुर्व्यवहार की जानकारी होने की बात स्वीकार की थी। उसके बावजूद भी कार्रवाई के लिए सीनियर अधिकारियों को सूचित नहीं करना रीना लारिया के पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही साबित हुई थी।

मंत्री रविन्द्र चौबे से मिलने पहुंचे सीएम भूपेश

बंगले में कुमारी सेलजा, मोहन मरकाम और स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव भी मौजूद, जाना स्वास्थ्य का हाल

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा और पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के बाद अब स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव मंत्री रविन्द्र चौबे के बंगले पहुंचे हैं। मंत्रियों के बंगले जाकर राजनीतिक बैठकों का दौर प्रदेश में पहले ही शुरू हो चुका है और चौबे के बंगले में अचानक एक साथ इन नेताओं की मौजूदगी को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी चर्चाएं, इस वक्त बंगले में चल रही है। इससे पहले बस्तर में सम्मेलन के ठीक बाद मंत्री मोहम्मद अकबर के बंगले में एक बैठक रखी गई थी और अब अंबिकापुर में संभागीय सम्मेलन की समाप्ति के बाद रविन्द्र चौबे के बंगले में यह बैठक रखी गई है। बताया जा रहा है कि चुनाव से

पहले सत्ता और संगठन के बीच समीकरण बनाने की पूरी कोशिश कुमारी सेलजा कर रही हैं और इसलिए मंत्रियों के बंगले में पॉलिटिकल मीटिंग्स रखी जा रही हैं। इसके अलावा मंत्री रविन्द्र चौबे की तबीयत पिछले कुछ समय से नासाज चल रही है। तीनों नेताओं ने चौबे से उनका हालचाल भी जाना है।

मंत्री अकबर के बंगले में भी हुई थी सियासी चर्चा

3 जून को बस्तर में संभागीय सम्मेलन के तुरंत बाद वन मंत्री मोहम्मद अकबर के बंगले में डिनर पार्टी के साथ एक बैठक रखी गयी। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा और धनेन्द्र साहू पहुंचे थे।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि मोहम्मद अकबर के बंगले में भोज के साथ कुछ राजनीतिक चर्चाएं भी हुईं। जिसमें संभागीय सम्मेलनों को जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर कैसे ले जाना है। इस पर रणनीति बनी है।

भूपेश बघेल से जब ये पूछा गया कि विधानसभा चुनाव को लेकर क्या आने वाले समय में और भी मंत्रियों के घर भी बैठकें होंगी, इस पर उन्होंने कहा, कभी भी किसी के यहां बैठक हो सकती है और अब मंत्री रविन्द्र चौबे के बंगले में ये बैठक हो रही है।

युवक की गला घोंटकर हत्या

कोरबा, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव बुधवार को जंगल में पड़ा मिला है। उसके गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। ऐसे में आशंका है कि गला घोंटकर युवक की हत्या की गई है। सूचना मिलने पर पुलिस, डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम मौके पर है। युवक एक दिन पहले ही घर से निकला था। इसके बाद से उसका पता नहीं था। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ओमपुर के जंगल में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला। ओमपुर का जंगल एसईसीएल के विभागीय कॉलोनी से 300 मीटर की दूरी पर है। आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। उसकी शिनाख्त ग्राम आमाडांड निवासी बसंत कोसले (40) के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि, बसंत मंगलवार शाम करीब 6 बजे घर से बाइक लेकर निकला था, उसके बाद नहीं लौटा। परिजनों का कहना है,कि बसंत के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। मौके पर डिस्पोजल और पानी के पाउच भी पाए गए हैं। शव के पास ही पुलिस को बसंत की बाइक भी बरामद हुई है। ऐसे में शराबखोरी के बाद हत्या की आशंका जताई गई है। चौकी प्रभारी अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

बेरोजारी भत्ता वालों को मिलेगा कर्ज

रायपुर में 16 जून को लोन मेला स्वरोजगार के लिए ऋण देगी सरकार

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता लेने वाले युवाओं को अब सरकार कर्ज भी देने जा रही है। यह उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए मिलेगा। इसके लिए रायपुर में 16 जून को लोन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को उनकी योग्यता और रुचि के अनुसार ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग के स्वरोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी और आवेदन पत्र के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। रायपुर स्थित शासकीय आईटीआई सड्डू में सुबह 11 बजे से मेले का आयोजन शुरू होगा। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से राज्य के न्यूनतम 12वीं पास और रोजगार कार्यालय में दो साल पहले से पंजीकृत युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस समय जिले के 4800 युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। इसमें 12वीं कक्षा पास के साथ ही आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक स्तर के युवा योजना का लाभ ले रहे हैं।

सब्जी मार्केट में भीषण आग

55 से अधिक दुकानें खाक, फायर ब्रिगेड ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू, लाखों का हुआ नुकसान

बिलासपुर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित बुधवारी बाजार में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई, जिससे 55 से अधिक दुकानें और गुमटियां जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड की मदद से घंटों प्रयास के बाद आग को काबू में किया गया। इस घटना में व्यापारियों को लाखों का नुकसान हुआ है। आगजनी के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है।

बुधवारी बाजार में अलग-अलग चबूतरा बनाकर व्यापारियों ने गुमटीनुमा दुकानें बनाई है, जिसमें ऊपर से छप्पर के साथ बोरियों का छज्जा बनाया गया है। मंगलवार की तड़के 2.30 से करीब 3 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सब्जी मार्केट में आग लग गई है।

सूचना मिलते ही टीआई सुनील तिर्की अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई थी। उन्होंने कंट्रोल रूम के साथ ही नगर सेना की दमकल शाखा को घटना की जानकारी दी और टीम को तत्काल रवाना करने के निर्देश दिए। इस बीच आग ने भयावह रूप ले लिया और दुकानें धू-धूकर जलने लगी।

एक-दूसरे से लगी गुमटीनुमा दुकानों में आग की लपटें बढ़ती चली गई और देखते ही देखते महज 30 मिनट के भीतर पूरा बाजार धू-धूकर जलने लगा। जब तक दमकल मौके पर पहुंची, तब तक दुकानें जलकर खाक हो गई थीं। आग आसपास की बड़ी दुकानों और मकानों तक न पहुंचे इसके लिए प्रयास शुरू किया गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। इस घटना में दुकानों में रखी हरी सब्जियों के साथ ही आलू-प्याज समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गए।

हत्या और छीना-झपटी के मामले में 10 गिरफ्तार

रांची, 14 जून (एजेंसियां)। झारखंड पुलिस ने 10 लोगों को हत्या, छीना झपटी और अन्य अपराधों के तहत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 21 वर्षीय तनवीर अहमद का हत्यारा भी शामिल है, जिसने छह जून को गोली मारकर उसकी हत्या की थी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि तनवीर अहमद की एदलहातु निके टोला में गोली मारकर हत्या की गई थी। एसएसपी ने दावा किया कि हत्या को जेल में बंद राज वर्मा के इशारे पर अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा- 'रांची शहर के पुलिस अधीक्षक और सदर रांची के पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपियों की पहचान रोहन कुमार उर्फ रोहन श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह व अंकुश कुमार सिंह उर्फ लकी के तौर पर की गई है।'

सीक्रेट फाइल्स केस में ट्रम्प की पेशी, सभी आरोप नकारे

कहा- डॉक्यूमेंट्स ले जाना मेरा हक, बाइडेन भ्रष्ट, उन्होंने मुझे फंसाया

मियामी, 14 जून (एजेंसियां)। सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स घर ले जाने के आरोपी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार दोपहर (भारत में मंगलवार देर रात) मियामी के कोर्ट रूम में पेश हुए। करीब 45 मिनट चली सुनवाई के दौरान ट्रम्प ने सभी आरोप को नकारते हुए खुद को बेकसूर बताया। उनके वकील ने ट्रम्प पर लगे सभी 37 आरोपों को बेबुनियाद और झूठा बताया।

कोर्ट रूम में सुनवाई के बाद ट्रम्प बेडमिंस्टर गोल्फ क्लब पहुंचे। यहां उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित किया। ट्रम्प ने कहा- आज अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब राष्ट्रपति ने अपनी ताकतों का इतना गलत इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठे एक भ्रष्ट नेता ने झूठे आरोपों के आधार पर अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को गिरफ्तार करवाया, जबकि वो खुद और कई पूर्व राष्ट्रपति इस मामले में दोषी हैं।

ट्रम्प बोले- मैंने सब सही किया, मुझे फंसाया गया

ट्रम्प ने कहा- मैंने सब कुछ सही किया लेकिन फिर भी उन्होंने मुझ पर क्रिमिनल चार्ज लगा दिए। मुझ पर जासूसी ऐक्ट के तहत आरोप तय किए गए हैं। इस ऐक्ट का इस्तेमाल जासूसों और देशद्रोहियों के खिलाफ होता है, न कि किसी पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ।

चार्जशीट में प्रेसिडेंशियल रिकॉर्ड ऐक्ट का जिक्र तक नहीं है जो कि एक सिविल ऐक्ट है। पूर्व राष्ट्रपति होने के नाते मुझे कानूनी तौर पर पूरा हक है कि मैं ये फाइलें अपना साथ ले जाऊं। इसके अलावा ट्रम्प ने राष्ट्रपति जो बाइडेन, बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन पर भी ऐसे डॉक्यूमेंट्स साथ ले जाने का आरोप लगाया।

सुनवाई के बाद क्यूबा के रेस्टोरेंट में मनाया बर्थडे

अमेरिका के इतिहास में ट्रम्प ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं, जिन्हें इतने फेडरल चार्ज में अदालत के सामने पेश होना पड़ा। बहरहाल, सुनवाई के बाद ट्रम्प को घर जाने की मंजूरी मिल गई। वो कोर्ट से निकले और कुछ दूरी पर बने क्यूबा के एक मशहूर रेस्टोरेंट में पहुंच गए। यहां उनके समर्थकों ने जश्न मनाया और ट्रम्प को बर्थडे भी विश किया। दरअसल, पूर्व राष्ट्रपति का 14 जून को जन्मदिन है।

कोर्ट में क्या हुआ

मियामी कोर्ट में पुख्ता सिक्योरिटी अरेंजमेंट्स थे। इसके बावजूद ट्रम्प के हजारों समर्थक कोर्ट के बाहर और सड़क के दोनों तरफ मौजूद थे। ट्रम्प जब पहुंचे तो कोर्ट मार्शल्स (कोर्ट पुलिस) ने उन्हें कस्टडी में लिया। इसके बाद उनके फिंगर प्रिंट लिए गए। चंद मिनट बाद वो इन्हीं मार्शल्स की निगरानी में जज के सामने पेश हुए और जज के इशारे पर सामने रखी बेंच पर बैठ गए। ट्रम्प के वकील टॉड ब्लैंचे ने 15 मिनट तक दलीलें पेश कीं।

जज ने तमाम दलीलें सुनने के बाद ट्रम्प को घर जाने की मंजूरी दे दी। इस केस में ट्रम्प के एक सहयोगी वॉल्ट नॉटा भी आरोपी हैं। जज ने दोनों को केस पर कोई चर्चा न करने और गवाहों से भी कोई कॉन्टैक्ट न करने का आदेश दिया है।

पासपोर्ट सरेंडर नहीं करना होगा

जस्टिस डिपार्टमेंट ने अदालत से कहा कि ट्रम्प और उनके सहयोगी का पासपोर्ट सरेंडर करा लेना चाहिए। जज ने इस मांग को खारिज कर दिया। जज ने ऑर्डर में कहा- ट्रम्प और उनके सहयोगी वॉल्ट नाउटा को पासपोर्ट सरेंडर करने की जरूरत नहीं है। आप इन दोनों से श्योरिटी बॉन्ड्स (एक तरह की जमानत) लीजिए और इसके बाद दोनों को जाने दीजिए। जज ने ट्रम्प और नॉटा पर यात्रा से जुड़ी कोई पाबंदी लगाने की मांग भी खारिज कर दी। अदालत ने कहा- इस तरह की पाबंदियां सिर्फ तब लगाई जा सकती हैं जब आरोपी के देश छोड़कर भागने की आशंका हो। इस मामले में ऐसा कुछ नहीं है। लिहाजा पासपोर्ट सरेंडर करने की जरूरत नहीं है।

कोर्ट के बाहर निकलने के बाद ट्रम्प काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने पहला सोशल मीडिया पोस्ट किया। कहा- थैंक यू मियामी। अमेरिका के लिए आज का दिन अफसोसजनक है, लेकिन फिर भी मेरे शानदार स्वागत के लिए शुक्रिया। ट्रम्प की सुनवाई के बाद व्हाइट हाउस में एक इवेंट हुआ। जब प्रेसिडेंट जो बाइडेन से इस केस के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकते हैं ट्रम्प

ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कुछ टॉप सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स अपने आलीशान रिसॉर्ट मार-ए-लेगो में रखे। जब एफबीआई की टीम उनके घर जांच के लिए पहुंची तो उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। इसके अलावा जांच एजेंसी के सामने कई सवालों के जवाब में झूठ कहा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक- ट्रम्प एक बार फिर प्रेसिडेंशियल इलेक्शन लड़ने जा रहे हैं। उनका आरोप है कि 2024 के इलेक्शन में उन्हें रोकने की साजिश रची जा रही है और जस्टिस डिपार्टमेंट उन्हें कानूनी तौर पर डिस्क्वॉलिफाई करना चाहता है। ट्रम्प ने कहा- मुझ पर लगे तमाम आरोप सियासी वजहों से लगाए जा रहे हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है।

बीबीसी के मुताबिक, 49 पेज के आरोप पत्र में बताया गया है कि ट्रम्प ने ये डॉक्यूमेंट्स अपने बाथरूम, बॉलरूम, शॉवर की जगह पर, ऑफिस, स्टोर रूम और बेडरूम में छिपाए थे। प्रॉसिक्यूटर्स ने ये भी कहा कि एफबीआई की जांच में बाधा डालने के लिए ट्रम्प ने अपने वकीलों को फाइलें छिपाने या नष्ट करने का आदेश दिया था। सीएनएन के मुताबिक, आरोप पत्र में बताया गया है कि पिछले साल एफबीआई ने ट्रम्प के पास से 337 सरकारी डॉक्यूमेंट्स बरामद किए थे। इनमें से 21 डॉक्यूमेंट्स पर टॉप सीक्रेट लिखा हुआ था।

युवक की जान लेने वाली शार्क को पीट-पीटकर मार डाला

म्यूजियम में रखी जाएगी उसकी ममी

काहिरा, 14 जून (एजेंसियां)। कुछ दिन पहले मिस्र में एक 23 वर्षीय युवक को शार्क द्वारा मारकर खाने की घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद लोगों ने शार्क को पीट-पीट कर उसे मार डाला और चीर फाड़ करके युवक के शव को बाहर निकाला। शव का कुछ हिस्सा शार्क के भीतर से निकला और कुछ हिस्सा समुद्र से बरामद किया गया। इस घटना के बाद अब इस शार्क को म्यूजियम में रखने की योजना बना रही है।

शार्क द्वारा युवक पर हमला करके उसे मारकर खा जाने वाला वीडियो कैमरे में कैद किया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था। वीडियो में सुना जा सकता है कि 23 वर्षीय व्लादिमीर पोपोव समुद्र में तैर रहे थे, तभी उसपर शार्क ने हमला कर दिया और नीचे की तरफ खींचने लगा। इस दौरान वह जोर जोर से चीखते हुए कहने लगा- पापा मुझे बचा लो।

इंस्टीट्यूट ऑफ मरीन साइंस और द रेड सी रिसर्च ने शार्क को संग्रह करने के लिए लेप लगाने की प्रक्रिया को शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के पूरे होते ही ममीकृत शार्क को म्यूजियम में रखा जाएगा।

मिस्र के एक अधिकारी ने कहा- रिसर्चर्स शार्क के व्यवहार और पिछले कुछ समय से हो रहे दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाना चाहते हैं। पोपोव के पिता युरी ने मीडिया को बताया- हमलोग बीच पर आराम करने के लिए गए थे। वहां कुछ सेकेंड के भीतर हमला हो गया।

उन्होंने कहा कि 20 सेकेंड के भीतर उसे समुद्र के भीतर खींच लिया गया। यह एक अजीबोगरीब संयोग था क्योंकि यह बीच बहुत सुरक्षित माना जाता है और आसपास जाहाज और नौकाएं भी खड़े रहते हैं।

ऐसी घटना कभी भी यहां नहीं हुई थी। वे आमतौर पर जंगली समुद्र तटों पर हमला करते हैं। यह किसी प्रकार का दुर्भाग्य है।

भारतीय मूल की महिला पर चीनी शख्स ने किया था हमला

सिंगापुर में पूरे दो साल बाद मिला न्याय

सिंगापुर, 14 जून (एजेंसियां)। सिंगापुर में हिंदोचा नीता विष्णुभाई नाम की एक भारतीय मूल की महिला पर लगभग दो साल पहले मास्क नहीं पहनने पर हमला किया गया था। सात मई, 2021 को चो चू कांग हाउसिंग स्टेट में एक चीनी व्यक्ति ने कथित तौर पर महिला की छाती पर लात मारी थी और साथ ही नस्लीय टिप्पणी भी की। हालांकि, अब अदालत ने आरोपी को दोषी करार किया है। जल्द ही उसे सजा दी जाएगी।

इससे पहले, भारतीय मूल की महिला ने कोर्ट में हुए ट्रायल में कहा था कि वह इस घटना के कारण हुए आघात से उबर नहीं पाई हैं।

मास्क को लेकर हुआ था विवाद

हिंडोचा ने बताया कि घटना उस समय की है, जब कोरोना को लेकर सिंगापुर में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया था।

पीड़िता ने बताया कि वह आमतौर पर तेज कदमों से चलती है, ऐसे में सांस लेने के लिए उसने अपना मास्क थोड़ा नीचे कर लिया था। तभी 32 वर्षीय जिंग फोंग और उसकी मंगेतर चुआ यूं हान ने चिल्लाना शुरू कर दिया। दोनों ने मास्क को लेकर उस पर चिल्लाया और नस्लीय टिप्पणी की।

हिंडोचा ने कहा, इसके बाद आरोपी ने छाती पर लात से वार किया, जिससे वह गिर गईं और उनके हाथ से खून बहने लगा। इसके बाद आरोपी और उसकी महिला साथी वहां से चले गए। उन्होंने बताया, बस स्टॉप पर एक महिला ने उसे उठाने में मदद की और प्राथमिक उपचार दिया। बाद में शाम को उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी।

आरोपी ने किया इनकार

वहीं, अदालत में सुनवाई के दौरान एक चश्मदीद गवाह ने कहा कि उसने एक व्यक्ति को महिला को लात मारते देखा था। हालांकि, फोंग ने दावा किया कि विष्णुभाई ने पहले अश्लील बातें की। उसने कहा कि महिला ने उस पर और उसकी मंगेतर पर थूका था। इसलिए उसने पीड़िता को धक्का दिया। आरोपी ने कहा कि गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन नस्लीय टिप्पणी नहीं की थी।

जल्द सजा मिलने की उम्मीद

मीडिया रिपोर्ट की माने तो फोंग को मंगलवार को दोषी ठहराया गया।

31 जुलाई को विष्णुभाई को मारने और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए सजा सुनाई जाने की उम्मीद है।

सैन्य अभ्यास के दौरान सुरक्षा बल के एक जवान ने अपने ही साथियों पर चलाई गोली, दो की मौत

टोक्यो, 14 जून (एजेंसियां)। जापान के प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास के दौरान दो व्यक्ति की मौत वहीं गई है। सरकार के प्रवक्ता हिरोकाजो मत्सुनो ने बताया घटना के बाद संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस घटना के बारे में अन्य कोई भी जानकारी नहीं दी है। ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने एक बयान में कहा- 'नए कर्मियों के प्रशिक्षण में अभ्यास के दौरान एक सेल्फ डिफेंस के फोर्स के उम्मीदवार ने तीन कर्मियों पर गोली चला दी।'

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध 18 वर्षीय एसडीएफ उम्मीदवार था जिसे अन्य सैनिकों ने मौके पर ही हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार पर एक 25 वर्षीय सैनिक की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है।

एक हवाई फुटेज में देखा गया कि इस घटना के बाद सैनिक और कुछ स्थानीय लोग आपातकालीन वाहन को घेरकर खड़े थे और पुलिस कर्मियों ने रोड को अवरुद्ध कर रखा था।

वहां के एक स्थानीय व्यक्ति ने मीडिया से बातचीत करते हुए कि बताया कि सुबह कि साढ़े नौ बजे उन्होंने आपातकालीन वाहनों को उस क्षेत्र में जाते देखा लेकिन उससे पहले किसी तरह की कोई घटना की जानकारी उन्हें नहीं मिली थी।

यूक्रेन के हमलों में रूस के 5 शहर लहूलुहान

घर छोड़कर जा रहे लोग, बोले- हमें रूसी सैनिकों पर भरोसा नहीं

कीव/मॉस्को, 14 जून (एजेंसियां)। रूस ने मंगलवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृह नगर में हमला किया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। दूसरी ओर, यूक्रेन के पलटवार से रूस के सीमाई इलाकों में वैसा ही दर्द और बेचैनी की तस्वीरें सामने आ रही हैं, जैसी रूसी हमलों से कीव समेत दूसरी शहरों से मई तक आ रही थीं। यूक्रेन से लगा रूस का शेबेकिनो कस्बा तो वीरान हो चुका है। 40 हजार की आबादी वाले इस कस्बे के साथ ही 4 अन्य कस्बों से भी पलायन हुआ है। सीमा के कस्बों के अस्पतालों का हाल भी बेहाल है। 56 साल की ल्यूडमिला कोसोबुवा अपनी डाइबिटिक सहेली की देखभाल में लगी हैं। वह रोते हुए कहती हैं, मुझे इंसुलिन चाहिए। मुझे अपनी सहेली की मदद करनी है, क्योंकि वह उठने-बैठने या चलने में असमर्थ है।

अस्पताल में न दवाएं हैं, न कोई सुध लेने वाला। शेबेकिनो छोड़ने वाले वहां के 56 वर्षीय नागरिक सर्गेई शांबारोव ने कहा कि मैं नहीं जानता कि रूसी सैनिक हमारी रक्षा कर भी पाएंगे या नहीं। ऐसे सैकड़ों लोग हैं, जिन्हें जवानों पर भरोसा नहीं है।

पश्चिमी समाचार मीडिया के प्रति मॉस्को की शत्रुता के कारण यह उस युद्ध का एक कम नजर आने वाला पहलू है। यूक्रेन के हमलों से रूस की सीमा वाले इलाकों में एक दर्जन से अधिक नागरिकों की जान जा चुकी है। यूक्रेन के हमलों के कारण शेबेकिनो और बेलगोरोद तक मकान और इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

'हीरे' में बदलता जा रहा यह सफेद बौना सितारा

वॉशिंगटन, 14 जून (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की गहराइयों में एक दुर्लभ खोज की है। धरती से लगभग 104 प्रकाश वर्ष की दूरी पर एक सफेद बौने तारे की पहचान की गई है जो मुख्य रूप से कार्बन और धातु ऑक्सीजन से बना है। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यह ठंडा होने पर 'कॉस्मिक डायमंड' में बदल सकता है। जब सूरज की तरह एक तारा अपने अंत के करीब पहुंचता है तो वह एक सफेद बौने सितारे में बदल जाता है जो बेहद गर्म होता है। इनमें से कुछ तारे धीरे-धीरे कठोर होकर क्रिस्टल में बदल जाते हैं। खगोलविदों ने ऐसे ही एक तारे को देखा था जो ठंडा हो गया है और इसका कोर 'कॉस्मिक डायमंड' में बदल सकता है। एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने इस सफेद तारे के बारे में बताया है। ईंधन के अभाव में अपने अंत की तरफ बढ़ते ये बौने सितारे अवशिष्ट ऊष्मा के साथ चमकते हैं और समय के साथ ठंडे हो जाते हैं। आखिर में ये क्रिस्टलीकृत कार्बन से बने काले बौने सितारों में बदल जाते हैं। हालांकि इस प्रक्रिया में एक क्वाड्रिलियन साल लग जाते हैं।

यूक्रेन ने रूसी कब्जे से वापस ली बिल्डिंग, लहराया झंडा

रूस के टॉप ऑफिसर की मौत, पुतिन बोले- जंग के लिए पर्याप्त हथियार नहीं

कीव, 14 जून (एजेंसियां)। यूक्रेन ने अब रूस पर जवाबी हमला करना शुरू कर दिया है। हाल ही में यूक्रेन की आर्मी ने नेसकुचने शहर में रूस के कब्जे से अपनी एक बिल्डिंग को वापस लिया और उस पर यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज लहरा दिया। रॉयटर्स के मुताबिक, बिल्डिंग के पास 3 रूसी सैनिकों के शव भी मौजूद थे। वहीं जपोरीजिया क्षेत्र में रूस की सेना के टॉप अफसर व्लादिमीर रोगोव की हमले में मौत हो गई।

दूसरी तरफ, मंगलवार को क्रेमलिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जंग को लेकर एक बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने कहा कि यूक्रेन के जवाबी हमले का सामना करने के लिए उनके पास पर्याप्त हथियार नहीं हैं। पुतिन ने कहा- 16 महीने से चल रहे इस स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन में हमारे पास कई चीजों की कमी हो गई है। फिर चाहे वो हथियार हों, एयरक्राफ्ट और ड्रोन्स हों या कम्युनिकेशन डिवाइस। हमारे पास कई टैंक्स और एंटी टैंक वेपन्स की कमी है। हालांकि, हमारी मिलिट्री से जुड़ी कंपनियां

इन्हें तेजी से डेवलप करने में जुटी हुई हैं।

पुतिन ने यूक्रेन के हमलों में नुकसान की बात से किया इनकार

दरअसल, अमेरिका और दूसरे देशों की तरफ से प्रतिबंध लगने के बाद रूस को एडवांस्ड वेपन्स के लिए जरूरी सामान इम्पोर्ट करने में दिक्कत आ रही है। वहीं, रूस ने यूक्रेन की तरफ से हो रहे सभी हमलों को नकार दिया है। पुतिन ने कहा- पिछले हफ्ते यूक्रेन की तरफ से जवाबी हमले शुरू होने के बाद अभी तक कोई ऐसा नुकसान नहीं हुआ है कि हमें अपनी सेना को नए आदेश देने पड़ें। हमें मैदान में और सैनिकों को उतारने की भी फिलहाल जरूरत नहीं है।

इसके साथ ही पुतिन ने ये भी धमकी दी कि अगर बॉर्डर के पास यूक्रेन के हमले ऐसे ही जारी रहे तो वो इसे रोकने के लिए उनकी और जमीन पर कब्जा कर लेंगे। रूस लगातार ब्लैक सी ग्रेन डील को भी खत्म करने की चेतावनी दे रहा है। उसका कहना है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने उसे धोखा दिया है। यूएन और तुर्किये की पहल पर साइन हुए ये डील 17 जुलाई को एक्सपायर हो रही है। ऐसे में इसे बरकरार रखने का फैसला रूस के हाथ में है।

पुतिन बोले- जंग खत्म करनी है तो यूक्रेन को हथियार भेजना बंद करो

पुतिन ने ये भी कहा कि अगर पश्चिमी देश ये जंग खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें सबसे पहले कीव को हथियार सप्लाई करना बंद करना होगा। पुतिन ने बताया कि रूस यूक्रेन को डीमिलिट्रलाइज कर रहा है। अगर यूक्रेन की समस्या को बातचीत से सुलझाना है तो बाकी देशों को उसे हथियार और मदद भेजना बंद करना होगा, नहीं तो ये संघर्ष ऐसे ही जारी रहेगा।

जेलेंस्की के होमटाउन पर रूस का हमला, 10 की मौत

इससे पहले मंगलवार को रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के होमटाउन क्रीवी रीह पर हमला किया था जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। रूस के डिफेंस डिपार्टमेंट ने एक वीडियो भी रिलीज किया है।

चीन बना रहा अपना 'नाटो'

नेपाल पर जीएसआई में शामिल होने का दबाव, भारत के लिए खतरे की घंटी

काठमांडू, 14 जून (एजेंसियां)। भारत के पड़ोस में चीनी ड्रैगन ने एक बार फिर से खतरे की घंटी बजा दी है। चीन ने फिर से नेपाल पर दबाव डाला है कि वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव (जीएसआई) और ग्लोबल सिविलाइजेशन इनिशिएटिव (जीसीआई) में शामिल हो। चीन का दावा है कि जीसीआई पहल को चीन सरकार ने मानवता के साथ मिलकर सभ्यता के मूल्यों को समृद्ध करने के लिए है।

दरअसल, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले एक दशक में बेल्ट एंड रोड, ग्लोबल डिवलपमेंट इनिशिएटिव, जीएसआई और अभी हाल ही में जीसीआई को शुरू किया है। जिनपिंग ने वैश्विक समुदाय से अपील की है कि वह इसमें शामिल हो। वहीं इन सभी को लेकर विशेषज्ञ गंभीर सवाल उठाते रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका ने चीन को घेरने के लिए एशियाई नाटो कहे जाने वाले 'क्वॉड' का गठन किया है।

जान बचाने घर से भागे थे अमेजन में मिले बच्चे

पिता को डर था विद्रोही बच्चे छीन लेंगे इसलिए प्लेन से दूसरे शहर भेजा था



बोगोटा, 14 जून (एजेंसियां)। अमेजन के जंगलों में 40 दिन बाद मिले बच्चे असल में हादसे से पहले में शहर छोड़कर भाग रहे थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 मई को चारों बच्चों की मां उन्हें दूसरे शहर में छोड़ने जा रही थी। बच्चों के पिता मैनुअल रानोक ने बताया कि साउथ कोलंबिया के जिस इलाके वो रहते हैं वहां एक आर्म्ड ग्रुप ने कब्जा कर रखा है। ये ग्रुप हिंसा की धमकी देकर बच्चों को उनके परिवार से अलग कर अपनी सेना में भर्ती कर लेता है।

रानोक ने कहा- काफी समय से हमारे कई रिश्तेदार और समुदाय के दूसरे लोग इस ग्रुप से छिपकर अपने बच्चों को दूसरे शहर भेज रहे हैं ताकि वो सुरक्षित रहें। चारों बच्चों की मां उस दिन उन्हें दूसरे शहर ही लेकर जा रही थी जब उनका प्लेन क्रैश हो गया। रानोक ने बताया कि ये आर्म्ड ग्रुप्स 2 साल तक के छोटे बच्चों को भी अपनी सेना में भर्ती कर लेते हैं। इसी वजह से रानोक को डर था कि उनसे उनके बच्चों को छीन लिया जाएगा। बच्चों के दादा ने बताया कि वो अराराकुआरा शहर और अमेजन के जंगलों के पास रहते हैं। ये एक बहुत छोटा इलाका है जहां कई विद्रोही ग्रुप्स ने कब्जा कर रखा है। दादा ने कहा-हमारे क्षेत्र में कोई सीवेज सिस्टम नहीं है। यहां बिजली, पानी, हर चीज की दिक्कत है। सरकार ने हमें अकेला छोड़ दिया है। समुदाय की एक महिला ने बताया कि वो लोग उनपर हो रहे जुल्म के खिलाफ आवाज नहीं उठा सकते हैं क्योंकि उन्हें अपने परिवार की रक्षा करनी है। दरअसल, अमेजन जंगल के पास बसी इन बस्तियों में कई सालों से विद्रोही ग्रुप रिवॉल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस ऑफ कोलंबिया का कब्जा रहा है। 2016 में एफएआरसी इस क्षेत्र से जाने के लिए राजी हो गया था, लेकिन इसके बाद भी सरकार ने इसे अपने कंट्रोल में नहीं लिया। ये देखते हुए एफएआरसी यहां लौट आया। इस ग्रुप ने अपनी सेना में नए लोगों की भर्ती शुरू कर दी। यहां कई क्रिमिनल ग्रुप्स में वर्चस्व की लड़ाई चलती रहती है। सभी ग्रुप कोकेन इंडस्ट्री सहित दूसरे अवैध कामों पर अपना कब्जा चाहते हैं। रानोक के बयान पर कोलंबिया के मिलिट्री हेड मेजर जनरल हेल्डर गिराल्डो ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी है और वो पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

नाइजीरिया में डूबी बोट, 103 लोगों की मौत

97 लापता, 100 को बचाया, शादी से लौट रहे थे 300 लोग

एबूजा, 14 जून (एजेंसियां)। नाइजीरिया के क्वारा में सोमवार तड़के एक बोट नाइजर नदी में डूब गई। इस हादसे में 103 लोगों की मौत हो गई, 97 लोग लापता हो गए। वहीं, 100 लोगों को बचा लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोट में 300 लोग सवार थे। सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश की जा रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय निवासी ने बताया कि कुछ लोग एगबोटी गांव में शादी में गए थे। इस दौरान भारी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। ऐसे में शादी में गए कुछ मेहमानों ने गांव से निकलने के लिए बोट से नदी पार करने का सहारा लिया। उन्होंने बताया कि दूसरी तरफ के किनारे की ओर आने के दौरान उनकी बोट पानी में छिपे पेड़ के तने से टकरा गई और टूट गई। इसके बाद वो दो हिस्सों में होकर पानी में डूब गई। इससे पहले मई में नाइजीरिया के सोकोतो में एक नाव पलटने से 15 लोगों की मौत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाइजीरिया के ऐसे इलाकों में बोट एक्सीडेंट काफी आम हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां अमूमन लोग आने जाने के लिए खुद की बनी नावों का इस्तेमाल करते हैं।

मुख्यमंत्री गहलोत की अधिकारियों को हिदायत

सीएम बोले- उदयपुर की टूरिज्म इकोनॉमी प्रकृति की देन; अवैध खनन पर गंभीर रहें



उदयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। उदयपुर में झीलें हैं... पहाड़ हैं... यही खूबसूरती पर्यटकों को यहां खींचकर लाती है। प्रकृति की मेहरबानी से आज उदयपुर का देश-विदेश में नाम है। ये टूरिज्म इकोनॉमी जो चल रही है वो प्रकृति की ही देन है। हमें भविष्य के लिए इसे संभालना होगा।

अपने उदयपुर दौरे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अफसरों को हिदायत देते हुए अवैध खनन रोकने की बात कही। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि शहर में झीलों की स्वच्छता का ख्याल रखें, पहाड़-बजरी को लेकर चल रहे अवैध खनन पर ढिलाई न बरतें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर के संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, जिला कलेक्टर व यूआईटी चेयरमैन ताराचंद मीणा और यूआईटी सचिव नितेन्द्र पाल सिंह को शहर की खूबसूरती बनाए रखने के निर्देशों की गंभीरता से पालना करने को कहा।

जिम्मेदार समझें अपनी जिम्मेदारी: गहलोत

गहलोत ने कहा ये कि ये उदयपुर ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के हित में है। उदयपुर की प्राकृतिक छटा, यहां की झीलें और शाही विरासत का दुनियाभर में नाम है। इतना ही नहीं इस शहर पर प्रकृति की भी खास मेहरबानी है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी है कि इस विरासत को संभाल कर रखा जाए। गहलोत ने कहा कि अवैध खनन से पूरा सिस्टम गड़बड़ा जाता है। ऐसे में अधिकारियों को इसे रोकने के लिए पूरी जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। सीएम ने कहा कि कई देशों की इकोनॉमी टूरिज्म पर चलती है, उदयपुर अपने आप में टूरिज्म सिटी है, ऐसे में इसका ख्याल तो रखना ही होगा। इसलिए बजट में देवास प्रोजेक्ट को लेकर बिना मांगे ही अगले फेज के लिए घोषणा कर दी गई है। मुख्यमंत्री गहलोत ने अधिकारियों को झीलों के रखरखाव संबंधी मामलों की फीडबैक देने को भी कहा।

जनाना अस्पताल को 30 करोड़, जरूरत पड़ी तो और देंगे

सीएम गहलोत ने मंगलवार को महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में जनाना अस्पताल के पुराने भवन का जायजा भी लिया। उन्होंने इसके जीर्णोद्धार व नवनिर्माण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 1956 में निर्मित अस्पताल के क्षतिग्रस्त पुराने भवन की वर्तमान स्थिति और भावी कार्ययोजना के संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भवन निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। आवश्यकता होने पर और राशि स्वीकृत की जाएगी।

सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

पीएसओ की पिस्टल चोरी, सीआई ने दिखाया दम, नहीं पहुंचे पूनिया

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आज बीजेपी ने राजधानी जयपुर में हल्ला बोला। प्रदर्शन के दौरान कई ऐसे वाक्या हुए। जिनका जिक्र पूरे दिन रहा। प्रदर्शन के दौरान सतीश पूनिया का गैर हाज़िर रहना चर्चा का विषय रहा। दरअसल यह प्रदर्शन जयपुर जिले के कार्यकर्ताओं को लेकर था। इसमें जयपुर के सभी सांसद, विधायक, विधानसभा प्रत्याशियों को मौजूद रहना था। इसकी तैयारियां भी लंबे समय से चल रही थी। लेकिन आज उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। इसे लेकर जब नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि पूनिया संगठन के काम से बाहर है। इसलिए प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए।

दरअसल सतीश पूनिया महाजनसंपर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के दौरे कर रहे है। आज पूनिया उत्तरप्रदेश की सम्भल लोकसभा सीट के दौरे पर थे। वहां उन्होंने सम्भल लोकसभा क्षेत्र में प्रबुद्धजन से संवाद किया और जनसभा को संबोधित किया। 14 जून को पूनिया मैनपुरी में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं वसुंधरा राजे को भी झारखंड की चार सीटों की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत आज राजे ने झारखंड के देवघर जिले में आयोजित महाजनसंपर्क अभियान की सभा को संबोधित किया। कल राजे की दुमका में सभा होगी। वहीं उसके बाद उनका बोकारो जाने का कार्यक्रम भी बन रहा है। गौरतलब है कि भाजपा ने केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर अलग-अलग राज्यों की लोकसभा सीटों को कलस्टर में बांटकर अलग-अलग नेताओं को उनकी जिम्मेदारी सौंपी है।

पीएसओ की पिस्टल चोरी

आज के प्रदर्शन के दौरान सीपी जोशी के पीएसओ महेन्द्र मीणा की पिस्टल गायब हो गई। जिसकी शिकायत पीएसओ ने अशोक नगर थाने में कराई है। शिकायत के अनुसार पीएसओ ने कहा है कि उसकी पिस्टल किसी अज्ञात व्यक्ति ने निकाल ली है। शिकायत में बताया गया कि जब रैली स्टैच्यू सर्किल पहुंची और भीड़ पर जब वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। भीड़ तितर-बितर होने के दौरान उनकी सरकारी पिस्टल चोरी हो गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामलें में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। भाजपा के प्रदर्शन के दौरान ना सिर्फ पुलिस की पिस्टल चोरी हुई बल्कि पत्रकारों के नकद रुपए, पर्स, भाजपा कार्यकर्ताओं के पर्स चोरी होने की शिकायतें भी अशोक नगर थाने पहुंची।

अकेले सीआई ने दिखाया दम

आज के प्रदर्शन के दौरान पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। बीजेपी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने दो लेयर में बैरिगेडिंग्स की थी। पहले चरण की बैरिगेडिंग्स को नेता व कार्यकर्ता लांघकर जाने में कामयाब हो गए थे। लेकिन कुछ कार्यकर्ताओं ने एक बैरिगेड को हटाकर रास्ता बना लिया। इसे देखकर मौके पर तैनात सीआई जितेन्द्र सिंह अकेले ही कार्यकर्ताओं के सामने दीवार बनकर खड़े हो गए। कार्यकर्ताओं ने बैरिगेड्स हटाने की खूब कोशिश की। लेकिन कामयाब नहीं हो सके। प्रदर्शन के बाद भी जितेन्द्र सिंह का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

करोड़ों की मिट्टी सरकारी और निजी जमीन से चोरी

खान विभाग और थाना पुलिस ने की कार्रवाई, आधा दर्जन वाहनों को किया जब्त

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। जयपुर के हरमाड़ा-दौलतपुरा थाना इलाके में अगर आप की कोई जमीन है तो उसे एक बार जरूर देखकर आईये। मिट्टी माफियाओं ने इन जमीनों पर दो मंजिला गढ्ढे कर मिट्टी चोरी कर ली हैं। सरकारी हो या गैर सरकारी हर जमीन की खुदाई कर चुके हैं ये मिट्टी माफिया। हालांकि इस सम्बंध में कई बार लोगों ने पुलिस और खनन विभाग को जानकारी दी लेकिन किसी ने कोई एक्शन नहीं लिया। लेकिन उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आज सुबह पुलिस और खनन विभाग ने एक्शन लेते हुए मिट्टी से भरे वाहनों को जब्त किया हैं। दौलतपुरा और खनन विभाग ने मिलकर आज तड़के कुछ लोगों को राउंड अप किया हैं।ये लोग लाखों रुपयों की मिट्टी तो बेच चुके है। उनके पास से जेसीबी, डंपर, चार ट्रैक्टर ट्रॉली, एक बाइक जब्त की गई है। करीब आधा दर्जन लोगों को अरेस्ट किया गया है। पुलिस ने बताया कि आसपास के गावों में रहने वाले लोग ही मौका पाकर मिट्टी की चोरी कर रहे थे। इनमें बाबूलाल मीणा, जालम सिंह मीणा, राम स्वरूप मीणा, टीपू सुल्तान मीणा, संजू मीणा समेत अन्य लोग शामिल हैं। ये लोग मिलकर काम करते थे। टीपू सुल्तान और संजू पहले अपनी बाइक से मौका देखकर आते थे, यानि ऐसी जगह जहां आसपास काफी दूरी तक कोई रिहायश नहीं हो।

ईडी ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ

सीएम गहलोत के विभाग ने मंजूर किया ईडी का प्रस्ताव

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने एन्फोर्समेंट डायरेक्ट्रेट के ऑफिस की रजिस्ट्रेशन फीस माफ कर दी है। वित्त विभाग ने ईडी के रीजनल ऑफिस भवन की लीज डीड पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जयपुर के झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया में ईडी के जोनल ऑफिस का भवन बना है। इस भवन की लीज डीड पर अब जेडीए को कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी।

ईडी ने वित्त विभाग को जोनल ऑफिस के भवन पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने का प्रस्ताव भेजा था। ईडी के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूर करते हुए अब रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने की अधिसूचना जारी की है।

ईडी को जोनल ऑफिस भवन झालाना संस्थानिक क्षेत्र में हैं। इस क्षेत्र में केंद्र और राज्य के कई विभागों के दफ्तर बने हुए हैं। राजधानी सहित बड़े शहरों और क्षेत्रों में इंस्टीट्यूशनल काम के लिए सरकार ने केंद्र-राज्य के विभागों को सस्ती जमीन दी है।

ईडी पर लगातार हमलावर हैं सीएम गहलोत, उन्हीं के विभाग ने छूट दी

ईडी के जोनल आफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस ऐसे वक्त पर माफ की गई है जब प्रदेश में पेपरलीक मामलों को लेकर ईडी के छापों पर सियासी आरोप प्रत्यारोप जारी है। इसलिए इस फैसले की चर्चा हो रही है। वित्त विभाग सीएम गहलोत के पास है।

वित्त विभाग का ताजा फैसला एक सामान्य फैसला है केंद्र और राज्य के दफ्तरों के लिए सरकार सस्ती दरों पर जमीन आवंटित करती है और कई तरह की फीस भी माफ करती रही है। केंद्र और राज्य के विभाग सरकार को छूट का प्रस्ताव भेजते हैं, जिस पर वित्त विभाग मंजूरी देता है।

डोटासरा बोले- बीजेपी में मनभेद, वसुंधरा-पूनिया प्रदर्शन में क्यों नहीं

कहा-परोपकारी महिला नाथी बाई का अपमान कर रहे बीजेपी नेता, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मुख्यमंत्री

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी के प्रदर्शन को फ्लॉप शो बताते हुए कहा कि 25 हजार बुलाए थे और 2500 भी नहीं आए। बीजेपी की सभा में कुर्सियां खाली पड़ी थीं। आज के प्रदर्शन में वसुंधरा राजे और सतीश पूनिया का मौजूद रहना यह साबित करता है कि इनके मतभेद ही नहीं मनभेद हैं। बीजेपी किसी भी विरोध प्रदर्शन में एक नहीं हो पाई। डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

नाथी का बाड़ा तक ईडी पहुंचने के राजेंद्र राठौड़ के बयान पर पलटवार करते हुए डोटासरा ने कहा- ईडी अपराधियों तक जाए, इसमें किसी को दिक्कत नहीं है। नाथी बाई एक समाज से वा ब्राह्मण परोपकारी महिला थीं,वे

सबकी मदद करती थी। किसी से मदद के बदले कुछ नहीं लेती थी। ऐसी भली महिला का बार-बार गलत अर्थों में नाम लेकर उसका अपमान किया जा रहा है। ऐसी महिला जिसको हम सम्मान से नाम लेते हैं, उसका अपमान किया जा रहा है। अब ये जुमलेबाजी कर रहे हैं बाकी इनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। बीजेपी के 200 मुख्यमंत्री बताने के आरोप पर डोटारसरा ने कहा कि वे कम बता रहे हैं। हमारे यहां तो हर जिस कार्यकर्ता ने सरकार बनाने में भूमिका निभाई वह मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष की तरह ही है। बीजेपी की तरह दो या तीन लोग ही सत्ता पर काबिज नहीं होते, कांग्रेस में हर कार्यकर्ता को मौका मिलता है। डोटासरा ने कहा- बीजेपी किसी भी विरोध प्रदर्शन में एक नहीं हो पाई। आज के प्रदर्शन से वसुंधरा राजे और सतीश पूनिया के नहीं होने से साबित होता है इनके मतभेद नहीं मनभेद हैं। आज जितने भी वक्ता थे उनमें एक भी नेता ओबीसी का नहीं था। ओबीसी के हितैषी होने का राग अलापने वाली बीजेपी ने किसी ओबीसी नेता को बोलने का मौका तक नहीं दिया। राजेंद्र राठौड़ भाषण दे रहे थे जो 500 लोग भी नहीं थे। इनकी दुर्गति देखिए,कार्यकर्ताओं को भाषण सुनाने के लिए कसमें दिलाई जा रही थी। बीजेपी के नेताओं में इतने मनभेद हैं कि एक नहीं हो सकते।

आईपीएस सुशील कुमार पर लग चुके हैं रेप के आरोप

आईएएस के साथ मिलकर की थी होटल में मारपीट, जल्द हो सकती है गिरफ्तारी

अजमेर, 14 जून (एजेंसियां)। अजमेर में होटल कर्मचारियों से मारपीट के मामले में आईएएस गिरधर व आईपीएस सुशील कुमार बिश्नोई की गिरफ्तारी जल्द हो सकती है। गेगल थाने में अब तक अज्ञात के खिलाफ ही मामला दर्ज है, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी आरोपी चिह्नित हो चुके हैं। आरोपियों में से आईएएस-आईपीएस समेत आठ को अब तक सस्पेंड कर दिया गया है। डीजीपी उमेश मिश्रा के निर्देश पर एडीजी (विजिलेंस) बीजू जॉर्ज जोसफ मामले की जांच कर रहे हैं।

आईपीएस सुशील कुमार पर रेप का आरोप भी लग चुका है। दरअसल, दिसंबर 2019 में एक युवती ने जोधपुर के देवनगर थाने में रिपोर्ट दी थी कि साल 2017 में उसकी सगाई बीकानेर के

लालगढ़ रामपुरा कॉलोनी निवासी सुशील कुमार से हुई थी।

2018 में सुशील सिविल सर्विसेज की परीक्षा की तैयारी के लिए जोधपुर आया। यहां उसने पीड़िता से रेप किया। इसी दौरान उसका आईपीएस में चयन हो गया। जून 2019 में ट्रेनिंग के दौरान सुशील ने पीड़िता को सगाई तोड़ने का मैसेज किया। परिजनों ने भी समझाइश का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। पुलिस ने आरोपी आईपीएस के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया था। युवती के परिजनों ने आरोपी पर 40 ग्राम सोना और करीब आठ लाख रुपए हड़पने का आरोप भी लगाया। हालांकि, जांच के बाद पुलिस ने एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दी थी।

करीब तीन साल पहले भी बिहार की रहने वाली एक युवती ने भी प्रशिक्षु सुशील कुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज करवाया था। युवती की ओर से दिल्ली सेंट्रल स्थित रंजीत नगर थाने में 14 दिसंबर 2020 को केस दर्ज करवाया था। मामले में आगे की जांच क्राइम ब्रांच ने की थी। इसके बाद केस में एफआर लग गई थी।

टोंक निवासी कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक हनुमान प्रसाद, नागौर निवासी सुरेंद्र जाट, सीकर निवासी मुकेश जाट और टोंक पटवारी को पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया था। इनको एसडीएम कोर्ट में पेश किया और जमानत भी मिल गई।

सुशील कुमार विश्नोई एडिशनल एसपी सिटी अजमेर के पद पर तैनात थे। रविवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में उन्हें विदाई पार्टी दी गई। पार्टी खत्म होने के बाद 11 जून को रात 2 बजे कुछ दोस्तों के साथ वह होटल में खाना खाने पहुंचे थे। यहां मारपीट व विवाद हुआ।

तेजपाल सिंह पुत्र लालसिंह राजपूत (22) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जून को रात 2.25 बजे के आसपास वह और उसके साथ करने वाले भूपेन्द्र सिंह, उमेश मेहता, नारायणसिंह, सलीम, मोनू खलीफा व अन्य साथी स्टाफ रूम के बाहर बैठे थे। तभी दो गाड़ियों में 6-7 लोग उतर कर आए।

बाथरूम के लिए पूछा और उसके बाद उन लोगों ने हमारे ऊपर हमला कर दिया। उनके पास सरिया, डंडे थे।

सीजीएसटी के डिप्टी कमिश्नर समेत 4 इंस्पेक्टर घूस लेते गिरफ्तार

सीबीआई ने 7 लाख रुपए के साथ पकड़ा; गुटखा व्यापारी से मांगे थे 1 करोड़

जयपुर/जबलपुर, 14 जून (एजेंसियां)। जबलपुर में सेंट्रल जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर कपिल कामले समेत चार इंस्पेक्टर्स को सीबीआई ने सात लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक, डिप्टी कमिश्नर ने राजस्थान के पान मसाला कारोबारी से छापे की कार्रवाई को दबाने के लिए एक करोड़ रुपए की घूस मांगी थी। व्यापारी 25 लाख रुपए दे चुका था। इसके बाद परेशान किए जाने पर व्यापारी ने सीबीआई में शिकायत कर दी।

दौसा के रहने वाले पान मसाला कारोबारी त्रिलोकचंद सेन ने बताया कि उसने दमोह के नोहटा में दो साल पहले केजीएच पान मसाला फैक्ट्री डाली थी। कारोबार सही नहीं चलने पर फैक्ट्री घाटे में चली गई। 19 मई 2023 को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने यहां छापा मारा। उसने 10 लाख रुपए का टैक्स बकाया बताते हुए रिकवरी निकाली।

व्यापारी का दावा है कि उसने पहले ही पूरे टैक्स भर दिए थे। इसके बावजूद रिकवरी निकाली गई। सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री को सील कर दिया था। फैक्ट्री घाटे में चलने की जानकारी जीएसटी अधिकारियों को भी थी, फिर भी कार्रवाई की गई।

फैक्ट्री खोलने देने के लिए मांगे एक करोड़ रुपए

त्रिलोकचंद ने बताया कि सीजीएसटी के अधिकारी फैक्ट्री दोबारा खोलने देने की एवज में एक करोड़ रुपए मांग रहे थे। उसने कई बार रुपए देने से इनकार किया। बाद में सौदा 35 लाख रुपए में पक्का हुआ। पूरे पैसे तीन किस्तों में देने की बात तय की गई। त्रिलोकचंद ने पहली किस्त के 25 लाख दे दिए थे। इसके बाद बाकी पैसे देने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

फिर कर दी सीबीआई में शिकायत

व्यापारी ने बताया कि उसने परेशान होकर दो दिन पहले सीबीआई से शिकायत कर दी। इसके बाद डिप्टी कमिश्नर और उनकी टीम को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई। मंगलवार शाम त्रिलोकचंद ने पान मसाले के थैले में 7 लाख रुपए लेकर मैनेजर को भेजा। रुपए देते ही सीबीआई की टीम ने आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सीबीआई को ऑफिस में कार्रवाई के दौरान 21 लाख रुपए कैश भी मिले हैं। फिलहाल, डिप्टी कमिश्नर कपिल कामले के अलावा सुमित गोस्वामी, विकास गुप्ता सहित दो अन्य इंस्पेक्टर्स से सीबीआई की टीम पूछताछ कर रही है।

कॉलेज स्टूडेंट का अश्लील वीडियो बनाकर रेप

नोट्स देने के बहाने आरोपी ने बढ़ाई नजदीकी, होटल में बेहोशी की दवा पिलाकर किया दुष्कर्म

चूरू, 14 जून (एजेंसियां)। चूरू में कॉलेज स्टूडेंट को अच्छे नंबर दिलवाने और नोट्स देने के नाम पर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने स्टूडेंट का अश्लील वीडियो भी बना लिया, जिसको वायरल करने की धमकी देकर बार-बार रेप करता रहा। पीड़िता ने 1 युवक पर रेप करने और 2 लोगों पर धमकाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मंगलवार रात को डीबी अस्पताल में युवती का मेडिकल करवाया है और जांच में जुटी है। महिला थानाधिकारी इंद्रलाल महर्षि ने बताया कि युवती ने रिपोर्ट दी कि वह साल 2019 में शहर के एक कॉलेज में पढ़ती थी, तब उसकी जान-पहचान प्रदीप सिंह से हुई थी। परीक्षा में अच्छे नंबर दिलवाने और नोट्स देने के बहाने प्रदीप उससे नजदीकी बढ़ाने लगा। एक दिन वह नोट्स देने के नाम पर उसके एक होटल में ले गया, जहां प्रदीप ने उसको कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कोल्ड ड्रिंक पीते ही वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में प्रदीप ने उसके साथ रेप किया और अश्लील वीडियो बी बना लिया। होश में आने पर उसने विरोध किया तो प्रदीप ने वीडियो वायरल कर उसको बदनाम करने और परिवार के लोगों को मारने की धमकी दी।

लॉरेंस और गोल्डी बराड़ अब घोषित आतंकी: विदेश से फंडिंग लेकर देश में अशांति फैलाने का आरोप

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, विदेश में बैठकर उसकी गैंग चलाने वाले सतविंद्रजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई उर्फ भानू, भांजा सचिन थपन उर्फ सचिन बिश्नोई और काला जठेड़ी समेत 14 गैंगस्टर्स को आतंकी सूची में शामिल किया है।

इसके अलावा सूची में जग्गू भगवानपुरिया, विक्रमजीत उर्फ विक्रम बरार, वरिंदर प्रताप सिंह उर्फ काला राणा, जोगिंद्र सिंह, राजेश कुमार उर्फ राजू मोटा, राजू बसोड़ी, अनिल चिप्पी, नरेश यादव और शाहबाज अंसारी भी शामिल हैं। लॉरेंस अभी दिल्ली पुलिस की क्राइम बांच की हिरासत में है। दरअसल, वह काफी समय से बठिंडा सेंट्रल जेल में बंद था। यहां से उसे गुजरात पुलिस ने एक आपराधिक मामले की जांच के लिए हिरासत में लिया था।

इसके बाद दिल्ली पुलिस की

क्राइम ब्रांच ने एक मामले को लेकर मई के आखिरी हफ्ते में ही उसे कस्टडी में लिया था। तब से कोर्ट ने उसे रिमांड पर भेज रखा है। एनआईए की चार्जशीट में कहा गया है कि सभी आरोपियों के परिजनों की भूमिका की जांच जारी है। इसके अलावा लॉरेंस पर विदेश में बैठे खालिस्तान समर्थक दलप्रती डल्ला के साथ साजिश रचने का आरोप है। यह भी आरोप है कि लॉरेंस ने अपने गुर्गों से कमाई मोटी रकम विदेशों में इन्वेस्ट की है। इधर, एनआईए ने एक आरोपी काला राणा के पिता को आरोपी भी बनाया गया है। दूसरी तरफ लॉरेंस बिश्नोई के वकील विशाल चोपड़ा ने कहा कि एनआईए के आरोपपत्र में गैर कानूनी कारोबार की बात तो है पर राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे पर आरोप स्पष्ट नहीं हैं। राजस्थान में रहने के दौरान लॉरेंस हिरण शिकार मामले में अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देकर चर्चा में आया था। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या इसी गैंग ने की।

थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसायटी ने मनाया 'विश्व रक्तदाता दिवस'

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। थैलेसीमिया एंड सिकल सेल सोसाइटी (टीएससीएस) ने एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एआईजी) हॉस्पिटल्स के साथ मिलकर आज 'विश्व रक्तदाता दिवस' मनाया और अपने परिसर में निःस्वार्थ रक्तदाताओं को सम्मानित किया। एआईजी के 'पिंट ऑफ लाइफ' अभियान के तहत एक विशेष रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए 500 यूनिट से अधिक रक्त प्राप्त किया गया। यह रक्त टी एस सी एस को दान किया जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 300 मिलियन लोग थैलेसीमिया से प्रभावित हैं। लगभग 5 लाख की हालत गंभीर है। इन रोगियों को रक्त आधान सहित आजीवन प्रबंधन की आवश्यकता होती है। थैलेसीमिया के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ टी एस सी एस ने अब तक 2870 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया है और 2,28,500 थैलेसीमिया रोगियों को जीवन रक्षक रक्त प्रदान किया है। इसके अलावा, टी एस सी एस आक्रामक रूप से थैलेसीमिया की रोकथाम की दिशा में काम कर रहा है। इस आनुवंशिक विकार से निपटने के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाया गया गया है। डॉ. नागेश्वर रेड्डी, अध्यक्ष, एआईजी बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने वादा किया कि वे अब नियमित रूप से टीएससीएस को रक्तदान करेंगे और कई अन्य तरीकों से मदद करेंगे। खासकर उन्होंने थैलेसीमिया बच्चों के लिए बीएमटी करने का वादा किया। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत अग्रवाल ने कहा कि इस विश्व रक्तदाता दिवस पर हम थैलेसीमिया रोगियों के जीवन को बचाने के लिए आगे आए प्रत्येक रक्तदाता को धन्यवाद देना चाहते हैं। हम इस विशेष रक्तदान शिविर के आयोजन और आज एकत्र की गई इकाइयों के साथ टी एस सी एस की मदद करने के लिए ए आई जी अस्पताल का भी आभार व्यक्त करना चाहते हैं। इस तरह के महत्वपूर्ण अवसर टी एस सी एस को रक्तदान के क्षेत्र में किए गए असाधारण कदमों को प्रतिबिंबित करते हैं। यह एक निस्वार्थता का एक महान कार्य है, जो जीवन बचाता है और जरूरतमंद लोगों में आशा जगाता है। हमारे देश में उदारता और मानवीय मूल्यों का पुराना इतिहास रहा है, और अब हम गर्व से घोषणा कर सकते हैं कि हमने इस क्षेत्र में अद्वितीय सफलता हासिल की है। टी एस सी एस के दूरदर्शी सामूहिक प्रयासों, ए आई जी अस्पताल जैसे महान संस्थानों और अनगिनत व्यक्तियों के माध्यम से, हमारा देश रक्तदान में उत्कृष्टता के एक शानदार उदाहरण के रूप में खड़ा है, जो करुणा और उदारता के लिए नए मानदंड स्थापित करता है। टी एस सी एस में हम हमेशा उन लोगों को प्रोत्साहित करते हैं, जो रक्तदान करते हैं, क्योंकि एक रक्तदाता 3 रोगियों की जान बचाता है। हम सभी से अनुरोध करना चाहते हैं कि वे आगे आएं और रक्तदान करें जिससे लाखों लोगों की जान बचाई जा सके। डॉ. चंद्रकांत अग्रवाल ने कहा कि टीएससीएस ने स्वैच्छिक रक्त दाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जो सतत आपूर्ति सुनिश्चित करता है।

स्व. चावकुल नरसिंह मूर्तिजी की 91वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम आज

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। गांधी जी, आचार्य विनोबा भावे, दयानंद सरस्वतीजी, श्री शंकराचार्यजी के सिद्धांतों को अपनाकर अंतिम सांस तक हिन्दी, संस्कृत, तेलुगु भाषाओं के प्रचार-प्रसार में जीवन अर्पित करने वाले स्व. चावकुल नरसिंह मूर्तिजी की 91वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम कल 15 जून गुरुवार को सुबह 9.00 बजे महात्मा गांधी स्मारक निधि-तेलंगाना हैदराबाद गांधी ज्ञान मंदिर, वुमेनेस कॉलेज, कोटी में आयोजित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम हिन्दी प्रेमी मंडली, हैदराबाद जिला हिन्दी प्रचारक मंडली हैदराबाद के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इसमें उनके पुत्र तथा विशिष्ट हिंदीसेवी चवाकुल रामकृष्णा राव अध्यक्षीय भाषण देंगे। सचिव गंगाराव भी उपस्थित रहेंगे। चवाकुल रामकृष्णा राव ने नगरद्वय के हिंदी प्रेमियों को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

महिलाओं की समस्याओं का निदान तेजी से कर रही है शी टीम

मई माह में किया 138 मामलों का निस्तारण

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद शी टीम महिलाओं की समस्याओं का निदान तेजी से कर रही है। शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आ रही महिलाओं की शी टीम मदद कर रही है। अधिक संख्या में महिलाओं और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए साइबराबाद में कुल 15 शी टीमें काम कर रही हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों पर उपद्रव करने वालों पर एसएचई की टीमें पैनी नजर रखती हैं। मई महीने के लिए शीट टीम को व्हाट्सएप, ईमेल, हॉकआई, डायरेक्ट वॉक इन आदि जैसे विभिन्न माध्यमों से कुल 138 शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी शिकायतों पर कार्रवाई की गई और गुण-दोष के आधार पर उनका निस्तारण किया गया। याचिकाओं में कुल 32 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें से 10 आपराधिक मामले हैं और 22 छोटे मामले हैं। बस स्टॉप, शॉपिंग मॉल, रेलवे स्टेशन, ट्यूटोरियल, कॉलेज इत्यादि जैसे विभिन्न स्थानों पर 699 नकली अभियान चलाए गए और 3 सदस्यों को सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। तीन छोटे-मोटे मामले दर्ज किए गए और शेष काउंसलिंग के लिए रेफर कर दिया गया। नियमित रूप से फूड कोर्ट, महिला छात्रावास क्षेत्रों, सॉफ्टवेयर कंपनियों, मेट्रो स्टेशनों, 100 फीट रोड माधापुर, कुक्कटपल्ली क्षेत्र के बस स्टॉप और अन्य हॉट स्पॉट पर कुल 678 सदस्यों को रात के समय अभद्र हरकत करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

बत्तिनी गौड़ परिवार द्वारा मृगशिरा के अवसर पर दमा रोगियों में निःशुल्क वितरित मत्स्य प्रसादम कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग हेतु गृहमंत्री महमूद अली का बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट तथा अग्रवाल सेवा दल की ओर से सम्मान करते हुए अग्रवाल सेवा दल के संयोजक रतन गुप्ता, कैलाश केडिया, सुरेंद्र गोयल एवं समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकरलाल यादव तथा घनश्याम यादव।

गौ भक्तों ने बकरीद पर गौवंश कटने पर जताया रोष, दिया धरना

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्यनगर के गौभक्तों, गौरक्षकों ने तेलांगना और आंध्र प्रदेश के साधु-संतों के पावन सान्निध्य में धरना चौक, इंद्रा पार्क, रामकृष्ण मठ के सामने विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के नेतृत्व में बकरीद पर नगर की गली-गली में गौवंश काटने, अर्वध तरीके से हजारों गौवंश को शहर में लाने तथा पुलिस प्रशासन द्वारा आखें बंद रखे जाने के खिलाफ आक्रोश और महाधरना किया। धरने में मुख्य रूप से संतों के साथ वीएचपी और बजरंग दल के पदाधिकारी यादगिरी राव, रमेश बाबू, ए. अंजय्या के साथ गौ भक्त विजय रामाराव, जसमत भाई पटेल, ठाकुर जयपाल सिंह नयाल, जैन रत्न जसराज श्रीश्रीमाल आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान में मना विश्व रक्तदाता दिवस

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। परिषद मुख्यालय निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक के मार्गदर्शन में किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस,रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वैच्छिक रक्त दाताओं के बहुमूल्य योगदान को स्वीकार करने के लिए14जून को आयोजित एक वार्षिक उत्सव है। इस दिन की स्थापना विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज़ के सहयोग से सुरक्षित रक्त आधान प्रथाओं को बढ़ावा देने और ज़रूरतमंद रोगियों के लिए रक्त की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। इस कार्यक्रम में संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने प्रतिज्ञा लिया कि वह निरंतर रक्तदान खुद करेंगे और दूसरे लोगों को प्रोत्साहन करेंगे। तत्पश्चात संस्थान नेरेड क्रॉस ब्लड सेंटर, हैदराबाद के सहयोग से वहाँ पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें संस्थान के इच्छुक कर्मचारियों ने रक्तदान किया। सामुदायिक भावना और उदारता के उल्लेखनीय प्रदर्शन में,रक्त आपूर्ति की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करने के लिए,इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस ब्लड सेंटर, हैदराबाद द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया। संस्थान सभी प्रतिभागियों,स्वयं सेवकों और रक्तदान दाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता है जिन्होंने इस कार्यक्रम को संभव बनाया। इस नेक काम के लिए उनका निस्वार्थ योगदान और प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है।

बीएससी नर्सिंग की छात्राओं को प्रथम आने पर पुरस्कृत किया गया

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। महिला दक्षता समिति शिक्षण संस्थाओं सुमन जूनियर और वोकेशनल कॉलेज, श्री वीडी बजाज डिग्री कॉलेज, महिला दक्षता समिति और बंसीलाल मालानी कॉलेज ऑफ नर्सिंग गंगाराम चंदा नगर प्रांगण में बीएससी नर्सिंग की छात्राओं को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर पुरस्कार देकर अभिनंदित किया गया।

महिला दक्षता समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बजाज ने अपने वक्तव्य में कहा कि नर्सिंग कोर्स प्रोफेशनल होने के साथ-साथ इसमें सेवा त्याग और समर्पण है। रोगी डॉक्टर से पहले नर्स का सामना करता है रोगी के जीवन में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। रोगियों की मनोदशा को समझ कर रोगी से प्यार केवल नर्स ही कर सकती है। मेरा मानना है कि डॉक्टर से भी अधिक नर्स का दायित्व होता है। केवल रोजगार पाने के लिए नर्सिंग की शिक्षा ना लें इस शिक्षा को सेवा का माध्यम बनाएं। आज यहां पर जो भी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है आप उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। अपने जीवन में सफल होकर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करें। अंत में उन्होंने स्वर्गीय श्री रामावतार शर्राफ जी की निस्वार्थ सेवाओं का स्मरण करते हुए कहा कि छात्रावास का भवन निर्माण उनकी कर्मठता, निष्ठा, त्याग, सेवा एवं समर्पण का प्रतीक है।

महिला दक्षता समिति के कार्यकारी सदस्य श्रीमती जया बाहेती ने भी प्रथम स्थान मे उत्तीर्ण हुए छात्राओं को सराहा एवं उपस्थित सभी छात्राओं से कहा कि वह अच्छे से पढ़ कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती ज्ञानवती शर्राफ ने प्रथम आई छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि नर्सिंग का जो काम है वह केवल अस्पताल में ही नहीं बल्कि घर परिवार में भी काम आता है। चतुर्थ वर्ष की के हेमा, तृतीय वर्ष की आयशा जबिन और सईद अनीशा, द्वितीय वर्ष की रिया फ्रांसिस, प्रथम वर्ष की सूर्या मनोज, कोम्मूल गीता, सीएच. वेंकटरमण को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयाक

बुधवार को केबीआर पार्क में इक्षा पूर्ति गणेशजी की पूजा बड़ी धूम से संपन्न हुई, जिसमें भाग लेते हुए समाजसेवी गोपाल बल्दवा, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, रामनिवास गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, विजय कुमार, मोहन लाल टुंडावाले, शंकर लाल अग्रवाल, विजयकुमार दिल्लीवाले, सुरेंद्र अग्रवाल, रामराजू, पीसी जैन, विजय कुमार, श्रीनिवास, माया अग्रवाल, पुष्पलता व अन्य।

हृदय रोग से संबधित नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ द्वारा मल्लना टेंपल कॉममुनिटी हाल, याप्रल में नि:शुल्क जांच शिविर हृदय रोगों से संबंधित, आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन सेवा संघ के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, महासचिव सुधीर जयसवाल, कोषाध्यक्ष एके मिश्रा ने मेडिकल टीम के साथ पहुँच कर कैम्प का शुभारंभ किया, जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया।

अवसर पर चिकित्सा समिति के संयोजक राजीव रंजन चौबे ने सभी लोगों का आभार जताया। इस आयोजन को सफल बनाने में बी. श्रीनिवास यादव, राजीव रंजन चौबे, मदन लाल रावल, राधे श्याम राय यादव, गोविंद तिवारी, छैल सिंह, महेश यादव आदि ने भरपूर सहयोग दिया ।

मार्केट कमेटी, बोइनपल्ली में चेयरपर्सन श्रीमती हारिका बंग की अध्यक्षता में आयोजित एएमसी सलाहकार बोर्ड की आधिकारिक बैठक में भाग लेते हुए सदस्य ए. गौतम जैन, वेणुगोपाल रेड्डी, श्रीनिवास, सत्यनारायण व अन्य।

विश्व रक्तदान दिवस पर 92 बार रक्तदान कर कई लोगों की जान बचाने वाले रुपेंद्र जायसवाल को सम्मान करते हुए जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल। साथ में हैं रामकृष्णा, राजू यादव, रघु, नरसिंग, साईराम व अन्य।

हिलेस की मासिक गोष्ठी में हुई शांता पर विचारोत्तेजक चर्चा

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 582वीं मासिक गोष्ठी नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में वरिष्ठ कवि प्रदीप देवीशरण भट्ट की अध्यक्षता व कवि गोविंद अक्षय के संचालन में संपन्न हुई। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार व पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी बृहस्पति शर्मा ने क्या शांता अयोध्या नरेश दशरथ की बेटी थी? एक नये विषय पर अपना शोध पत्र पढ़ा। उन्होंने वाल्मीकि रामायण के विभिन्न श्लोक बाल कांड से उद्धृत किये और महाभारत, विष्णु पुराण, मत्स्य पुराण तथा हरिवंश जैसे प्राचीन ग्रंथों से संदर्भ उद्धृत करके सप्रमाण रेखांकित किया कि यह आम मान्यता सही नहीं है कि शांता नरेश दशरथ की बेटी थी। उन्होंने अनेक तार्किक प्रस्तुतियों से यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि शांता वास्तव में अंग नरेश लोमपाद की बेटी थी और उसका विवाह श्रृंगी ऋषि से हुआ था। उनका असली और पूरा नाम था दशरथ लोमपाद, लेकिन वह लोमपाद नाम से अधिक जाने जाते हैं। यह संयोग है कि दशरथ लोमपाद और राम के पिता दशरथ समकालीन और घनिष्ठ मित्र थे, जिसके चलते कालांतर में संस्कृत साहित्य में यह भ्रम फैल गया कि शांता अयोध्या नरेश दशरथ की बेटी थी। इस अवसर पर सामूहिक चर्चा भी संपन्न हुई, जिसमें रामदास कृष्णा कामत, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, सुधा ठाकुर, गोविंद अक्षय आदि ने भाग लिया और सारगर्भित चर्चा की। कवि प्रदीप देवीशरण भट्ट ने अध्यक्षीय टिप्पणी प्रस्तुत की। इस अवसर पर एक कवि गोष्ठी भी संपन्न हुई, जिसमें नगरद्वय के जाने-माने कवियों के साथ युवा कवि भी अपनी कविताएँ प्रस्तुत की।

शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव : लालसिंह

पार्षद ने सरकारी स्कूल में किया अक्षराभ्यास कार्यक्रम

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल के पार्षद लालसिंह ने बुधवार को मंडल क्षेत्र स्थित मोहनदास मठ स्थित सरकारी विद्यालय का दौरा कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही भगवान गणेश व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर पार्षद ने अक्षराभ्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस अवसर पर पार्षद ने कहा कि शिक्षा समाज को सुंदर बनाने में बड़ी मदद करती है। अतः झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में रहने वाले गरीबों को शिक्षा के प्रति विशेष जागरूक करने की आवश्यकता है। अगर शिक्षा प्राप्त कर एक बच्चा भी रोजगारक्षम बन जाएगा तो उस परिवार का तकदीर बदल जाएगा, साथ ही समाज का विकास भी उससे संभव हो पाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों को शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों में नि:शुल्क नोटबुक व अन्य पठ्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानशिक्षक श्रीमती करुणा देवी, अध्यापक रविकिरण, संजीव, प्रदीप, कन्हैया सिंह आदि उपस्थित रहे।



धम्माईगुडा स्थित नगर पधारने पर चितौड़ सरस डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट, प्रदेश उपाध्यक्ष सरपंच संघ राजस्थान व बागोर सरपंच कालुराम जाट, भोपाजी भंवरलाल जाट, भरखादेवी आईस्क्रीम प्रबंधक शंकरलाल जाट का राजस्थानी पगड़ी, मोतियों की माला व शॉल से सम्मानकर उपस्थित राजस्थानी मित्र मंडल अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित, प्रचारक परबत सोलंकी, किशनलाल जाट, मदनलाल लौहार, कैलाश, प्रकाश जाट, हितेश राजपुरोहित व अन्य।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नोएडा की हाउसिंग...

सोसाइटी के सचिव ने यह नोटिस जारी किया है। नोटिस में लिखा है कि आम क्षेत्रों और पार्कों में अपने पहनावे का ध्यान रखें। दूसरे लोगों को असहज महसूस न हो और कोई आपके ऊपर सवाल खड़े न करे, ऐसे कपड़े ही पहनें।

लंदन में हैदराबाद...

पुलिस ने इस मामले में मौके से 24 साल के लड़के और 23 साल की लड़की को गिरफ्तार किया। बाद में लड़की को छोड़ दिया। लड़का अभी भी पुलिस की गिरफ्त में है। घटना के बाद पुलिस को एक और संदिग्ध आरोपी की तलाश थी। पुलिस ने केवेन एंटोनियो लौरेंको नाम के शख्स की फोटो सोशल मीडिया पर डालकर लोगों से उसके बारे में जानकारी देने के लिए कहा था। मंगलवार शाम 6 बजे उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

राज ठाकरे ने औरंगजेब...

दूसरे दिन कुछ लोगों ने टीपू सुल्तान की तस्वीर के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक ऑडियो संदेश को वॉट्सऐप स्टेटस पर लगाया था। इसके बाद हिन्दू संगठनों ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कुछ लोगों ने पत्थरबाजी कर दी, जिसके बाद हिंसा भड़की। फिर दो समुदाय में जमकर पत्थरबाजी हुई थी। कोल्हापुर में तो पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े थे। इसके अलावा धारा 144 लगाई गई थी। साथ ही इंटरनेट सेवाओं को भी कुछ समय के लिए बंद किया गया था।

स्वास्थ्य क्षेत्र में तेलंगाना...

यह पका है या नहीं यह देखने के लिए चावल को गूंधने की जरूरत नहीं है। इससे हम तेलंगाना की प्रगति को समझ सकते हैं। चिकित्सा विभाग एक बहुत ही प्राथमिकता वाला विभाग है। एक शाखा जो किसी भी हाल में बहुत सजीव होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम चिकित्सा विभाग का बहुत ही असाधारण तरीके से विस्तार कर रहे हैं। हमने 17 हजार बेड से बढ़ाकर 50 हजार बेड कर दिया है। मौजूदा ऑक्सीजन बेड को बढ़ाकर 50,000 कर दिया है। हमने केंद्र पर निर्भर हुए बिना 550 टन ऑक्सीजन पैदा करने के लिए प्लांट लगाए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए जनसंपर्क (पीआर) बहुत कम है। आपकी आलोचना करने वालों के अलावा कोई प्रशंसक नहीं है। ये ऐसे अनुभव हैं जो मुझे ऐसे मौकों पर हुए हैं जब मैंने आपसे घंटों बात की है। हमें मानवता के लिहाज से भी सोचने की जरूरत है। चिकित्सा एक विशेष अध्ययन है। विशेष योग्यता। डॉक्टरों के पास आईएएस, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को आना पड़ता है। कार्यक्रम में मंत्री महमूद अली, वेमुला प्रशांत रेड्डी, तलसानी श्रीनिवास यादव, राज्यसभा सदस्य के. केशवराव, विधायक दाना नागेंदर, मुता गोपाल, मगंती गोपीनाथ, एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी, मधु, महिला आयोग की चेयरमैन सुनीता लक्ष्मारेड्डी, चिकित्सा सचिव रिजवी, निदेशक गडाला श्रीनिवास, चिकित्सा स्वास्थ्य निदेशक रमेश रेड्डी, टीएसएमएस आईडीसी के अध्यक्ष एरोला श्रीनिवास, जीएचएमसी महापौर विजयलक्ष्मी, सरकार के मुख्य सलाहकार राजीव शर्मा, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार सोमेश कुमार, सरकार की मुख्य सचिव शांति कुमारी, सचिव सीएम राजशेखर रेड्डी, सीएम वीओडी गंगाधर, चंद्रशेखर रेड्डी, निम्स के निदेशक बिरप्पा, पर्यटन विभाग के अध्यक्ष गेलू श्रीनिवास यादव, विकलांग निगम के अध्यक्ष वासुदेव रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

भारत की हार, आईपीएल कितना जिम्मेदार

7 बार आईपीएल फाइनल के महीने भर के अंदर आईसीसी इवेंट में उतरे, सिर्फ 1 बार चैम्पियन बने

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में 209 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी है। द ओवल के मैदान पर भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया।

क्रिकेट पंडित इस हार का ठीकरा इंडियन प्रीमियर लीग के सिर फोड़ रहे हैं। ऐसे में हमने जानने की कोशिश कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की हार के लिए आईपीएल कितना जिम्मेदार है। इसके लिए हमने आईपीएल आने के बाद के 15 साल (2008 से 2023 तक) और आईपीएलसे पहले के 15 साल (1992 से 2008 तक) के बीच भारतीय टीम के प्रदर्शन का विश्लेषण किया। हमने यह भी जाना कि आईपीएल का तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम के परफॉर्मेंस पर क्या असर पड़ा...?

ट्रॉफी के नंबर बराबर, मैच विनिंग और स्कोरिंग रेट आईपीएल के बाद बढ़ा

आईपीएलसे पहले और बाद के 15 साल के पीरियड में आईसीसी टूर्नामेंट जीतने के मामले में भारतीय टीम का प्रदर्शन एक जैसा रहा है। टीम इंडिया ने लीग से पहले और बाद इस टाइम पीरियड में दो-दो आईसीसी ट्रॉफियां जीती हैं। अंतर इतना है कि भारतीय टीम ने लीग से 15 साल पहले 11 टूर्नामेंट खेले हैं। वहीं लीग के आने के बाद से अब तक टीम ने 15 आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। लीग से पहले भारत ने चार दफा खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है, जबकि लीग के बाद टीम 6 बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंच सकी है।

तैयारी का टाइम नहीं मिला भारतीय लीग को विलेन बताने वाले पंडितों का तर्क है कि आईपीएल के कारण भारतीय खिलाड़ियों को डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों का टाइम नहीं मिला और टीम बिना प्रैक्टिस मैच के उतर गई। 29 मई को इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल खेला गया। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम का आखिरी जत्था इंग्लैंड के लिए रवाना हुआ। मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा कि उन्हें तैयारी के लिए बहुत कम टाइम मिला। इतने बड़े मैच से पहले उन्हें 20-25 दिन की प्रैक्टिस करना चाहिए।

खिलाड़ी खराब शॉट पर आउट रहाणे, कोहली, रोहित और गिल सहित कई खिलाड़ी गलत शॉट पर आउट हुए। दूसरी पारी में कोहली और रहाणे के विकेटों पर गौर करें तो ये दोनों बाहर जाती छठे स्टंप

की बॉल को खेलने के प्रयास में आउट हुए हैं, जबकि टेस्ट क्रिकेट ऐसी बॉल को छोड़ा जाता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यदि भारतीय बल्लेबाजों ने मैच से पहले प्रैक्टिस की होती, तो ऐसे गलत शॉट खेलकर आउट न होते। इस तरह के शॉट ज्यादा टी-20 खास कर आईपीएल की देन हैं।

केएल राहुल चोटिल हुए तो भरत को खिलाना पड़ा आईपीएल के पिछले सीजन में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल चोटिल हो गए और उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल से भी बाहर होना पड़ा। राहुल कार हादसे से बाहर चल रहे ऋषभ पंत का इकलौता विकल्प थे। राहुल के चोटिल होने के बाद केएस भरत को मौका दिया गया। यदि राहुल मौजूद होते तो टीम इंडिया की बैटिंग लाइन को और मजबूती देते।

टाइम कम होने का पॉइंट कितना वैलिड

अब तक 7 बार टीम इंडिया आईपीएल खत्म होने के 1 महीने के अंदर कोई आईसीसी टूर्नामेंट खेलने उतरी है। 6 में गैप 4 से 13 दिन का ही रहा, वहीं वनडे वर्ल्ड कप 2019 के दौरान टीम को

IPL से ICC ट्रॉफी पर असर

1992 से 2007 तक भारत

टूर्नामेंट	एडिशन	फाइनल	ट्रॉफी
चैंपियंस ट्रॉफी	5	2	1
वनडे वर्ल्ड कप	5	1	0
टी-20 वर्ल्ड कप	1	1	1
टोटल	11	4	2

2008 के बाद से भारत

टूर्नामेंट	एडिशन	फाइनल	ट्रॉफी
चैंपियंस ट्रॉफी	3	2	1
वनडे वर्ल्ड कप	3	1	1
टी-20 वर्ल्ड कप	7	1	0
वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप	2	2	0
टोटल	15	6	2

तैयारियों के लिए 23 दिन का समय मिला था।

जिन 6 टूर्नामेंट में भारत को आईपीएल के बाद सिर्फ 4 से 13 दिन का समय मिला उनमें 2013 और 2017 की चैम्पियंस ट्रॉफी भी शामिल है। 2013 में भारत चैम्पियन बना था वहीं, 2017 में फाइनल में हारा था। इनमें तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2009, 2010 और 2021) भी शामिल हैं। भारत इन तीनों के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सका।.

वनडे में स्कोरिंग रेट तेज हुआ

18 अप्रैल 2008 से भारत में फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट आईपीएल शुरू हुआ। 20-20 ओवर के इस फॉर्मेट के आने से टीम इंडिया का स्कोरिंग रेट तेज हुआ। 1992 से 2007 तक भारत वनडे में 4.96 के रन रेट से स्कोर रहा था, वहीं 2008 के बाद से टीम 5.68 रन प्रति ओवर के हिसाब से स्कोर करने लगी।

वनडे में टीम करीब 49% मैच ही जीत पाती थी, लेकिन आईपीएल के बाद भारत ने करीब 62% मुकाबले जीते। टीम को 2008 के बाद 32% मैचों में ही हार मिली। उससे पहले के 16 सालों में ये आंकड़ा करीब 46% पर था। टीम इंडिया ने इस दौरान करीब 100 मैच कम खेले, लेकिन टीम का विनिंग रेट पहले के मुकाबले आईपीएल के बाद तेजी से बढ़ा।

टेस्ट में टीम के ज्यादातर मैच पहले ड्रॉ होते थे और टीम का जीत परसेंट भी कम था। आईपीएल आने के बाद ड्रॉ मैचों की संख्या भी कम हुई और भारत अब 50% से ज्यादा टेस्ट जीतने लगा है। 1992 से 2007 तक टीम इंडिया करीब 35% मैच ही जीत पाती थी, इस दौरान टीम ने करीब 39% ड्रॉ मुकाबले भी खेले। जबकि आईपीएल के बाद टीम के महज 21% मैच ही ड्रॉ रहे।

इतना ही नहीं टीम इंडिया में इस वक्त मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, जसप्रीत बुमराह, शार्दूल ठाकुर, थंगारसु नटराजन, प्रसिद्ध कृष्णा और उमरान मलिक जैसे पेसर्स के ऑप्शन हैं, जो लगातार 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदें फेंक रहे हैं। इनकी ही बदौलत टीम इंडिया ने विदेश में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को टेस्ट हराए और लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीस फाइनल में जगह बनाई।

टी-20 और आईपीएल एक ही साथ आए

भारत के लिए आईपीएल और टी-20 क्रिकेट लगभग एक ही साथ आए, ऐसे में दोनों का ग्रोथ भी एक जैसा ही हुआ। भारत ने टी-20 फॉर्मेट में अपनी पहली ट्रॉफी 2007 में IPL के पहले जीती थी, लेकिन आईपीएल के बाद टीम इंडिया में कई टैलेंटेड प्लेयर्स ने जगह बनाई। लिमिटेड ओवर्स टीम के उप कप्तान हार्दिक पंड्या उन्हीं में से एक हैं।

इनके अलावा वरुण चक्रवर्ती, बुमराह, सूर्यकुमार यादव, क्रुणाल पंड्या, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, दीपक हुड्डा जैसे कई टैलेंटेड प्लेयर्स ने आईपीएल में अच्छा करने के बाद टीम इंडिया में जगह बनाई। सूर्या तो पिछले 2 सालों में टी-20 बैटर्स रैंकिंग में नंबर-1 प्लेयर भी हैं।

3 साल बाद देवधर ट्रॉफी की वापसी

जुलाई में पुडुचेरी में मुकाबले; दलीप ट्रॉफी से डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत

मुंबई, 14 जून (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग के खत्म होते ही भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट की वापसी हो गई है। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज के मुताबिक 28 जून को दलीप ट्रॉफी के बाद 24 जुलाई से देवधर ट्रॉफी के मुकाबले खेले जाएंगे। इस साल के मुकाबले पुडुचेरी खेले जाएंगे। 50 ओवर वनडे टूर्नामेंट की वापसी तीन साल बाद हो रही है। आखिरी बार देवधर ट्रॉफी 2019 में खेली गई थी।

3 टीमों के बीच खेला जाता है टूर्नामेंट

देवधर ट्रॉफी भारत का लिस्ट ए टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट 3 नेशनल लेवल की टीम इंडिया ए, इंडिया B और इंडिया सी के बीच खेला जाता है। तीनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ 2-2 बार खेलती हैं। टॉप 2 टीमों के बीच फाइनल होता है। 2019-20 सीजन के फाइनल में इंडिया B ने इंडिया सी को 51 रन से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था।

पहले यह टूर्नामेंट जोन के बीच खेला जाता था। इसके बाद 2015 से 2018 के बीच टूर्नामेंट इंडिया ए, इंडिया बी और विजय हजारे

भारतीय क्रिकेट के घरेलू सीजन का शेड्यूल (2023-24)

टूर्नामेंट	कब से कब
दलीप ट्रॉफी	28 जून से 16 जुलाई
देवधर ट्रॉफी	24 जुलाई से 3 अगस्त
ईरानी कप	1-5 अक्टूबर
सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी	16 अक्टूबर से 6 नवंबर
विजय हजारे ट्रॉफी	23 नवंबर-15 दिसंबर
रणजी ट्रॉफी	5 जनवरी, 2024 से 14 मार्च

ट्रॉफी के विजेता के बीच खेला जाता था। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट इंडिया ए, इंडिया B और इंडिया सी के बीच खेला जाने लगा।

28 जून से दलीप ट्रॉफी, फिर लगातार टूर्नामेंट

भारतीय क्रिकेट के 2023-24 घरेलू सत्र की शुरुआत दलीप ट्राफी टूर्नामेंट के साथ होगी, जो 28 जून से खेला जाएगा। जबकि प्रमुख रणजी ट्राफी का आयोजन अगले साल 5 जनवरी से होगा। दलीप ट्रॉफी 6 जोनल टीमों के बीच खेली जाएगी। उसके बाद ईरानी कप 1 से 5 अक्टूबर, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 अक्टूबर से 6 नवंबर और विजय हजारे ट्रॉफी 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेली जाएगी।

सीनियर विमेंस डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत 19 अक्टूबर से

सीनियर महिला सीजन की शुरुआत नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के साथ होगी। यह 19 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी 4 से 26 जनवरी के बीच आयोजित होगी।

सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी और वनडे ट्रॉफी में पांच ग्रुप होंगे। इसके दो में आठ-आठ टीमें और तीन ग्रुप में सात-सात टीमें होंगी। पांच ग्रुप में से हर टीम की टॉप दो टीमें नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

एशिया-कप चैंपियन बनने वाली टीम में 5 खिलाड़ी हरियाणा से

कप्तान प्रीति के पिता राज मिस्त्री, बुखार होने पर भी मंजू चौरसिया खेलने उतरीं

चंडीगढ़, 14 जून (एजेंसियां)। भारत ने जापान में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा। भारत का यह पहला महिला जूनियर हॉकी खिताब है। टीम में कप्तान प्रीति व उपकप्तान दीपिका समेत 5 खिलाड़ी हरियाणा की हैं। टीम ने इस टूर्नामेंट में कुल 40 गोल दागे। इनमें 25 गोल हरियाणा की खिलाड़ियों की स्टिक से निकले। जींद की अन्नू 12 गोल के साथ सीरीज की टॉप स्कोरर बनीं। हिसार की दीपिका ने 10 गोल दागे। जानिए हरियाणा की इन चैम्पियन खिलाड़ियों के संघर्ष और कामयाबी की कहानी...

कप्तान प्रीति के पिता राज मिस्त्री हैं

कप्तान प्रीति के पिता राज मिस्त्री हैं। परिवार का जीवन स्तर सुधारने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया। परिजनों से छिपकर कोच प्रीतम सिवाच से हॉकी सीखी। डिफेंडर से लेकर मिडफील्डर की भूमिका को इस बेहतर ढंग से निभाया कि सलेक्टर्स ने भारतीय टीम का कप्तान बना दिया।

अन्नू का बचपन का सपना पूरा

अन्नू बचपन से खुद को भारतीय हॉकी टीम की ड्रेस में देखती थी। दौड़ने में तेज अन्नू प्ले फॉर इंडिया के जरिए चुनी गईं। परिजन उनकी रफ्तार को देख एथलीट बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी रुचि हॉकी में थी।

दीपिका को कुश्ती रास नहीं आई

दीपिका के पिता बेटी को पहलवान बनाना चाहते थे। इसलिए रेसलिंग के लिए लेकर गए। उसे खेल रास नहीं आया। कोच ने पूछा कि तुम्हें कौन सा खेल खेलना है। उन्होंने हॉकी बताया और यहीं से शुरुआत हुई।

बीमारी में भी खेलने उतरी मंजू

सोनीपत की मंजू चौरसिया ने सब जूनियर नेशनल में आंध्रप्रदेश की टीम के खिलाफ तीन गोल दागकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। हालांकि, उस दिन उन्हें बुखार था, फिर भी वे खेलने उतरी थीं।

नीलम महिला विरोधी सोच तोड़कर आगे बढ़ीं

फाइनल में निर्णायक गोल करने वाली नीलम महिला विरोधी मानसिकता तोड़कर आगे बढ़ीं। जब वे अभ्यास के लिए अपने गांव से हिसार जाती थीं तो प्रोत्साहन से कहीं ज्यादा फब्तियां कसी जाती थीं, लेकिन किसान पिता ओमप्रकाश ने उस पर ध्यान देने के बजाए बेटियों को प्रोत्साहित किया। उनके आने-जाने का इंतजाम किया और हर हालात में साथ दिया।

2026 वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे मेसी

कहा- मैं अगले वर्ल्ड कप में नहीं जाऊंगा, 2022 आखिरी था

खेल डेस्क, 14 जून (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी 2026 वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। मेसी इन दिनों एक इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए चीन पहुंचे हैं। मेसी से चीन के एक अखबार ने सवाल पूछा, कि क्या वह 2026 वर्ल्ड कप में खेलेंगे, इस सवाल के जवाब में मेसी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता। यह मेरा आखिरी वर्ल्ड कप था। मैं अगले वर्ल्ड कप में नहीं जाऊंगा।

मेसी ने अपनी कप्तानी में फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना को चैंपियन बनाया था। मेसी ने आगे कहा, 'वर्ल्ड कप हासिल करने के

बाद, जिसकी कमी मुझे खल रही थी, मैं अपने करियर को लेकर अब संतुष्ट हूं। मैं अगला वर्ल्ड कप देखने के लिए वहां रहना चाहता हूं, लेकिन मैं इसमें हिस्सा नहीं लूंगा।'

साल 2022 में खेला गया वर्ल्ड कप मेसी के करियर का पांचवां वर्ल्ड कप था। इससे पहले, उन्होंने साल 2006, 2010, 2014 और 2018 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था। 35 साल के मेसी ने पांच वर्ल्ड कप में 26 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उनके नाम 13 गोल है।

मेसी ने अपने करियर में 174 इंटरनेशनल मैचों में 102 गोल किए हैं और वे अर्जेंटीना के लिए अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी तीसरे स्थान पर हैं। एक्टिव प्लेयर्स में गोल करने के मामले में वे दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची में पहले स्थान पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो (122 गोल) काबिज हैं।

एशेज सीरीज कल से: वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के सामने 46 दिन की जंग

लंदन, 14 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन बन गया है। कई टीमों के लिए चैम्पियन बनना अंतिम पड़ाव होता, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं। टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल कंगारू टीम के लिए लंबे इंग्लिश समर की शुरुआत है। अब 46 दिन लंबी जंग में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया एशेज के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के सामने कई सवाल थे। इनमें से कुछ का जवाब उन्हें फाइनल के जरिए मिल गया। मसलन स्मिथ ने फॉर्म हासिल कर ली।

फाइनल के शतकवीर ट्रेविस हेड पिछली बार की तरह इस बार

भी रनों का अंबार लगाने के लिए तैयार दिख रहे हैं। स्कॉट बोलैंड के रूप में टीम को तीसरा पेसर मिल गया। दूसरी ओर, इंग्लैंड बैजबॉल तकनीक के साथ पूरी तरह तैयार है। वही बैजबॉल, जिसकी मदद से इंग्लैंड ने पिछले 12 में से 10 टेस्ट जीते। मैक्कुलम के कोच व स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने इसे अपनाया और उनका गेम पूरी तरह से बदल गया। ऑस्ट्रेलिया के लगातार चौथी एशेज रिटेन करने में बैजबॉल बड़ी बाधा बन सकती है।

हेजलवुड के अनफिट होने का फायदा बोलैंड को मिला। फाइनल में उन्होंने कोहली और जडेजा को 3 गेंद के अंदर आउट कर मैच का रुख पलट दिया। हेजलवुड के फिट होने के बाद कप्तान कमिंस के सामने तीसरे बॉलर के रूप में बोलैंड व हेजलवुड के बीच में एक को लेने की चुनौती होगी।

फाइनल में स्टार्क की गेंदबाजी में रिदम की कमी नजर आई। वहीं, कमिंस अनुशासनहीन रहे। उन्होंने 9 नो बॉल कीं। फाइनल में जीत के बाद शायद ऑस्ट्रेलिया को नो बॉल ज्यादा न अखरे, लेकिन फॉर्म में दिख रहे रहाणे को कमिंस की नो बॉल की वजह से जीवनदान मिला था।

ऑस्ट्रेलिया के हेड 2021 एशेज में टॉप स्कोरर थे। उन्होंने फाइनल में 163 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। एशेज से पहले फॉर्म हासिल करने से आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

स्मिथ एशेज 2021 में केवल 30 की औसत से 244 रन बना पाए थे। एक भी शतक नहीं बनाया था।

इसलिए एशेज 2019 में 700+ रन बनाने वाले स्मिथ पर सवाल थे कि क्या वे इस बार इंग्लैंड में रनों का अंबार खड़ा कर पाएंगे। इसका जवाब उन्होंने भारत के खिलाफ पहली पारी में शतक लगाकर दे दिया है।

सीएसके के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने सगाई की

नाभा से स्कूल में हुआ था प्यार

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग की मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने सगाई कर ली है। 28 साल के इस तेज गेंदबाज ने अपनी बचपन की दोस्त नाभा गदमवार को इंगेजमेंट रिंक पहनाई।

देशपांडे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सगाई के फोटो के साथ यह जानकारी दी। पोस्ट में उन्होंने लिखा- 'मेरी स्कूल क्रश अब मंगेतर बन चुकी है।'

नाभा और तुषार बचपन के दोस्त हैं। तुषार स्कूल के दिनों से ही नाभा को पसंद करते थे। तुषार और नाभा ने टेस्ट क्रिकेट में

इस्तेमाल होने वाली लाल लेदर गेंद भी रखी गई थी। इसी के ऊपर दोनों अंगूठियां रखकर तुषार और नाभा ने फोटो खिंचाई। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई।

तुषार देशपांडे की सगाई में चेन्नई के ऑलराउंडर शिवम दुबे और उनकी पत्नी अंजुम खान भी पहुंची थीं। क्रिकेटर धुमिल भी इस समारोह का हिस्सा बने। अंजुम ने इस सगाई की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में शेयर की हैं। शिवम दुबे और तुषार काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने इस साल चेन्नई को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया है। तुषार देशपांडे आईपीएल इतिहास के पहले इंपैक्ट प्लेयर रहे हैं, वहीं शिवम दुबे ने अधिकतर मैचों में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में कमाल का प्रदर्शन किया है।

क्रिकेट जगत में इन दिनों शादियों की बयार चल रही है। कुछ दिन पहले चेन्नई के ही ऋतुराज गायकवाड़ ने उत्कर्षा पवार के साथ शादी की थी। इसके बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी शादी के बंधन में बंध गए। अब तुषार देशपांडे ने भी सगाई कर ली है।

हैंडबॉल लीग : गम बॉल से ट्रेनिंग कर कमाल कर रहे खिलाड़ी

कोच बोले- नेशनल लेवल पर भी ऐसी सुविधाएं जरूरी

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। अजय दब्बास का कहना है कि इस प्रकार की सुविधाएं अगर नेशनल लेवल पर भारतीय खिलाड़ियों को लगातार मिलें तो भारतीय टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकती है। प्रीमियर हैंडबॉल लीग में महाराष्ट्र आयरनमैन की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अंक तालिका में यह टीम शीर्ष पर मौजूद है और खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। महाराष्ट्र आयरनमैन के असिटेन्ट कोच अजय दब्बास भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। उन्होंने इस दमदार प्रदर्शन का श्रेय लीग के शुरू होने से पहले लगे कैम्प को दिया है, जिसमें खिलाड़ियों को

ट्रेनिंग के लिए बेहतरीन सुविधाएं मुहैया कराई गई थीं।

अजय दब्बास का कहना है कि कैम्प में खिलाड़ियों ने जमकर मेहनत की जिसका असर कोर्ट पर दिख रहा है। उन्होंने यह भी बताया की इस प्रकार की सुविधाएं अगर नेशनल लेवल पर भारतीय खिलाड़ियों को लगातार मिले तो भारतीय टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकती है।

दब्बास ने कहा ₹खिलाड़ियों ने कैम्प में काफी मेहनत की थी जिसका असर कोर्ट पर दिख रहा है। किसी भी हैंडबॉल टूर्नामेंट से पहले कैम्प कितने दिन का लगता है यह बहुत मायने रखता है। हम जब विदेश में जाते हैं तो वहां गम बॉल (हैंडबॉल के लिए इस्तेमाल की जाने वाली स्पेशल बॉल) के साथ खेलना होता है और एशियन गेम्स एवं ओलंपिक खेलों में भी गम बॉल उपयोग की जाती है जो हैंडबॉल लीग में भी इस्तेमाल की जा रही है। हालांकि, भारत में नेशनल लेवल पर हैंडबॉल की आम बॉल इस्तेमाल की जाती है जिसमें बदलाव होना चाहिए। इंडिया का जब कैम्प लगता है केवल उसी में गम बॉल का उपयोग होता है।

उन्होंने आगे कहा, ₹हमने महाराष्ट्र आयरनमैन के कैम्प में गब बॉल का इस्तेमाल किया तो। महाराष्ट्र आयरनमैन के साथ जैसे स्ट्रैंथ एंड कंडिशनिंग कोच अलग से हैं, हमें एक मसूज भी दिया गया है और फिजियो भी जोकि खिलाड़ी की रिकवरी के लिए बहुत जरूरी होता है। जब इतने लोग होते हैं तब कोच के पास एक की काम होता है कि वो रणनिती बनाए।

तेलंगाना में आध्यात्मिक गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता : केटीआर

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और नगरपालिका प्रशासन मंत्री केटी रामाराव ने कहामुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर रावशायद देश के एकमात्र राजनीतिक नेता थे जिन्होंने खुले तौर पर घोषणा की थी कि उन्होंने अपने विश्वास का पालन किया और बड़े पैमाने पर यज्ञ किए। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव सरकार के तहत तेलंगाना में आध्यात्मिक गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वह बुधवार को टीटीडी के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी के साथ सिरसिला में लक्ष्मी वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण कार्यों की नींव रखने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। टीटीडी मंदिर में गर्भगृह और कल्याण मंडपम के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

मंत्री ने कहा कि चाहे वह यज्ञ कर रहे हों या यादाद्री मंदिर का पुनर्निर्माण, कालेश्वरम परियोजना के निर्माण से लेकर तेलंगाना में कृषि को बदलने तक, मुख्यमंत्री ने उन सभी को महसूस किया है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने तेलंगाना में विकास की एक झलक दिखाई है। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना में एक समावेशी और व्यापक विकास किया जा रहा है जो सभी मोर्चों पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये मंजूर करने के लिए वाईवी सुब्बा रेड्डी को धन्यवाद दिया और तिरुमाला मंदिर की तर्ज पर मंदिर के 'गर्भालय' को विकसित करने में मंदिर के न्यासियों के अनुरोधों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया।

पुलिस कांस्टेबल व एसआई उम्मीदवारों के लिए प्रमाणपत्र सत्यापन शुरू

वारंगल, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। स्टाइपेंडरी सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और कांस्टेबल के पदों के लिए अंतिम लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों की जांच बुधवार को हनमकोंडा में वारंगल पुलिस आयुक्तालय कार्यालय में शुरू हो गई है। यह स्क्रूटनी प्रक्रिया वारंगल, हनमकोंडा और जनगांव जिलों के उम्मीदवारों के प्रमाणपत्रों पर केंद्रित होगी। प्रमाण पत्रों की जांच 26 जून तक कार्यालय के रुद्रमा देवी हॉल में चलेगी। उम्मीदवारों को अपने मूल प्रमाण पत्र, जैसा कि अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट तिथियों पर निर्दिष्ट किया गया है, प्रस्तुत करना आवश्यक है। वारंगल पुलिस आयुक्तालय के तहत कुल 7,706 उम्मीदवारों की जांच की जाएगी और इस उद्देश्य के लिए 15 काउंटर स्थापित किए गए हैं। प्रमाणपत्र परीक्षा के दौरान, अधिकारी आवेदन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन करेंगे। इसके अतिरिक्त,तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्डने उम्मीदवारों को आवेदन के दौरान की गई किसी भी गलती को सुधारने का अवसर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सुधार करने के लिए उम्मीदवारों को नियुक्ति बोर्ड द्वारा निर्धारित पूरी फीस का भुगतान करना होगा। पहले दिन बुधवार को छह सौ अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच की गई।

प्रमाणपत्र परीक्षा प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान, वारंगल पुलिस आयुक्त एवी रंगनाथ ने व्यक्तिगत रूप से कार्यवाही का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि उम्मीदवारों को होने वाली असुविधा को कम करते हुए सुचारू और त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सत्यापन काउंटर स्थापित करें।

डीसीपी (अपराध) मुरलीधर, प्रशिक्षु आईपीएस अंकित, एसीपी (अपराध) डेविड राजू और अन्य ने छानबीन प्रक्रिया में भाग लिया।

दमरे ने चौकीदार वाले समपार फाटकों पर सुरक्षा बढ़ाने के उपाय किए

दमरे आज मनाएगा 'अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय क्रॉसिंग जागरूकता' दिवस

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे पूरे ज़ोन में मानवयुक्त समपार फाटकों पर सुरक्षा को मजबूत करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस संबंध में, जोन जागरूकता फैलाने और सड़क यात्रियों को सावधान करने के लिए कई उपाय कर रहा है। इसके अलावा, जोन ने चरणबद्ध तरीके से मानवयुक्त समपार फाटकों को हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया है और कार्य तेजी से प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष, 2022-23 के दौरान कुल 80 मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग को दमरे क्षेत्राधिकार पर रोड अंडर ब्रिज (आरयूबीएस), रोड ओवर ब्रिज (आरओबीएस) और लिमिटेड हाइट सबवे (एलएसएस) के निर्माण के साथ बदल दिया गया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में, दमरे मिशन मोड पर मानवयुक्त एलसी को खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है। अब तक, मानवयुक्त सात समपारों को हटा दिया गया है और जोन ने वित्तीय वर्ष के अंत तक और अधिक मानवयुक्त समपारों को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। 15 जून, 2023 को इंटरनेशनल लेवल क्रॉसिंग अवेयरनेस डे मनाने के इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे के निर्णय के अनुसार, दक्षिण मध्य रेलवे सड़क उपयोगकर्ताओं को संवेदनशील बनाने और लेवल क्रॉसिंग गेटों के आसपास सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने के अभियान में भाग ले रहा है। उसी के हिस्से के रूप में, जोन बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान आयोजित करेगा, समपारों पर विशेष जांच करेगा और समपारों पर दुर्व्यवहार के खतरों के बारे में जन जागरूकता में सुधार के लिए नुक्कड़-नाटक आयोजित करेगा। दक्षिण मध्य रेलवे रेलवे फाटक को आने वाली ट्रेन के लिए बंद रखने पर अनिवार्य सावधानी बरतने का संकेत देने वाली वैधानिक चेतावनी के साथ सावधानी/संकेत बोर्डों के कार्यान्वयन द्वारा एलसी पर सुरक्षा को मजबूत कर रहा है। इसके अलावा, जोन एलसी पर निम्नलिखित नियमों और विनियमों के महत्व पर सड़क यात्रियों को सचेत करने के लिए जागरूकता अभियान भी चला रहा है। रेलवे समपार फाटकों को पार करते समय सभी सड़क वाहन मालिकों/उपयोगकर्ताओं से सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए सहयोग मांगता है जैसे कि समपारों पर ट्रैक पार करने से पहले दोनों दिशाओं में ट्रेन को रोकना और देखना। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दमरे ने सड़क उपयोगकर्ताओं और वाहन चालकों से सतर्क रहने और रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर नियमों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने सड़क उपयोगकर्ताओं को सलाह दी कि वे वाहन चलाते समय सतर्क रहें और सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी कर दूसरों के कीमती जीवन को खतरे में न डालें। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष के लिए लक्षित मानवयुक्त एलसी को समाप्त करने के लिए उसी प्रयास को जारी रखने की सलाह दी।

तेलंगाना में साइबर हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीएससीएसबी) में जल्द ही एक पूर्ण सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया जाएगा और इसका कार्य विश्व स्तर पर हो रहे साइबर हमलों और तेलंगाना में रोकथाम के अध्ययन के इर्द-गिर्द घूमेगा। विश्व स्तर पर होने वाले हर साइबर हमले का गहन अध्ययन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, टीएससीएसबी, विश्वजीत कंपति ने कहा कि विश्लेषण के आधार पर, हम सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों के लिए समान विकास को रोकने के लिए सावधानी बरतने का सुझाव देंगे। हमले की स्थिति में, अन्य हितधारकों के साथ एसओसी साइबर अपराधों का पता लगाएगा। आने वाले दिनों में, एसओसी एक परिषद का गठन करेगी जिसमें विभिन्न कंपनियों के विशेषज्ञ और अधिकारी सदस्य होंगे और साइबर सुरक्षा व साइबर स्वच्छता का पालन करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करेंगे। हर कॉर्पोरेट कंपनी और सरकारी कार्यालय में एक व्यक्ति होना चाहिए जिसे साइबर सुरक्षा का ज्ञान होना चाहिए। वे परिषद के साथ समन्वय करेंगे। साथ ही, सरकारी और गैर-सरकारी दोनों केंद्रों में सुरक्षा संचालन केंद्र द्वारा साइबर स्वच्छता और सुरक्षा के बारे में जागरूकता का कार्य किया जाएगा। वर्तमान में, एसओसी की विशेष टीमें साइबर सुरक्षा उल्लंघनों और विश्व स्तर पर हुए हमलों से परिचित होने के लिए सभी पुराने मामलों का अध्ययन कर रही हैं।

हैदराबाद में जी-20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक आज से

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए हैदराबाद में होगा। 15-17 जून 2023 से शुरू होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के कृषि मंत्री और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के महानिदेशक शामिल होंगे। पहले दिन की शुरुआत ई राज्य मंत्री, कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कैलाश चौधरी द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ होगी। प्रदर्शनी कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी। उद्घाटन के बाद कृषि प्रतिनिधि बैठक (एडीएम) होगी। दूसरी छमाही में शीर्ष भारतीय कृषि-आधारित कंपनियों की भागीदारी के साथ "लाभ, लोगों और ग्रह के लिए कृषि व्यवसाय का प्रबंधन" और "डिजिटल रूप से डिस्कनेक्टेड कनेक्टिंग: हार्नेसिंग द पावर ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजीज इन एग्रीकल्चर" नामक दो साइड इवेंट होंगे। कृषि-व्यवसाय कंपनियों के प्रचार में शामिल यूपीएस और केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियां। बैठक के दूसरे दिन की शुरुआत केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी-20 बैठक में भाग लेने वाले मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों का स्वागत करते हुए करेंगे। इस दिन के मंत्रिस्तरीय कार्यक्रमों में तीन समानांतर सत्रों में "खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए सतत कृषि" पर चर्चा और महिलाओं के नेतृत्व वाली कृषि, टिकाऊ जैव विविधता और जलवायु समाधान पर उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय चर्चा शामिल होगी।

नकली कपास बीज रैकेट का भंडाफोड़

10 टन नकली कपास के बीज जब्त

नलगोंडा, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। टास्कफोर्स और नरकटपल्ली पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में बुधवार को एक तीन सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया और उनके पास से 1.8 करोड़ रुपये मूल्य के 10 टन नकली कपास के बीज जब्त किए। गिरफ्तार किए गए गिरोह के सदस्य सिकंदराबाद के गोरंटला नागार्जुन (43), पालनाडु जिले के अग्रेपाडु के गद्दाम रवींद्र बाबू (29) और आंध्र प्रदेश के नंद्याल जिले के जिलेला गांव के मेरिगे वेणु (40) थे। आंध्र प्रदेश के मदनपल्ली से गिरोह का एक अन्य सदस्य नरसिम्हा फरार है।

पुलिस अधीक्षक के अपूर्व राव ने कहा कि नकली बीज विपणन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकार के निर्देश के बाद जिला पुलिस ने जिले में संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों पर कृषि अधिकारियों की मदद से निगरानी तेज कर दी है। विश्वसनीय सूचना पर टास्क फोर्स और नरकटपल्ली पुलिस ने एक वाहन को पकड़ा और नकली बीज के दो पैकेट बरामद किए। वाहन में सवार तीन व्यक्तियों से पूछताछ करने पर, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने कर्नाटक के कुछ किसानों से निम्न गुणवत्ता वाले बीज खरीदे थे और उन्हें आंध्र प्रदेश के गुंटूर के दाचेपल्ली में एक गोदाम में संग्रहीत किया है। इसके बाद वे नकली बीजों की तस्करी कर महाराष्ट्र के नागपुर में किसानों को ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने गोदाम से 10 टन नकली बीज जब्त किया है। एसपी, जिन्होंने कहा कि जब्त किए गए बीजों को जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति द्वारा प्रतिबंधित किया गया था, ने कहा कि नकली बीजों के विपणन में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ पीडी अधिनियम लागू किया जाएगा।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सूर्यापेट, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सूर्यापेट जिले के नगरम में बुधवार को एक 46 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। पिछले तीन दिनों से लापता नगाराम की कान्नेबोइना नागम्मा को बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने गांव के एक कृषि कुएं में मृत पाया। स्थानीय लोगों ने जब उसका शव पानी में तैरता देखा तो नगराम पुलिस को सूचना दी, जिसने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, नगम्मा के रिश्तेदारों ने तीन दिन पहले नगरम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि वह लापता है। शव मिलने पर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आगे की जांच जारी है।

इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संयुक्त उद्यम)
(An ISO 9001, 14001 & 45001 Certified Company)
निविदा सूचना
आईएफबी सं.: IPRCL/MUMBAI/PROJECTS/VPA/HG/2023
दिनांक: 15.06.2023
आईपीआरसीएल "व्हीपीए, विशाखापट्टणम् में 38 टीकेएम के ओएचई कार्य के संदर्भ में 32 सं. के एस सी गेंटस् पर उँचाई गेजेस का प्रबंध" इस कार्य के हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
निविदा दस्तावेज 15.06.2023 से 06.07.2023 तक www.etenders.gov.in/eprocure/app इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट हो तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रसारित किया जाएगा।

निर्मल ने हासिल की स्वास्थ्य क्षेत्र में शानदार वृद्धि : इंद्रकरन रेड्डी

निर्मल, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। वन मंत्री अलोला इंद्रकरन रेड्डी ने कहा कि जिले ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट विकास हासिल किया है। बुधवार को यहां चिकित्सा और स्वास्थ्य दिवस में भाग लेते हुए, मंत्री ने कहा कि नव निर्मित जिले ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है। राज्य सरकार कॉरपोरेट की तर्ज पर अस्पतालों का विकास कर रही थी। इसने ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अस्पतालों में सुधार किया है। अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अलावा विभिन्न डायग्नोस्टिक सेवाएं मुफ्त में दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा 50 बिस्तरों वाले मातृ एवं शिशु अस्पताल को जल्द ही 50 लाख रुपये खर्च करके 80 बिस्तरों वाली सुविधा में अपग्रेड किया जाएगा, उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय अस्पताल और कस्बे में स्थित अन्य सुविधाओं में 450 बिस्तर उपलब्ध होंगे। इससे पहले, रेड्डी ने जिला मुख्यालय अस्पताल के परिसर में 23.%5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से स्थापित होने वाले 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की नींव रखी।

डेक्कन क्रॉनिकल के प्रमोटर वेंकटराम रेड्डी और पी.के. अय्यर गिरफ्तार

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (डीसीएचएल) के पूर्व प्रमोटर्स टी. वेंकटराम रेड्डी और पी.के. अय्यर को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक फ्रॉड का मामला है।

ईडी ने इसी मामले में कंपनी के ऑडिटर मणि ओमन को भी गिरफ्तार किया है। तीनों से ईडी ने मंगलवार को पूछताछ की थी और जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में देर शाम गिरफ्तार किया था।

उन्हें हैदराबाद में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत में पेश किया जा रहा है। 2013 में, बैंकों के एक संघ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को ऋणों का भुगतान न करने के बारे में शिकायत की थी, जिससे जांच एजेंसी को मामला दर्ज करने के लिए प्रेरित किया गया था। ईडी ने सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच शुरू की थी। 2015 में, सीबीआई ने केनरा बैंक से लिए गए 357 करोड़ रुपये के ऋण पर कथित रूप से चूक करने के लिए वेंकटराम रेड्डी और उनके भाई और एक अन्य प्रमोटर टी. विनायक रवि रेड्डी को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लिमिटेड से संबंधित 386 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया था।

तेदेपा ने जनसंपर्क के लिए विशेष बसें चलाईं

अमरावती, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने अपनी आगामी पहल, 'भविष्यतु कू भरोसा' (भविष्य की गारंटी) का खुलासा किया है, जिसका उद्देश्य अपने मिनी-घोषणापत्र के साथ लोगों तक पहुंचना है। तेदेपा अध्यक्ष अत्चेंनायडु ने एक क्षेत्रीय आउटरीच कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की, जो महानाडु के दौरान घोषित पार्टी के घोषणापत्र के व्यापक प्रसार को सक्षम करेगा। प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर के 125 निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष बसों की व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम 30 दिनों तक चलेगा, जिसके दौरान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में टीडीपी के नेता गांवों में पर्याप्त समय बिताएंगे और स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करेंगे। इस आउटरीच प्रयास के हिस्से के रूप में, मिनी-घोषणापत्र में उल्लिखित योजनाओं को स्टिकर के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आसान पहुंच और समझ को अनुमति मिलेगी।

बीआरएस के दो विधायकों के घरों पर आयकर विभाग के छापे

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आयकर (आईटी) के अधिकारी बुधवार को हैदराबाद में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक पी. शेखर रेड्डी और मर्री जनार्दन रेड्डी के परिसरों और तेलंगाना में अन्य स्थानों पर तलाशी ले रहे थे। भोनगिरी विधायक शेखर रेड्डी और नागरकुर्नूल विधायक मर्री जनार्दन रेड्डी के परिसरों के आसपास कड़ी सुरक्षा के बीच तलाशी ली जा रही है। शेखर रेड्डी रियल एस्टेट, खनन, सौर ऊर्जा और लिथियम बैटरी व्यवसायों में तीर्थ समूह के नाम से हैं। कहा जाता है कि कंपनी दक्षिण अफ्रीका में खनन कारोबार में शामिल है। उनकी कंपनी हैदराबाद और कर्नाटक में कई आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को भी पूरा किया है। आईटी अधिकारी दो प्रौद्योगिकी कंपनियों के परिसरों पर भी तलाशी ले रहे थे, जिसमें शेखर रेड्डी की पत्नी वनिता रेड्डी निदेशक बताई जाती हैं। सूत्रों ने कहा कि आईटी अधिकारियों ने 50 टीमों का गठन किया है, जो हैदराबाद में रियल एस्टेट कंपनियों और उनके प्रमोटरों के विभिन्न परिसरों पर कई तलाशी ले रही हैं। वे आयकर भुगतान में कथित अनियमितताओं की जांच के तहत कंपनियों के आय रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं।

आईटी छापे राजनीति से प्रेरित : मेदक सांसद

सिद्दीपेट, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी ने अपने ऊपर आयकर छापे को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। यह कहते हुए कि उनका जीवन एक खुली किताब है, सांसद ने कहा कि वह 1986 से व्यवसाय में हैं, और उन्होंने अपना पैन कार्ड प्राप्त किया और जब से उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया तब से आयकर निर्धारित है। बुधवार सुबह उनके घर पहुंचे आयकर अधिकारियों का उनकी बेटी ने बिना किसी बाधा के स्वागत किया और उनका मार्गदर्शन किया। अपने व्यापार लेनदेन को पारदर्शी बताते हुए रेड्डी ने कहा कि उनकी कंपनी ने दिशानिर्देशों का पालन करते हुए जीएसटी, आयकर और अन्य करों का भुगतान किया है। उनका विदेशी कंपनियों में कोई निवेश नहीं है या किसी विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग नहीं है। यह कहते हुए कि वह सिर्फ एक बहु-राष्ट्रीय परिवहन कंपनी के मालिक हैं, सांसद ने कहा कि छापेमारी सिर्फ उनकी छवि खराब करने के इरादे से की गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें आयकर विभाग से कभी कोई नोटिस नहीं मिला था, लेकिन आयकर अधिकारियों ने छापे के लिए बिना किसी स्पष्ट स्पष्टीकरण के उनके घर पर छापा मारा है, उन्होंने कहा कि कुछ टेलीविजन चैनल भी छापे पर भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोग आसानी से समझ सकते हैं कि ऐसे समय में आयकर छापे क्यों मारे जा रहे हैं जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं।

दमरे ने 17 जून तक 22 एमएमटीएस सेवाएं रद्द कीं

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सिकंदराबाद और सनतनगर स्टेशनों पर रखरखाव कार्यों के कारण 17 जून तक लगभग 22 एमएमटीएस सेवाओं को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है।

रद्द की गई सेवाएं लिंगमपल्ली-हैदराबाद, हैदराबाद-लिंगमपल्ली, फलकनुमा- लिंगमपल्ली, लिंगमपल्ली-फलकनुमा, उम्दानगर-लिंगमपल्ली, लिंगमपल्ली- उमदानगर, रामचंद्रपुरम-फलकनुमा और फलकनुमा-रामचंद्रपुरम और फलकनुमा-हैदराबाद के बीच हैं। एससीआर के अधिकारियों ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे बदलाव पर ध्यान दें और असुविधा से बचने के लिए तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

युग माना की आज विवश है, गौ माता दुखियारी है। लेकिन कल का सूरज देखो, निश्चित जीत हमारी है।
सर्वदलीय गौरक्षा मंच
हैदराबाद (पंजी-1529/12)
प्रस्तुत करते है
एक शाम गौमाता के नाम भजन संध्या
गाय और कृष्ण कथक नृत्य नाटिका | गौ कवि सम्मेलन
गुरुवार, दि. 6 जुलाई 2023 सायं 6-30 बजे से हरि इच्छा तक
सभी भक्तों हेतु प्रसाद : रात्रि 9-45 बजे से
स्थान :
रविन्द्र भारती, लकड़ी का पुल, हैदराबाद.
उद्घाटनकर्ता
गोपाल - मंजू बल्दवा
श्री विष्णु मिश्राजी
बॉलीवुड फिल्म संगीतकार और गायककार
(सुप्रसिद्ध संगीतकार) पद्मश्री रविंद्रजैन दादा के शिष्य
श्री कन्हैयाजी वैष्णव
भजन गायक
श्री अर्जुनजी सिरवी
भजन गायक
श्री इंद्रजीत निर्भीक
कवि (वाराणसी)
कृष्णा और गाय पर कुचीपुड़ी नाट्य
तेलंगाणा की सुप्रसिद्ध नृत्यंगना गुरु माँ श्रीमती सुनीता दिवकरुणी एवं ग्रुप (श्रीमरी कुचिपुड़ी/कथक डांस एकेडमी)
एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या के प्रचार सामाग्री का लोकार्पण
लोकार्पण कर्ता :
पूज्य हरिदर्शन दास स्वामी जी
के कर कमलों से
गुरुवार दिनांक : 15/06/2023 शाम पटेल घनश्याम गुजराती भवन, बसंत टाकीज के पास कार्चीगुड़ा ।
भजन संध्या एवम कवि सम्मेलन के निशुल्क पास हेतु अपने अपने क्षेत्र में संपर्क करें ।
संपर्क सूत्र : पंकज अग्रवाल . (ओल्ड सिटी) 9246550088 * अन्नपूर्णा जी 9949692492 (मनोकामना गौशाला बोराबंडा * श्री लाल पारिख (बेगम बाजार) 9848017110 * चेना राम सीरवी . सुचित्रा/ जीडीमेटला +919700636413 * परमेश्वरी शर्मा . सिकंदराबाद +919885420466 * योगेश अग्रवाल . ओल्ड बोइनपल्ली 7093800118 * तुलसीराम जी बंसल . (वनस्थली पुरम) +919247262215 * गोपाल जी बलदवा . जुबली हिल्स +919000366660 * दीपा अग्रवाल एस आर नगर/ एरागड्ड/ 9603974322 * सुनील अग्रवाल . पतंजलि मेगा स्टार मुशापेट 9032538024 * धनजी भाई पटेल . प्रशांति नगर/बालनगर .+918555091589 * जसमत भाई पटेल .जुबली हिल्स +919848865900 * रिदवेश जागीरदार सुलतान बाजार/कोटि +919849988999 * अरुणा गुप्ता, हाइटेक सिटी ।+919441281850 * ठाकुर जयपाल सिंह नयाल .9849702915 (मोतीनगर)
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेट रोड नें 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, मोबाईल 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.